


रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

# पायनियर

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 27 मार्च 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 212 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### आगामी तीन-चार वर्ष में 200 एयरपोर्ट बनाने का लक्ष्य : सिंधिया



**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में पिछले 65 वर्षों में जो हासिल नहीं हुआ वह पिछले नौ वर्षों में 148 हवाईअड्डे, वाटरड्रोम और हेलिपोर्ट बनाकर पूरा कर लिया गया है तथा अगले तीन से चार सालों के भीतर 200 एयरपोर्ट बनाने के लक्ष्य रखा गया है। सिंधिया ने पहली दिल्ली-धर्मशाला-दिल्ली इंडिगो उड़ान का शुभारंभ किया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय अगले तीन से चार वर्षों के भीतर 200 एयरपोर्ट बनाने के लक्ष्य की दिशा में काम कर रहा है।

### बैंकिंग संकट का बाजार पर रहेगा असर

**मुंबई।** विदेशी बाजारों के कमजोर रुझान से बीते सप्ताह करीब एक प्रतिशत की गिरावट में रहे घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह अमेरिकी बैंकिंग संकट, फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर के आक्रामक रुख समाप्त करने के संकेत, कच्चा तेल, डॉलर इंडेक्स और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के रुख का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 462.8 अंक अर्थात 0.8 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 57527.10 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 155 अंक यानी 0.91 अंक लुढ़ककर 16945.05 अंक पर रहा।

### डल झील की कमल ककड़ी पहुंच रही है विदेश

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि कश्मीर में डल झील कमल ककड़ी विदेश पहुंच रही है और किसानों की आय में वृद्धि हो रही है। मोदी ने रविवार को आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम के 99 वें संस्करण में देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि डल झील, अपने स्वादिष्ट कमल के तनों या कमल ककड़ी, के लिये भी जानी जाती है। कमल के तनों को देश में अलग-अलग जगह, अलग-अलग नाम से जानते हैं। कश्मीर में इन्हें नादरू कहते हैं। कश्मीर के नादरू की मांग लगातार बढ़ रही है।

### हिमाचल में बस की चपेट में आने से युवक की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के जिला सोलन के अर्की के पावघाटी के पास एचआरटीसी बस की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार जामली से शिमला जा रही बस के साथ बाइक सवार की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार बस के नीचे आ गया और मौके पर ही मौत हो गई।

# ट्रक ने सड़क किनारे चल रही 6 बच्चियों को चपेट में लिया, मौके पर 2 की मौत, एक गंभीर व तीन घायल

## आक्रोशित लोगों ने नेशनल हाइवे पर किया चक्काजाम

पायनियर संवाददाता ◄ सारंगढ़
www.dailypioneer.com

सारंगढ़ से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। तेज रफ्तार डंपर ने सड़क किनारे चल रही 6 बच्चियों को रौंद दिया। घटना में दो बच्चियों की मौके पर मौत हो गई। एक कि हालात गंभीर है और तीन अन्य को भी चोट आई है। घटना के बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना रविवार सुबह की है। सारंगढ़ के ग्राम बताउपाली ब में एक पारिवारिक कार्यक्रम था। इसी कार्यक्रम में सिदर मोहल्ले की ये बच्चियां अपने परिजनों के साथ आई थी। सुबह 7 बजे के आसपास सभी छह बच्चियां नेशनल हाइवे रोड किनारे तालाब में नहाने के लिए पैदल सड़क किनारे से जा रही थी। इस दौरान तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भयावह था कि मौके पर दो बच्ची की मौत हो गई। हादसे में तीन अन्य घायल हो गए और एक बच्ची गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आक्रोशित लोगों ने नेशनल हाइवे पर चक्का जाम कर दिया। घटना की सूचना के बाद मौके पर पुलिस की टीम पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझाकर सड़क से हटाया गया। हादसे का शिकार हुई बच्चियों में राखी सिदर 17 वर्ष, कविता सिदर 10 वर्ष, अंजू सिदर 16 वर्ष, भारती सिदर 1 वर्ष, डिंकी सिदर 10 वर्ष, अंतरा सिदर 13 वर्ष शामिल है।










### सीएम ने सड़क दुर्घटना में बालिकाओं की मृत्यु पर गहरा दुः ख व्यक्त किया



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सारंगढ़ तहसील के ग्राम बटाउपाली (ब) में हुई सड़क दुर्घटना में दो बालिकाओं की मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने दुर्घटना में घायल बालिकाओं के त्वरित उपचार के निर्देश जिला प्रशासन के अधिकारियों को दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर दुर्घटना में मृत बालिकाओं के परिवारजनों को 25-25 हजार रूपए की तात्कालिक सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत, पत्नी सहित दो घायल

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर के भानपुरी थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक पिकअप वाहन ने मोटर साइकिल से जा रहे तीन लोगों की टक्कर मार दिया, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गयी और दो अन्य घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मुरकुची निवासी धन सिंह (30) अपनी पत्नी बसंती और भतीजे टिकेश्वर को लेकर मोटर साइकिल से ग्राम तारावंड जा रहा था। वह खंडसरा मालीगुड़ापारा के पास पहुंचे थे तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों उछलकर सड़क पर गिर गए। आसपास के लोगों ने हादसा होते देखा तो पुलिस को सूचना दी।

## तरबूज़ के नीचे से निकला दो करोड़ से अधिक का गांजा



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरायपाली थाना के द्वारा भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा से भरा माजदा वाहन सहित दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया। पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक लाल रंग का माजदा ट्रक में तरबूज के नीचे छुपाकर भारी मात्रा में अवैध रुप गांजा परिवहन करते हुए ओड़िशा से सरायपाली रास्ते होते हुए मध्यप्रदेश ले जा रहा हैं। जिसमें सरायपाली पुलिस ने सक्रियता देखाते हुए मुखबिर के कहे अनुसार पुलिस ने सरायपाली शहर एवं हाईवे से जुड़ा बालसी पेट्रोल पंप के पास माजदा ट्रक क्र. MP 19 GA 5058 को रोका, जिसमें भारी मात्रा में गांजा तरबूज के नीचे छुपाकर मध्यप्रदेश ले जा रहा था। उक्त ट्रक में दो व्यक्ति मौजूद थे जिन्होंने अपना अपना नाम पप्पू पाल पिता लखनपाल, 35 वर्ष, बसाई थाना पन्ना, जिला पन्ना मध्यप्रदेश होना बताया साथ ही दुसरा आरोपी अपना नाम लीलाधर पाल पिता महेश पाल 33 वर्ष बसाई थाना जिला पन्ना मध्यप्रदेश का होना बताया। दोनों आरोपियों को कृत्य अपराध धारा 20ई एन. डी.पी.एस. पाये जाने पर आरोपियों को गिरफ्तार कर धारा 20 (ख) नार्कोटिक्स एक्ट तहत कार्रवाई की गयी। यह कार्यवाही सरायपाली पुलिस की अबतक की सबसे बड़ी कार्यवाही है। जिसमें दस क्विंटल, पचास किलो गांजा एक ट्रक से तरबूज के फलों के नीचे से निकला जो पुलिस के आश्चर्यजनक था। पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बरामद गांजा की कुल किमत दो करोड़ दस लाख रुपये कहा साथ ही जप्त ट्रक की क़ीमत आठ लाख रुपये आंकी गयी।

### दुनिया का सबसे ऊंचा पुल हो रहा है तैयार : वैष्णव

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री वैष्णव ने कटरा श्रीनगर रेल लाइन पर बन रहे दुनिया के सबसे ऊंचे चेनाब पुल का श्रीफल तोड़कर रविवार को उद्घाटन किया और पुल के ऊपर से जा रही रेल पटरी का ट्रॉली में सफर कर जायजा लिया। वैष्णव ने पुल पर बनी रेल पटरी का जायजा लेने के बाद कहा की इस मार्ग पर वंदे भारत ट्रेन चलाई जाएगी और पुल पर 100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से ट्रेन चल सकेगी।

## नड्डा ने 'अबकी बार 200 पार' का दिया नारा, शिवराज की जमकर की तारीफ



डॉ. शिशिर उपाध्याय ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com

आगामी विधानसभा चुनाव के पूर्व मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल आए भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने यहां की धरती पर उतरते ही 'अबकी बार 200 पार' का नारा देते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की जम कर प्रशंसा की। नड्डा ने भोपाल की धरती पर उतरते ही कहा, 'अबकी बार 200 पार'। इसके साथ ही उन्होंने लाड़ली बहना योजना को क्रांतिकारी कदम बताते हुए कहा कि ये महिलाओं के स्वाभिमान की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री चौहान की तारीफ़ करते हुए कहा कि पहले लाड़ली लक्ष्मी और अब लाडली बहना योजना, ये बताता है कि समाज के सशक्तिकरण के लिए हमारे कार्यक्रम किस तरह लक्षित होते हैं। पार्टी सभी वर्ग, समाज को समानता के साथ आगे लेकर बढ़ रही है। गांव, गरीब और वंचितों के साथ प्रदेश की बहनों के सशक्तिकरण के लिए चौहान लाड़ली बहना योजना लेकर आये हैं। पार्टी अध्यक्ष ने कहा कि वे इसके लिए मुख्यमंत्री चौहान और प्रदेश वासियों को बधाई देते हैं। जेपी नड्डा ने विधी विधान से पूजा अर्चना कर नवीन आधुनिक भाजपा प्रदेश कार्यालय का भूमिपूजन कर शिलान्याश किया। पूजा में जेपी नड्डा व उनकी पत्नी मल्लिका नड्डा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह उनकी धर्मपत्नि साधना सिंह चौहान, प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, उनकी पत्नि स्तुति शर्मा शामिल हुई। नड्डा ने गैती चलाकर नवीन कार्यालय का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश, क्षेत्रिय संगठन मंत्री अजय जामवाल, प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव, केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, केन्द्रीय मंत्री ज्योतीरादित्य सिंधिया, प्रहलाद पटेल, समेत कई दिग्गज मौजूद रहे।

### मान ने की फसल खराबी के लिए 15000 प्रति एकड़ मुआवजे की घोषणा



**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने घोषणा की कि हाल के दिनों में बेमौसम बरसात व ओलावृष्टि से फसल को पहुंचे नुकसान के लिए पंद्रह हजार रुपये प्रति एकड़ का मुआवज़ा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने पहले ही गिरदावरी कराने के निर्देश दिये थे और आज प्रभावित इलाकों का दौरा करने के बाद मुआवजे की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह रकम पिछली सरकारों की तरफ से फसल खराबे के लिए दिये जाने वाले मुआवजे के मुकाबले 25 फीसदी है। उन्होंने यह भी दावा किया कि वास्तविक हकदारों को समुचित मुआवजा मिलेगा और जैसा कि अतीत में होता आया है कि 50 रुपये, 62 रुपये, के चेक किसानों को मिलते थे, वैसा नहीं होगा।

### देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से चार मरीजों की मौत

**नयी दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण से चार मरीजों की मौत हुई है और इस दौरान संक्रमण के 832 सक्रिय मामले बढ़े हैं। इस बीच देश में कोरोना टीकाकरण जारी है और इसी क्रम में पिछले 24 घंटों में 7955 लोगों को टीका लगाया गया है। अब तक देश में 220,65,52,279 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक 832 सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 9433 हो गयी है। सक्रिय मामले की दर 0.02 प्रतिशत है।

छत्तीसगढ़ में रविवार को एक मरीज पॉजिटिव मिला। वर्तमान में कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 23 हो गई है।

### भारत की सौर ऊर्जा में प्रगति विश्व के लिए चर्चा का विषय : मोदी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की नवीनीकरण ऊर्जा के क्षेत्र में प्रगति दुनिया भर में चर्चा का विषय है और प्रत्येक भारतीय सौर ऊर्जा का महत्व समझ रहा है। मोदी ने रविवार को आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात के 99 वें संस्करण में देश को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे विश्व में स्वच्छ ऊर्जा, नवीनीकरण ऊर्जा की बात हो रही है। विश्वभर के लोग इस क्षेत्र में भारत की अभूतपूर्व सफलता की जरुर चर्चा करते हैं। भारत की सौर ऊर्जा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा, भारत के लोग तो सदियों से सूर्य से विशेष रूप से नाता रखते हैं। हमारे यहाँ सूर्य की शक्ति को लेकर जो वैज्ञानिक समझ रही है, सूर्य की उपासना की जो परंपराएँ रही हैं, वो अन्य जगहों पर, कम ही देखने को मिलते हैं। मुझे खुशी है कि आज हर देशवासी सौर ऊर्जा का महत्व भी समझ रहा है, और स्वच्छ ऊर्जा में अपना योगदान भी देना चाहता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'सबका प्रयास' की यही भावना आज भारत के सौर मिशन को आगे बढ़ा रही है।




**20 मिनट बाद सभी 36 उपग्रहों को प्रक्षेपण यान से अलग किया गया और चरणबद्ध तरीके से 450 किलोमीटर की ऊंचाई पर पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया**

# इसरो का एलवीएम-एम3/वनवेब-इंडिया 2 मिशन सफल

वार्ता ◄ श्रीहरिकोटा
www.dailypioneer.com



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार को शार रेंज से एक समर्पित दूसरे वाणिज्यिक प्रक्षेपण में एलवीएम-एम3 मिशन को सफलतापूर्वक पूरा किया, मिशन में ब्रिटेन वनवेब के सभी 36 उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में (एलईओ) में स्थापित किया गया। एलवीएम-3 रॉकेट ने साढ़े 24 घंटे की उलटी गिनती के बाद शार प्रक्षेपण केंद्र के दूसरे नंबर के लांच पैड से सुबह नौ बजे निर्धारित समय पर उड़ान भरी और उपग्रहों को एलईओ कक्षा में स्थापित किया। 36 उपग्रहों का कुल वजन लगभग 5,805 किलोग्राम था। इसरो ने कहा कि उड़ान के लगभग 20 मिनट बाद सभी 36 उपग्रहों को प्रक्षेपण यान से अलग किया गया और चरणबद्ध तरीके से 450 किलोमीटर की ऊंचाई पर पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया गया। इसरो ने कहा कि वर्तमान मिशन, एलवीएम3-एम3, न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) द्वारा ब्रिटेन के लिए दूसरा समर्पित वाणिज्यिक उपग्रह मिशन है। इसरो के अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ ने मिशन कंट्रोल सेंटर के वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए इस सफल मिशन के लिए एनएसआईएल, इसरो और वनवेब को बधाई दी। उन्होंने कहा कि श्रृंखला के पहले 16 उपग्रहों को सही कक्षा में स्थापित किया गया है। शेष उपग्रहों की पुष्टि जल्द ही प्राप्त होगी। उन्होंने वैज्ञानिकों से कहा कि इसरो के भारी उपग्रह वाहन ने अच्छा प्रदर्शन किया और अंतरिक्ष यान को सही कक्षा में स्थापित किया। उन्होंने इस प्रक्षेपण यान की विश्वसनीयता की सफलता पर काम करने के लिए इसरो के वैज्ञानिकों को भी धन्यवाद दिया। एलवीएम-3 इसरो के सबसे भारी रॉकेट वाहक वाहन जीएसएलवीएमके-III का नया नाम है, जो कक्षा में सबसे भारी उपग्रहों को स्थापित करने की क्षमता रखता है। इसरो के लिए पिछले महीने सफल एसएसएलवी-डी2/ईओएसओ7 मिशन के बाद 2023 में यह दूसरा प्रेक्षपण है। वनवेब अंतरिक्ष से संचालित एक वैश्विक संचार नेटवर्क है, जो सरकारों, व्यवसायों और समुदायों के लिए कनेक्टिविटी को सक्षम बनाता है। वनवेब के 36 उपग्रहों का पहला सेट एलवीएम3-एम2/वनवेब इंडिया-1 मिशन में 23 अक्टूबर, 2022 को लॉन्च किया गया था। यह वनवेब का 18वां प्रेक्षपण है और इस साल तीसरा है। इसरो ने कहा कि यह प्रेक्षपण कंपनी के लिए एक प्रमुख मील का पत्थर है। वनवेब जल्द ही अपना वैश्विक कवरेज शुरू करने के लिए तैयार होगा। वनवेब के पास वर्तमान में कक्षा में 582 उपग्रह हैं। 36 उपग्रहों के दूसरे प्रेक्षपण के बाद, वनवेब के उपग्रहों की कुल संख्या 618 हो जाएगी। वनवेब भारत सहित वैश्विक कवरेज देने में एक महत्वपूर्ण कदम उठाएगा।

# पुलिस नाकाबंदी को देखकर अंतराज्यीय पशु तस्कर मवेशी से भरा वाहन छोड़कर हुआ फरार

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com





कबीरधाम जिले के थाना तरेगांव जंगल में क्षेत्र के विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि ट्रक क्रमांक यु.पी. 16 ई.टी. 9618 के चालक द्वारा अवैध रूप से मवेशियों को भरकर ग्राम अंधरी कछार तरफ से मवई (म.प्र.) की ओर कत्लखाना ले जा रहा है। की सुचना पर तत्काल थाना प्रभारी के द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुये जिले के अधिकारी गणों को उक्त सूचना से अवगत कराया गया। जिस पर कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला जगदीश उइके के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बोड़ला निरीक्षक व्यासनारायण चुरेन्द्र एवं हमराह स्टाप व सउनि मुकेश कुमार साहु थाना तरेगांव जंगल के हमराह स्टाप के संयुक्त टीम द्वारा ग्राम तरसिंग में नाकाबंदी पाईंट लगाया गया कुछ देर बाद मुखबिर के बताये अनुसार संदिग्ध ट्रक क्रमांक यु.पी. 16 ई.टी. 9618 आते दिखाई दिया जो सामने पुलिस को देखकर नाकाबंदी स्थल से करीबन 200 मीटर पहले ही वाहन को खड़ाकर जंगल व अंधेरा का फायदा उठाकर भाग गया खड़ी वाहन का पुलिस स्टाप द्वारा गवाहों के समक्ष तलाशी लिया गया। जिसमें 12 नग भैसा, 07 नग भैंसी कुल 19 नग भैसा भैंसी पाया गया जिसका तलाशी पंचनामा तैयार किया गया। उक्त मवेशियों को निर्दयता व कुरतापूर्वक गाड़ी में भरकर बिना चारा पानी के ट्रक क्रमांक यु.पी. 16 ई.टी. 9618 में भरकर कत्लखाना ले जाते परिवहन करते पाये जाने से 19 नग भैसा भैसी किमती करीबन 190000/- रू व पुरानी इस्तेमाली ट्रक क्रमांक यु.पी. 16 ई.टी. 9618 किमती करीबन 1000000/- रू कुल जुमला 1190000/- रू. को मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त किया गया व अज्ञात आरोपी ट्रक चालक के विरुद्ध अपराय पंजीबद्ध कर छ.ग. पशु, परि. अधि. 2004 की धारा 4,6, 10 एवं पशु क्रूरता निवा. अधि. 1960 की धारा 11 मोटर यान अधि. 1988 की धारा 66/192 मो. ही एक्ट का पाये जाने से मौके पर देहाती नालसी पर से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बोड़ला निरी. व्यास नारायण चुरेन्द्र, सउनि गोबिन्द चंद्रवंशी प्र.आर. 351 नरेन्द्र नेताम आर. 422, 639 व थाना तेरेगांव जंगल से सउनि मुकेश साहू प्र.आर.398 विरेन्द्र बंजारे, प्र.आर.88 देवनारायण चंद्रवंशी आर. 913, 735 का सराहनीय योगदान रहा है।

# पथरपुंजी में बेमेतरा पुलिस के द्वारा अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा ऐप एवं हमर बेटी हमर मान का ग्रामीणों ने किया जागरूक

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



महिलाओं एवं बेटियों की सुरक्षा के लिए अभिव्यक्ति ऐप एवं हमर बेटी हमर मान के तहत पुलिस अधीक्षक बेमेतरा आई. कल्याण ऐलिसेला (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा बेमेतरा जिले में 'हमर बेटी हमर मान' के माध्यम से अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा ऐप एवं चाईल्ड हेल्पलाईन नंबर 1800-123-6010 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा हैं। इसी कडी में थाना बेरला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पथरपुंजी में थाना बेरला प्रभारी निरीक्षक संतोषी ग्रेस के मार्गदर्शन में थाना बेरला स्टाफ प्रधान आरक्षक संदीप साहू, आरक्षक विजय दिवाकर, महिला आरक्षक मालती साहू के द्वारा चौपाल लगाकर 'अभिव्यक्ति' महिला सुरक्षा ऐप, चाईल्ड हेल्पलाईन नंबर के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर प्रचार प्रसार किया गया।

'हमर बेटी हमर मान' के तहत सेल्फ डिफेंस, महिलाओ पर हो रहे अपराध एवं मोबाइल से सम्बन्धित होने वाले अपराध एवं उनके रोकथाम तथा महिलाओ एवं बालिकाओ पर हो रहे लैंगिक शोषण के बचाव एवं कारण से संबंधित तथा सायबर अपराधों से बचाव हेतू महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। तथा यातायात संबंधी नियमों से अवगत कराते हुये अन्य कानूनी जानकारियां दी गई। तथा जागरूकता अभियान के दौरान ग्राम सुरक्षा समिति की महिलाओं ने बताया कि हम लोगों के द्वारा 15 लोगों की टीम है जो ग्राम सुरक्षा, ग्राम स्वच्छता के रूप में व निरंतर शाम को गस्त किया जा रहा है बताने पर महिलाओं के इस जज्बे को सलाम करते हुए बेमेतरा बेरला पुलिस के द्वारा टीम की सभी महिलाओं एवं बडे बुजुर्ग को पुष्पगुच्छ व गमछा भेट कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम सरपंच, उपसरपंच, पंच, कोटवार, महिला सुरक्षा समिति की महिलाएं व भारी संख्या में ग्रामीण जन, बच्चे उस्थित रहे।

# मधु राय पुन: बनी महिला मोर्चा जिला महामंत्री

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी की सहमति पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ललिता साहू ने नवागढ़ विधानसभा की लोकप्रिय भाजपा नेत्री मधु राय को पुनः भाजपा महिला मोर्चा का जिला महामंत्री नियुक्त किया है। वहीं विधानसभा के तीनों मंडलो में नवागढ़ मंडल में खेमिन साहू, मारो मंडल में अमिता बघेल, खण्डसरा मंडल में उमा पाटिल को मण्डल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।साथ ही नवागढ़ क्षेत्र की मीना निषाद को जिला उपाध्यक्ष, पुष्पा मात्रे को जिला सोशल मीडिया प्रभारी, प्रभा सोनी व नेहा तिवारी को जिला कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है। इन सभी की नियुक्ति पर नवागढ़ विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है।

मधु राय के जिला महामंत्री बनने पर आशीर्वाद दिया भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने उनके आवास पर जाकर आशीर्वाद शुभकामनाएं दी। मधु राय ने कहा कि भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, जिला उपाध्यक्ष विकास धर दीवान एवं मोर्चा जिलाध्यक्ष ललिता साहू ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे निष्ठापूर्वक पूरी करेंगे। मुझे आशा है कि भाजपा संगठन को मजबूत करूंगी।

इन सभी की नियुक्ति पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी, फिरतुराम साहू, चन्द्रपाल साहू, नरेंद्र शर्मा, दयावंत धर बांधे, निमिराज सोनवानी, हरिकिशन कुर्रे, गिरेन्द्र महिलांग, होरीलाल सिन्हा,दुर्गा सोनी, मिन्टू बिसेन, देवादास चतुर्वेदी, सुरेश साहू, सुभाष सोनी, डॉ जगजीवन खरे, दीपक तिवारी, सुशील बनर्जी, मीना साहू, कृष्णा ठाकुर, लक्ष्मी वर्मा, बबलू राजपूत, छन्नू गुप्ता, राजेंद्र मिश्रा, प्रदीप शुक्ला, रामशरण साहू, त्रिलोक साहू, मनहरण सिंह, रोहित साहू, अनिल मिश्रा, राजाराम चंद्राकर, कुंजबिहारी ठाकुर, उमेश ध्रुव, युवराज ठाकुर, सुदेश श्रीवास्तव, रामसागर साहू, भगत कुम्भकार, गजेन्द्र साहू, सुरेश निषाद, अभिषेक राजपूत, टीकम गोस्वामी, रामकिशुन साहू, केदार साहू, दुर्जन साहु, संजू राजपूत, रोहित साहू, मनीराम साहू, राजकुमार मिश्रा, काल्विन जोशी, तोपसिंह साहू, फुलचंद साहू, सुरेंद्र सिंह, भुनेश्वर वर्मा, ओम राजपूत, नरेश वर्मा, वेदप्रकाश वर्मा, मुरारी साहू, शोभित साहू, वेदराम साहू, रामनाथ साहू, त्रिलोक साहू, मोहन बघेल, राजेंद्र साहू, मेलाराम यादव, बाबूराम रजक, अश्वनी साहू, काल्विन जोशी, गुरमुख भार्गव,महेश टण्डन, प्रेमु वर्मा, विनोद साहू, गोलू सिन्हा, मनीष सेन, रम्पल टुटेजा, श्रीकांत ठाकुर, युपेश साहू, तनु दीवान, मुचकुंद राजपूत, बालशंकर वर्मा, सदीप वैष्णव, वीरेन्द्र घृतलहरे, जितेंद्र मात्रे, विजय डहरिया, बबलू बांधे, अर्पित गुप्ता, महेन्द्र जायसवाल, देव मिश्रा, मोनू गोस्वामी आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

# मुख्यमंत्री ने जिले के 10 महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क का किया वर्चुअल शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिला मुंगेली के एक कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से प्रदेश में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क का लोकार्पण किया। जिसमें बालोद जिले के 10 ग्रामीण औद्योगिक पार्क भी शामिल हैं। जिले में ग्रामीण युवाओं एवं महिला समूहों में उद्यमिता के विकास हेतु बालोद विकासखंड के ग्राम बरही और करकाभाट, गुरुर विकासखंड के ग्राम छेड़िया और भोथली, डौंडीलोहारा विकासखंड के ग्राम मार्री और नंगुटोला, डौंडी विकासखंड के ग्राम गुदुम और अरमुरकसा, गुंडरदेही विकासखंड के ग्राम गब्दी और कांदुल में मल्टी एक्टिविटी सेंटर स्थापित किया गया है। सम्मेलन में विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्र कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए। सम्मेलन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत हितग्राहियों के खाते में राशि का अंतरण किया। उन्होंने कार्यक्रम में राजीव गांधी नगरीय भूमिहीन मजदूर न्याय योजना का शुभारंभ और बेरोजगारी भत्ता योजना के वेबपोर्टल का लोकार्पण और छत्तीसगढ़ आर्थिक सामाजिक सर्वेक्षण 2023 का एप्लीकेशन लांच भी किया।





बालोद जिले के डौंडीलोहारा विकासखंड के ग्राम मार्री के ग्रामीण औद्योगिक पार्क में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में संसदीय सचिव व गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव, जिला पंचायत सदस्य चंद्रप्रभा सुधाकर, एसडीएम मनोज कुमार मरकाम, जनपद सीईओ रूपेश पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सम्मेलन से जुड़े हुए थे।

# डोंडे-सावेर गोठान में ग्रामीणों के लिए औद्योगिक पार्क का शुभारम्भ

पायनियर संवाददाता < पखांजूर
www.dailypioneer.com



स्थानीय स्तर पर लघु एंव कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने के उदेश्य से विकासखंड कोयलीबेड़ा में ग्राम डोंडे तथा ग्राम सावेर स्थित गोठान में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क रिपा योजना का शुभांरभ जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा की जनपद अध्यक्ष देवली नुरेटी के हाथों किया गया। इस योजना के तहत इन गांव में महिला समूहों के माध्यम से लघु उद्योगों का शुभारंभ होगा जिसमें स्थानिय महिलाओं के साथ साथ आस पास के लोगों को भी रोजगार मिलेगा। इस योजना के तहत शासन की ओर से सभी पार्क को पूर्ण विकसित कर के दिया जा रहा है। इस इवसर पर इस योजना के तहत कार्य कर रहे अन्य समूहों द्वारा स्टाल भी लागाने के लिए बनाऐ जा रहे समानों का प्रदर्शन और विक्रय किया गया। विकासखंड कोयलीबेड़ा में ग्राम डोंडे तथा सावेर में महात्मा गांधी ग्रामीध औद्योगिक पार्क रीपा योजना का शुभारंभ किया गया। इस योजना का प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश भर में शुभारंभ किया है इसी के तहत कोयलीबेड़ा में भी दो ग्राम में इस योजना का शुभारंभ किया गया। ग्राम डोंडे स्थित पार्क में तीन महिला समूहों द्वारा लेयर फार्मिंग, मल्टी फिड यूनिट तथा ब्रिक्स यूनिट का शुभारंभ किया जा रहा है। यहा मुर्गी पालन के माध्यम से अंडा, मछली, गाय आदि के लिए दाना और कांक्रीट ईंट आदि का



निमार्ण होगा। वहीं ग्राम सावेर स्थित पार्क में महिला समूह द्वारा कस्टम हाइरिंग के माध्यम से कृषि कार्य हेतू किराऐ पर स्थानिय किसानों को उपकरण देने का काम शुरू किया गया साथ ही मछली दाना और दोना पत्तल उद्योग का भी शुभांरभ किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी पखांजूर आषिश डे ने बताया की शासन की ओर से सभी समूहों को इस निमार्ण के लिए उपकरण और अन्य संसाधन उपल्बध कराऐ जा रहे है महिला समूहों का प्रशिक्षण भी करा दिया गया है।

# जल जीवन मिशन के कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा करें

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत सभी घरों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु शुरू की गई 'हर घर नल योजना' के कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री शर्मा जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को उत्ताशय के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने 'हर घर नल' योजना के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। श्री शर्मा ने कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करने तथा कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं लाने पर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की भी चेतावनी दी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव एवं कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग आर के धनंजय सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के अलावा ठेकेदार, क्रियान्वयन सहायक एजेंसी के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने उपस्थित ठेकेदारों एवं संबंधित अधिकारियों से बारी-बारी से चर्चा कर निर्माण कार्य के प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदारों को निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि गुणवत्ता के साथ किसी भी स्थिति में समझौता नहीं किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने पानी टंकी के निर्माण हेतु स्थल चयन के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्थल के संबंध में किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी देकर तत्काल इसका निराकरण सुनिश्चित करें। कुलदीप शर्मा ने कहा कि निर्माण कार्य पूरा होने के पश्चात् पानी की सप्लाई के दौरान पानी की बर्बादी न हो सके इसका भी उपाय सुनिश्चित की जाए।

# किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी का निर्णय ऐतिहासिक किसानों में हर्ष: रामगोपाल वर्मा

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय कुर्मी महासभा युवा संगठन कवर्धा के जिला अध्यक्ष रामगोपाल वर्मा ने कहा है कि 17 दिसंबर 2018 में छ.ग.के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करते ही किसान पुत्र मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश की लगभग 80 प्रतिशत खेतिहार किसान व मजदूर वर्ग की समृद्धि खुशहाली एव सशक्तिकरण के लिए सत्ता के पहले ही पल से कार्य करते आ रहे है जिससे न केवल छत्तीसगढ़ के खेतिहार किसान मजदूर समृद्ध हुआ बल्कि प्रदेश की तमाम छोटे,मध्यम,एव उच्च श्रेणी के व्यापारी,व्यवसाई कि व्यापार में खूब तरक्की आई है और इसी के चलते प्रदेश में बेरोजगारी दर बिलकुल नगण्य रह गई है भूपेश बघेल की नेतृत्व वाली राज्य की कांग्रेस सरकार ने महज सवा चार साल के शासन काल में ही प्रदेश को विश्व पटल पर छत्तीसगढ़ मॉडल के रूप में उभरा है रामगोपाल ने कहा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी का एलान कर इतिहास रच दिया। भूपेश बघेल ने गुरुवार को विधानसभा में इस साल से किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा कर यह साबित कर दिया कि वह प्रदेश के किसानों के सच्चे हितैषी हैं। मुख्यमंत्री द्वारा किसानों को बड़ी सौगात देने का स्वागत करते हुये इसे बड़ी सौगात बताया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश की सत्ता संभालने के बाद से ही किसानों के हित में लगातार नई नई योजनाएं बनाकर उसका बेहतर क्रियान्वयन करा रहे है। प्रदेश की सत्ता संभालने के चंद घंटों बाद सबसे पहले बघेल ने किसानों का कर्ज माफ़किया। उसके बाद किसानों से 2500 रुपये प्रति क्विंटल में धान खरीदी की शुरुआत कर देश में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। फिर नरवा गरवा घुरवा बाड़ी, गोठान योजना, राजीव गाँधी न्याय योजना सहित तमाम किसान हितैषी योजनाओं को अमलीजामा पहनाया। भूपेश सरकार की किसान हितैषी योजनाओं के सही क्रियान्वयन का प्रतिफल है कि आज शहरों से लोग वापस अपने गाँव की ओर जा रहे है।और खेती कर आर्थिक रूप से मज़बूत हो रहे हैं। रामगोपाल ने कहा 15 वर्ष तक छत्तीसगढ़ में भाजपा की रमन सरकार किसानों को कभी बोनस देने के नाम पर तो कभी समर्थन मूल्य देने के नाम पर ठगती रही। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आने के बाद किसानों की आर्थिक स्थिति में जबरदस्त बदलाव आया है और उनकी आर्थिक स्थिति काफी मजबूत हुई है।

# केंद्र सरकार के खिलाफ महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सत्याग्रह व धरना प्रदर्शन किया



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार केबिनेट मंत्री व क्षेत्रीय विधायक अनिला भेंडिया के मार्गदर्शन पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्लीराजहरा के तत्वावधान में राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से निलंबित करने के षड्यंत्र के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ वार्ड क्रमांक 20 में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने सत्याग्रह व धरना प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात महात्मा गांधी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए जो, पीड़ पराई जाने रे का गायन किया गया। कार्यक्रम में अशोक बाम्बेश्वर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, शिबू नायर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, संतोष पान्डेय प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष सेवादल, संगीता नायर अध्यक्ष जिला (ग्रामीण) महिला कांग्रेस बालोद, विजय जोगदंड जिला संयुक्त महामंत्री ,रवि जायसवाल जिला सचिव, के.ईश्वर राव जिला सचिव , युवराज साहू जिला सचिव ,पार्षद रोशन पटेल जनक निषाद, चंद्रप्रकाश सिन्हा, एल्डरमैन ममता पाण्डेय, एवं जगदीश श्रीवास, कृष्णमूर्ति रामटेके, नवीन कथूरिया ,हरीश खस, रूबी एंथोनी, सुरेश ठाकुर, प्रवीण शर्मा ,विल्सन मैथ्यू, विलियम भौरा, फ्रांसिस कोलिन ,परितोष हंस पाल, जुबेर अहमद, शमीम अहमद सिद्धकी, सुखित राम खरे, राजेंद्र निषाद, प्रेम कुमार, कमल किशोर, त्रिभुवन प्रसाद, रामजीत, रामेश्वरी साहू, मुन्नी बाई, दुरपत साहू, बयाला साहू एवं कॉंग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कवासी लखमा कांग्रेस के हिंदू विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ा रहे

# कांग्रेस पार्टी के मूल में हिंदू विरोध : रामू नेताम

पायनियर संवाददाता < दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



अनुसूचित जनजाति सम्मलेन में जहां आदिवासियों के हित और अधिकारों के विषय में बात करनी चाहिए वहां आबकारी मंत्री कवासी ने उस मंच से कांग्रेस पार्टी के हिंदू समाज के प्रति दुराग्रह का वाचन किया ,ये वैसी ही विभाजकारी सोच है जैसी आजादी के समय कांग्रेस और जिन्ना की थी आज अलग धर्म कोड की बात कर रहे हैं कल अलग राज्य और देश मांगेंगे। जिला पंचायत सदस्य और बीजेपी मंडल महामंत्री रामू नेताम ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आबकारी मंत्री के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि, कवासी लखमा कांग्रेस के हिंदू विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं क्योंकि जैसे जैसे हिंदू समाज जागृत हो रहा है वैसे वैसे कांग्रेस पार्टी की रसातल में जा रही है। जारी विज्ञप्ति में रामू नेताम ने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस के हिंदू विरोधी मानसिकता को समझ चुकी है ,आदिवासी भी संगठित होकर राज्य प्रायोजित धर्मांतरण का लगातार विरोध कर रहे हैं जिससे कांग्रेस का आलाकमान घबराया हुआ और कवासी लखमा जैसे मौका परस्त नेता का आदिवासियों को आपस में लड़ाने के लिए आगे किया। कवासी लखमा कभी धर्मांतरण के विरोध में नहीं बोले जबकि प्रदेश में धर्मांतरण चरम पर है उल्टे इनकी सरकार धर्मांतरण का विरोध करने पर रासुका लगाने की धमकी देती है। कवासी लखमा कांग्रेस आलाकमान के इशारे पर आदिवासियों को हिंदू नहीं बताकर , उन्हें धर्मांतरण के लिए उकसा रहे हैं। जिला पंचायत सदस्य रामू ने कहा कि मिशनरियों के इशारे पर बयान देने वाले कवासी लखमा जी के विधानसभा क्षेत्र में ही रामाराम मेला होता है जिसमें समूचे दक्षिण बस्तर के देवी देवताओं को डोली सम्मिलित होती है ,ये हमारी संस्कृति है ,आदिवासियों को हिंदू होने के लिए कांग्रेस पार्टी और कवासी लखमा से कोई प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है। रामू नेताम ने कहा कि पूरा देश जब नवरात्र और रामनवमी के उल्लास में डूबा हुआ है, सभी समाज के लोग उत्सव में सहयोग कर रहे हैं उसी समय ये विभाजनकारी बयान का आना कांग्रेस की हिंदू विरोधी मानसिकता की पराकाष्ठा है।

रामू नेताम ने कहा कि कवासी लखमा हो सकता है कांग्रेस ज्वाइन करने का बाद धर्मांतरण कर लिए हों परंतु आदिवासी समाज हिंदू है और कवासी लखमा जैसे कांग्रेसी और हिंदू विरोधी व्यक्ति यों को आदिवासियों के विषय में बोलने का कोई अधिकार नहीं है।

**रामू नेताम जिला पंचायत सदस्य और बीजेपी मंडल महामंत्री, जिला दंतेवाड़ा**

# संगठन महामंत्री ने सोनईडोंगरी में आम जनता के साथ सुनी मन की बात

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

जिले में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 99वें एपिसोड को संबोधित किया इस एपिसोड में उन्होंने ऑर्गन डोनेशन पर बात की। उन्होंने दो ऐसे परिवारों से बात की, जिनके किसी सदस्य की मृत्यु के बाद उसके अंगदान किए गए। इनमें से एक परिवार पंजाब का था, जिसकी 39 दिन की बच्ची देश की सबसे कम उम्र की ऑर्गन डोनर बनी बालोद जिले के गुरुर ब्लॉक के ग्राम तार्री शक्तिकेंद के ग्राम सोनई डोंगरी बूथ क्रमांक 236 में मन की बात सुनी गई जहां प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री पवन साय शामिल हुए उन्होंने ग्रामीणों के बीच बैठकर मन की बात कार्यक्रम को सुना।




**नारी शक्ति की उपासना का समय**

पवन साय ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में इस एपिसोड में पीएम मोदी ने कहा कि ये नवरात्र का पर्व है। नारी शक्ति की उपासना का समय है। आज भारत का जो सामर्थ्य नए सिरे से निखरकर सामने आ रहा है, उसमें बहुत बड़ी भूमिका हमारी नारी शक्ति की है। हाल फिलहाल ऐसे कितने ही उदाहरण हमारे सामने आए हैं पवन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हमेशा नारी शक्ति को आगे बढ़ाने के बारे में काम करते आए हैं उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की शुरुआत की थी इसका परिणाम भी देखने को मिल रहा है पवन साय जी ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा कि भारत सोलर एनर्जी के क्षेत्र में जिस तेजी से आगे बढ़ रहा है, वो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। भारत में सूर्य की शक्ति को लेकर जो वैज्ञानिक समझ रही है, सूर्य की उपासना की जो परंपराएं रही हैं, वे अन्य जगहों पर कम ही देखने को मिलती हैं। सबका प्रयास की यही भावना आज भारत के सौर ऊर्जा मिशन को आगे बढ़ा रही है। पुणे में एक सोसायटी में लोगों ने मिलकर सोलर पैनल लगवाए। इन पैनलों से हर साल 89 हजार किलोवाट आवर बिजली पैदा हो रही है, जिससे हर महीने 40 हजार रुपए की बचत हो रही है। वहीं, दीव भारत का पहला ऐसा जिला बना है, जो दिन के समय सभी जरूरतों के लिए पूरी तरह से क्लीन एनर्जी का इस्तेमाल कर रहा है।

**प्रमुख बातों को रखते हैं जनता के बीच**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन साईं ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री अपने प्रत्येक एपिसोड में देश की शौर्य गाथा करने वाले लोगों वीरता एवं नवाचार के बारे में जनता के बीच अपनी बातों को रखते हैं मासिक रेडियो कार्यक्रम काफी लोकप्रिय है और हर रविवार सुने जाने वाले इस कार्यक्रम में आप सब जनता के बीच आकर मुझे अच्छा लग रहा है आप सब का उत्साह देखकर यह प्रतीत होता है कि आप देश के प्रधानमंत्री के ऊपर इतना विश्वास करते हैं उनकी बातों को कितनी गंभीरता से लेते हैं इस आयोजन में उनके साथ जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार विधानसभा प्रभारी प्रीतेश गांधी, वरिष्ठ पार्षद मुकेश साहू, मुरारी चंदन, सहित ग्राम के वरिष्ठ नागरिक आम जनता मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने वर्चुअल रूप से रीपा का किया शुभारंभ

## ग्रामीण क्षेत्रों में लघु उद्योग को मिलेगा बढ़ावा

पायनियर संवाददाता < दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुंगेली जिले के सरगांव से भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से प्रदेश में रीपा का शुभारंभ किया। इसी के तहत दंतेवाड़ा जिले के अंतर्गत ग्राम भैरमबंद में लोकार्पण करते हुए रीपा की शुरुआत की गई। सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी एवं महात्मा गांधी की छायाचित्र पर पूजा कर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर विनीत नंदनवार, जिला पंचायत सीईओ ललितादित्य नीलम, सरपंच जयंती नाग सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

तत्पश्चात जनप्रतिनिधि एवं कलेक्टर नंदनवार के द्वारा बायो फर्टिलाइजर और बायो पेस्टीसाइड प्रसंस्करण यूनिट कक्ष का रिबन काटा गया। इसके साथ ही रिपा पार्क में ही कलेक्टर के द्वारा आम के पौधा का रोपण किया गया। महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क रिपा शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से है। मुख्यमंत्री के मंशानुरूप ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने और महिलाओं एवं युवाओं को गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जिले के सभी विकासखंडों में 02-02 रिपा का स्थापना किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिले के सभी रीपा का लोकार्पण करते हुए शुभारम्भ किया गया। रीपा योजना के तहत विकासखंड दंतेवाड़ा अंतर्गत भैरमबंद अंतर्गत जैव उर्वरक और जैव कीटनाशक निर्माण इकाई, गोबर पेंट निर्माण इकाई यूनिट का शुभारंभ किया गया। साथ ही संबंधित हितग्राहियों से उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में चर्चा की गई। इसी तरह जिले के अन्य स्थानों में जैसे ग्राम जारम में बटन मशरूम उत्पादन, अंडा उत्पादन इकाई, विकासखंड गीदम अन्तर्गत बड़े कारली में चिक्की निर्माण एवं चना फल्ली लड्डू निर्माण इकाई, झोडिया बाड़म में जैविक सुगंधित चावल, पैरा बॉयलिंग यूनिट, पोहा उत्पादन इकाई की स्थापना , विकासखंड कुआकोंडा अंतर्गत नकुलनार में ऑफिस फाइल पैड निर्माण इकाई, चॉक स्टिक निर्माण, मैलावाड़ा में पेपर कप एवम नॉन वुवन बैग, हल्दी, महुआ, रोजेला प्रसंस्करण इकाई ,विकासखंड कटेकल्याण अंतर्गत मोखपाल में सीमेंट ईट एवं पेवर ब्लॉक निर्माण इकाई, बड़े गुडरा में इमली प्रसंस्करण इकाई, टोरा ऑयल इकाई, बायोफ्लॉक मछली इकाई की स्थापना की जा रही है इससे जिले के गांव के बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलेगा जिले में अब रीपा के अंतर्गत ग्रामीणों को आजीविका गतिविधियों से जोड़ते हुए रोजगार दिया जा रहा है। इससे गांव के दीदी, महिलाओं एवं युवाओं को स्वरोजगार मिल सकेगा और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।भैरमबंद गौठान रीपा परिसर में समूह की दीदियों द्वार गाय के गोबर से प्राकृतिक पेंट निर्माण इकाई का शुभारंभ किया जा चुका है। साथ ही समस्त शासकीय भवनों, नव निर्मित भवनों में की रंगाई के लिए गोबर से निर्मित प्राकृतिक पेंट के उपयोग किया जा रहा है। रीपा के माध्यम से आजीविका के साधन उपलब्ध कराते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में लघु उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में इस दौरान महिलाएं व युवा रिपा में कार्य करने को लेकर काफी उत्साहित दिखाई दिए।

# धनोरा में युवा कांग्रेस ने किया प्रधानमंत्री मोदी का पुतला दहन, हुई जमकर नारेबाजी



पायनियर संवाददाता < केशकाल
www.dailypioneer.com

कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मानहानि के मामले में 2 वर्ष की सजा सुनाए जाने एवं राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द किए जाने के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। शनिवार को केशकाल विधानसभा के धनोरा में कोंडागांव युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष कपिलकांत नाग के नेतृत्व में युका व एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी का प्रतीकात्मक पुतला दहन करते हुए केंद्र सरकार व प्रधानमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान आग बुझाने आई पुलिस के साथ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की जमकर झूमाझटकी भी हुई।

आपको बता दें कि वर्ष 2019 में राहुल गांधी द्वारा की गई मोदी सरनेम की टिप्पणी के खिलाफ दर्ज हुए मानहानि के मामले में सूरत के कोर्ट ने राहुल गांधी को 2 वर्ष की सजा सुनाई है। वहीं लोकसभा सचिवालय द्वारा अधिसूचना जारी करते हुए राहुल गांधी की संसद सदस्यता भी रद्द कर दी गई है। ऐसे में देशभर में राजनीतिक पारा गरमाया हुआ है। छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेसियों के द्वारा जगह जगह पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष कपिलकांत नाग ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी द्वारा शुरू की गई भारत जोड़ो यात्रा के बाद से देश भर में उनकी लोकप्रियता बढ़ने लगी है। यही वजह है कि उन्हें 2019 के मामले में 2 वर्ष की सजा सुनाई गई है। कांग्रेस पार्टी भाजपा के ऐसे कृत्यों का पुरजोर विरोध करती है। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण अग्निहोत्री, सरपंच रमेश बेलसरिया, प्रवीण बरनवाल जी, नीलेश नेगी, ठाकुर मरापी, हिमांशु मरापी, सगाऊ मरापी, रवि ध्रुव, सुनील कोर्राम, राजेश मंडावी समेत अन्य कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# जगरगुन्डा के ग्रामीणों ने 165 बटालियन केरिपु बल के प्रयासों को सराहा

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 165 वीं बटालियन द्वारा जगरगुन्डा में तैनाती के बाद चैथी बार दिनांक 25/03/2023 को सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में ग्रामीण बच्चों एवं युवाओं ने अपने उप सरपंच अप्पाराव के साथ भाग लिया एवं युवा वर्ग के सर्वांगीण विकास हेतु उपलब्ध करवाए गए खेल-कूद की सामग्री हेतु 165 बटालियन केरिपुबल को धन्यवाद ज्ञापित किया।

जगरगुंडा पंचायत की सभी नौ टीमों जिनके नाम इस प्रकार हैं तरलगुंडा टीम, आश्रमपारा टीम, अचखत टीम, कामराम टीम, विक्रमपाली टीम, एलमपाली टीम, जगरगुंडा टीम, जगरगुंडा जूनियर टीम, मेटागुडा टीम के खिलाड़ियों ने भविष्य में और इस तरह के कार्यक्रम करने हेतु निवेदन किया। इस आयोजन के दौरान उपस्थित कमान्डेंट-165 बटा. धर्मेन्द्र कुमार झा, सहा. कमा सुरेन्द्र एन.के. ने इन युवाओं के साथ स्वल्पाहार भी ग्रहण किया।

## एमएनएस द्वारा करवाया गया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**किरन्दुल।** ग्राम पंचायत फुलपाड़ के पटेलपारा में रविवार को आर्सेलर मित्तल निप्पन स्टील इंडिया कंपनी के द्वारा एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 75 लोगों की सामान्य बीमारी की जांच की गई।जिसमें मौसमी बीमारी,सर्दी खांसी,खुजली से पीड़ित लोग शामिल थे।जिन्हें स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवाई वितरित किया गया।मौके पर बचेली के डॉक्टर,एएमएनएस सीएसआर प्रमुख डॉ तेज प्रकाश तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

# मन की बात कार्यक्रम सभी बूथ एवं शक्ति केंद्र में सुना गया

पायनियर संवाददाता < पखांजूर
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी पखांजूर मंडल द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 99 वां एपिसोड मन की बात कार्यक्रम सभी बूथ एवं शक्ति केंद्र में आयोजित कर सुना गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेंडी, उदयपुर बूथ क्रमांक 51 पर मन की बात कार्यक्रम सुना इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि गणेश शाहा मंडल मंत्री निमाई विश्वास उपस्थित थे। एवं बूथ क्रमांक 13 पखांजूर में जिला उपाध्यक्ष असिम रायजी बाबूलु सरकार महामंत्री मनोज हालदार जिला महामंत्री किसान मोर्चा स्वपन तरफदार बुत क्रमांक 5 पर जिला मंत्री मोनिका शाह रमेश नाग युवा मोर्चा उपाध्यक्ष लालटु कुंडु, कमलेश पटेल बुत क्रमांक 8:00 पर पार्षद शंकर नाग महिला मोर्चा महामंत्री पखांजूर गीता रानी हालदार पी.वी 55 प्रभारी शंकर सरकार युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष के उपस्थिति में मन की बात कार्यक्रम सुना गया।

संयोजक सहसंयोजक कार्यकर्ता, पदाधिकारी उपस्थित थे। चंदनपुर 71 नारायण साना , प्राणनाथ संतोस गाइन, राम सिंह चंदवंशी, राम मंडल, विप्लव सीकदार चंदनपुर सरपंच उपस्थित थे बस समस्त कार्यकर्ता की उपस्थिति में, संगम क्षेत्र पी.वी. 64 श्रीपुर किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष पखांजूर शिवानंद मंडल की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुना गया मटोली शक्ति केंद्र पी.वी.30 मंडल उपाध्यक्ष पखांजूर श्याम कुमार तिवारी की उपस्थिति में अजय अशोक सपन तपन भूत अध्यक्ष सचिव कार्यकर्ता संयोजक सहसंयोजक की उपस्थिति में मन की बात कार्यक्रम सुना गया। गोंडाहुर पी.वी. 49 में क्षेत्र संयोजक बूत अध्यक्ष विनोद मंडल की उपस्थिति में मन की बात कार्यक्रम सुना गया मायापुर गोविंद की उपस्थिति में मन का बात कार्यक्रम सुना गया मंडल कोषाध्यक्ष राहुल विश्वास की उपस्थिति में गोविंदपुरक्र.1.15 में समस्त कार्यकर्ता की उपस्थिति में मन की बात कार्यक्रम सुना गया।

# स्थानीय प्रशासन के निर्देश पर साप्ताहिक बाजार गांधीनगर में संचालित



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

रविवार एवं बुधवार साप्ताहिक बाज़ार किरन्दुल मेन मार्केट में न लगाकर गांधीनगर हाट बाज़ार में दुकानें लगाने हेतु नगर प्रशासन द्वारा लगातार अनाउंसमेंट करवाकर जानकारी दी जा रहीं थीं तथा 26 मार्च रविवार को स्थानीय प्रशासन के निर्देश पर गांधीनगर बाजार में व्यापारियों द्वारा दुकानें लगाई गई।मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुनील जैन ने बताया कि व्यापरियों द्वारा भी सहयोग प्राप्त हो रहा हैं तथा जिला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन,पुलिस प्रशासन के संयुक्त सहयोग से बाज़ार को व्यवस्थित किया जा रहा है।मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय,सांसद प्रतिनिधि आर राजू रेड्डी,एच आर गोंदें,विनीत साव,लोमन सिन्हा,सुमन पटेल,पुलिस बल उपस्थित थे।

# आईटीबीपी 29वीं ने छोटेडोंगर में सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत ग्रामीण जन को किया दवाई वितरण

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




आईटीबीपी 29 वीं वाहिनी द्वारा में सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन कर बच्चों को लेखन सामग्री का वितरण किया गया। कोंडागांव जिला के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के जवानों द्वारा नक्सल अभियान के साथ-साथ अंचल जरूरतमंद लोगों की मदद और हर प्रकार की सहायता भी करते आ रहे हैं। इसी क्रम में समर बहादुर सिंह सेनानी 29 वीं वाहिनी के मार्गदर्शन में सीबी छोटेडोंगर में सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत चिकित्सा शिवर व स्थानीय स्कूली बच्चों को को लेखन संबंधित वस्तुओं का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम तहत सीओबी में स्कूल के बच्चों को अध्ययन पुस्तकें लेखन सामग्री इत्यादि का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के तहत चमेली, बहकेर, बड़गांव और 150 स्थानीय ग्रामीणों निशुल्क में जांच गई व दवाइयां का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम बेगराज मीणा उप सेनानी चौहान सहायक सेनानी, डॉ मृनाल ईपी चिकित्सा अधिकारी डीओपी छोटेडोंगर अभिषेक पैकरा व टीआई छोटेडोंगर द्वारा ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि, भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस आप सबकी सेवा व सुरक्षा के लिए हमेशा तैनात रहेगी और किसी भी ग्रामीण की कोई भी समस्या होती है तो हमसे मिलकर या भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल हमेशा आप की सेवा के लिए तत्पर रहेगी। साथ ही इस अवसर पर डॉ मृनाल ईपी, चिकित्सा अधिकारी द्वारा शिविर आए सभी ग्रामीणों को स्वास्थ्य प्रति व गर्मियों के मौसम होने वाली बीमारियों के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही स्वयं की साफ साफ-सफाई, रहन-सहन और खानपान के प्रति सजक किया गया।

# क्षय नियंत्रण के लिए बस्तर को मिला कांस्य पदक



पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

क्षय नियंत्रण के लिए बस्तर जिले को कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ शासन राज्य क्षय उन्मूलन कार्यालय के द्वारा छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों के कार्य उपलब्धियों की समीक्षा किया गया। प्रत्येक वर्ष स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय सेंट्रल टीबी डिवीजन के एनटीईपी गाइडलाइन अनुसार छत्तीसगढ़ स्टेट टीबी सेल के द्वारा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में निर्धारित 9 इंडिकेटर के 100 नंबर में सभी जिलों का वार्षिक रैंकिंग जारी किया जाता है। वर्ष 2022 के मूल्यांकन में जिला बस्तर 9 इंडिकेटर के 100 नंबर में से 85.1 नंबर प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान पर रहा।

## संसदीय सचिव शिशुपाल शोरी ने वर-वधु को दिया आर्शीवाद

# मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह में 75 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना अंतर्गत आज ब्लॉक मुख्यालय नरहरपुर के उन्मुक्त खेल मैदान में आयोजित सामूहिक विवाह में 75 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव एवं स्थानीय विधायक शिशुपाल शोरी ने वर-वधु को सुखमय जीवन का आर्शीवाद दिया। उन्होंने सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक माता-पिता की इच्छा होती है कि वह अपने संतान का विवाह धूमधाम के साथ संपन्न कराये, छत्तीसगढ़ सरकार इसमें मदद करते हुए पूरे रीति-रिवाज एवं परंपरा का पालन करते हुए धूमधाम से बेटियों का विवाह संपन्न करा रही है। मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना गरीब परिवारों के वरदान साबित हुआ है, इस योजना के तहत पहले सरकार द्वारा 15 हजार रूपये की मदद दी जाती थी, जिसे बढ़ाकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 25 हजार रूपये किया गया, जिसे मुख्यमंत्री द्वारा पुनः बढ़ाकर 50 हजार रूपये कर दी गई है। विकासखंड नरहरपुर के खेल मैदान में आज आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 75 जोड़ों की शादी कराई गई है, भानुप्रतापपुर से 28, कांकेर से 16, चारामा से 15 एवं नरहरपुर से 16 जुड़े परिणय सूत्र में बंधे। सामूहिक विवाह में शामिल जोड़ों को उपहार सामग्री एवं 01 हजार रूपये नकद प्रदाय किया गया। जिला पंचायत के उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला, बस्तर विकास प्राधिकरण के सदस्य बिरेश ठाकुर, जनपद पंचायत नरहरपुर के अध्यक्ष संजूलता नेताम, नगर पंचायत नरहरपुर के अध्यक्ष प्यारी सलाम, पूर्व जनपद अध्यक्ष कौशिल्या शोरी, सभापति महिला एवं बाल विकास जनपद पंचायत नरहरपुर यमुनादेवी सिन्हा ने नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया।

# सड़क दुर्घटना में घायल शिक्षक को मुड़ामी ने अस्पताल में कराया भर्ती

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com



बालूद निवासी शिक्षक शुक्रवार को अपने मोटर साइकिल से स्कूल की ओर जा रहें थे इस बीच गंजेनार मोड़ के पास अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गए।

दुर्घटना से बाईक सवार शिक्षक के सिर और छाती में गंभीर चोटें आई हैं। दुर्घटना के दौरान उस मार्ग से भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री नंदलाल मुड़ामी क्षेत्र भ्रमण पर जा रहे थे। उन्होंने सड़क पर घायल अवस्था में पड़े शिक्षक को देखकर मानवता का परिचय देते हुए अपनी गाड़ी रोक दी। वहां घायल शिक्षक की हालत देखकर मुड़ामी एम्बुलेंस का इंतजार करने के बजाय तत्काल अपने सुरक्षा कर्मियों के सहयोग से स्वयं की गाड़ी मे घायल शिक्षक को लेकर कुआकोंडा अस्पताल पहुंचे। कुआकोंडा में प्रारंभिक इलाज के बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सकों ने शिक्षक को जिला अस्पताल दंतेवाड़ा रेफर कर दिया।जिला अस्पताल में शिक्षक का इलाज वर्तमान में जारी है।

# किसान के बेटे के मुख्यमंत्री बनने से हो रहा है कृषक वर्ग का चहुमुखी विकास : द्वारिकाधीश

## जिला स्तरीय जैविक कृषि मेला संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ संपन्न

पायनियर संवाददाता ◀ बागबाहरा
www.dailypioneer.com



जैविक खेती मिशन योजना अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय जैविक कृषि मेला एवं कृषि वैज्ञानिक परिचर्चा 2022- 23 खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध ग्राम कोमाखान में छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव वह विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। वही विशेष अतिथि की आसंदी पर कृषि उपज मंडी बागबाहरा के अध्यक्ष तेजन चंद्राकर,महासमुंद अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा, जिला पंचायत सदस्य बसंता ठाकुर, सरपंच ग्राम पंचायत कोमाखान वीणा आशीष वाकडे ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रवि निषाद, कोमाखान कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संतोष पटेल, सर्व आदिवासी समाज जिला अध्यक्ष मनोहर ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि राजू चंद्राकर, जनपद सदस्य मधु नारंग, बसना जनपद पंचायत सभापति लक्ष्मी विनोद पटेल, उप संचालक कृषि विभाग जिला महासमुंद एफआर कश्यप विराजमान रहे। जैसे ही अतिथियों का काफिला ग्राम कोमाखान की सीमा पर पहुंचा कृषक जनों के द्वारा संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव सहित कार्यक्रम में पहुंचे हुए अन्य अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया तत्पश्चात गाजे-बाजे के साथ अगुवाई करते हुए उन्हें कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। जहां दीप प्रज्वलित करके व राजकीय गीत के साथ इस जिला स्तरीय जैविक कृषि मेले का विधिवत शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम को संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव सहित कृषक कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष महेंद्र चंद्राकर एवं मंडी अध्यक्ष तेजन चंद्राकर सहित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ने बताया कि कृषि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और जबसे एक किसान का के बेटे के हाथों में आप जनता जनार्दन ने छत्तीसगढ़ राज्य के सत्ता की बागडोर सौंपी है तब से छत्तीसगढ़ का कृषक वर्ग सर्वांगीण विकास के पथ पर तीव्रता से अग्रसर हो रहा है। एक समय की बात थी जब छत्तीसगढ़ का कृषक वर्ग कर्ज के बोझ तले दबकर आत्महत्या के लिए विवश हो जाता था लेकिन जब से आप ने भूपेश बघेल को मुख्यमंत्री बनाया तब से पर्यंत तक किसानों की आत्महत्या की बात सुनाई ही नहीं देती। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नायब तहसीलदार सूरज बंछोर,एल्डरमैन विष्णु महानंद सरपंच संघ अध्यक्ष एडिशन ठाकुर , बुढान सिंह ठाकुर, डॉ चौधरी पशु विभाग, कोमाखान राज परिवार से कुमार थीयेंद्र प्रताप सिंह ठाकुर, करतार नायक तूफान दीवान,बंसीलाल पटेल संतोष यादव प्रदीप यादव गोलू जैन गुलजार खान चंद्रहास साहू रेखराज चंद्राकर, हरिराम यादव अंजुर सिंह ठाकुर ओमकार ठाकुर कांति प्रसाद तिवारी सरपंच राजेंद्र शर्मा सरपंच मुंशी लाल साहू सरपंच मनोज चंद्राकर, रमेश चंद्राकर रमेश साहू भूपेंद्र देवांगन। साथ ही कृषि विभाग के अधिकारियों में गणेश्वरी बंजारे अमित मोहंती बंसी चंद्राकर एलएल नेताम राजेश एक्का प्रियव्रत साहू मिलन विश्वकर्मा एसएस गौतम ओंकार प्रसाद राय एलएल नेताम कृष्णा साहू पीके दास, श्यामलजी, उमेश चंद्राकर के साथ-साथ बड़ी संख्या में कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण तथा बड़ी संख्या में जिले के विभिन्न ग्रामों से पहुंचे हुए कृषक जन एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### भूपेश बघेल की लोकप्रियता को पचा नहीं पा रही मोदी सरकार

यादव ने बताया कि पूरे विश्व का श्रेष्ठतम समर्थन मूल्य देने की बात जब हमारी सरकार के मुखिया ने कहीं तो केंद्र की मोदी सरकार के पेट में मरोड़ उठने लगा और वे इनके मार्ग में रोड़ा अटका ने का प्रयास करने लगे तथा उप समर्थन मूल्य नहीं देने की बात पर अड़ गए तब हमारे मुखिया भूपेश बघेल ने अपनी योजनाओं को मूर्त रूप देना प्रारंभ किया और राजीव गांधी न्याय योजना के तहत समर्थन मूल्य के पश्चात के अंतर की राशि सीधे किसानों के खाते में देते हुए अपना वादा पूरा किया। यादव ने बताया कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में रसायनिक खादों का भारी मात्रा में उपयोग होता था लेकिन हमारी सरकार के गोधन न्याय योजना के चलते किसानों के खेतों में गोबर खाद व उर्वरकता पूर्ण जैविक खाद पहुंच रहे जिससे खेतों में होने वाली उपाय रासायनिक खादों के प्रभाव से मुक्त हो रही है और धरती माता की उर्वरक क्षमता भी बढ़ रही है। और इस प्रकार के जैविक कृषि मेलों के आयोजन के लिए मैं कृषि विभाग के साथ-साथ जिला प्रशासन के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।

### प्रति एकड़ धान खरीदी की सीमा 20 क्विंटल करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित

अपने उद्बोधन के दौरान यादव ने बताया कि आप जनता जनार्दन के आशीर्वाद से 2018 में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनी और भूपेश बघेल के कंधों पर छत्तीसगढ़ की जिम्मेदारी आई उन्होंने सबसे पहले फैसला किसानों की कर्ज माफी का लिया और पूरे विश्व का श्रेष्ठतम समर्थन मूल्य 2500 प्रति क्विंटल किसानों के हाथों में रखते हुए अपना पहला वादा पूरा किया। और देखिए अब किसानों के प्रत्येक दाने को खरीदने कि अपने शपथ को पूरा करते हुए भूपेश बघेल ने प्रति एकड़ धान खरीदी की सीमा 15क्विंटल से बढ़ाकर 20क्विंटल कर दी है जिससे अब छत्तीसगढ़ का किसान संपन्न और समृद्ध होगा। और इस प्रकार प्रति एकड़ धान खरीदी की मात्रा को बढ़ाकर अपना वादा पूर्ण करने के लिए मैं हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए खल्लारी विधानसभा क्षेत्र की जनता की तरफसे धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।

# यामिनी देवी सनातन धर्म व्यासपीठ का राष्ट्रीय धर्माचार्य मनोनीत

पायनियर संवाददाता ◀ बागबाहरा
www.dailypioneer.com



20 मार्च को सनातन परंपरा कार्यालय प्रियदर्शनी परिसर नेहरू नगर भिलाई में परम पूज्य भारती यामिनी देवी पत्नि ओम प्रकाश निवास बागबाहरा जिला महासमुंद रायपुर छत्तीसगढ़ को सनातन धर्म परिषद न्यास भारत के व्यासपीठ का राष्ट्रीय धर्माचार्य मनोनीत किया गया। जिसमें प्रमुख रुप से संतोष रावत संरक्षक सनातन धर्म परिषद न्यास, अरुण मिश्रा (राष्ट्रीय अध्यक्ष सनातन धर्म परिषद न्यास पुरोहित महासभा भारत) निहारिका मिश्रा (संरक्षक सनातन परंपरा हिंदी मासिक पत्रिका) के साथ, तुलसी साहू (अधिवक्ता) पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमिटी भिलाई , के साथ गणमान्य लोग उपस्थित रहे । भारती यामिनी देवी राष्ट्रीय कथा वाचिका है जो श्रीमद् भागवत कथा, श्रीराम कथा, शिव महापुराण, एवं देवी भागवत कथा करती है । उनके कथा का आयोजन देश के विभिन्न प्रांतों मध्य प्रदेश , उड़ीसा , राजस्थान, उत्तर प्रदेश , बिहार , छत्तीसगढ़ आदि राज्यों में हो चुका है। उन्होंने सभी गणमान्य पदाधिकारियों को आश्वस्त किया है कि मैं सनातन धर्म व्यासपीठ के धर्माचार्य के रूप में कार्य करते हुए सनातन धर्म परिषद न्यास के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु निरंतर कार्य करती रहूंगी तथा इस जिम्मेदारी को संपूर्ण निष्ठा से निर्वहन करती रहूंगी । ज्ञात हो कि सनातन धर्म व्यासपीठ, सनातन धर्म परिषद न्यास की एक अनुषांगिक संगठन है। सनातन धर्म परिषद न्यास में कुल 9 अनुषांगिक संगठन है सनातन धर्म परिषद न्यास अपने सभी अनुषांगिक संगठन के माध्यम से विश्व के सभी सनातन धर्म प्रेमियों को सनातन धर्म के प्रति जागरूक करना आपसी भाईचारे बनाए रखना आदि कार्य करती है ।

### सनातन धर्म परिषद न्यास उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

पूज्य भारती यामिनी देवी को सनातन धर्म व्यासपीठ के राष्ट्रीय धर्माचार्य बनाए जाने पर अखिल भारतीय तैलिक महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष मोतीलाल साहू, अखिल भारतीय तैलिक महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) डॉ ममता साहू , छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ उपाध्यक्ष बृजेश साहू, जिला साहू संघ रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष देवनाथ साहू, डॉक्टर के के साव , मुन्ना लाल साहू, सुरेश साहू , दिनेश साहू, ओम प्रकाश साहू , उपेंद्र साहू , धनराज साहू, पोखराज साहू , जनक राम साहू, नारायण लाल साहू , ऋषि साहू , महेंद्र ठाकुर, नरेंद्र नायक , रवि चंद्राकर ,नेहरू साहू ,भुवन साहू, सुधा साहू कुमारी साहू हिमांशु ,दामिनी ,खुशबू, गिरजा ,शशि प्रभा, मीना, श्वेता, मधु , गंगा, त्रिवेणी आदि बहनों के द्वारा भी बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की गई। अपने इस नियुक्ति पर यामिनी देवी के द्वारा सनातन धर्म परिषद न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सम्मानीय अवध बिहारी दास, राष्ट्रीय महासचिव पंडित अमर बहादुर त्रिपाठी , एवं सनातन धर्म व्यासपीठ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य बालकृष्ण एवं सनातन धर्म परिषद के सभी वरिष्ठ जनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# छात्र-छात्राओं ने किया ग्रेजुएशन डे कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

स्थानीय विद्यालय आदर्श पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल बलौदाबाजार छुहिया में क्लास चत्त के छात्र छात्राओं का ग्रेजुएशन डे समारोह का आयोजन किया गया, इसमें विद्यालय के चत्त के समस्त विद्यार्थी के पलक गण उपस्थित थे, इस समारोह में विद्यालय के संचालक आकाश अग्रवाल सर, डॉ. अल्का अग्रवाल मैम, प्राचार्या सुनीता बहादुर मैम की उपस्तिथि में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। डॉ. अल्का अग्रवाल ने पालकों को बच्चों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए बच्चे और बच्चे और पालक का आपस मे संबंध कैसा होना चाहिए इस विषय पर उन्होंने अपने विचार पालकों के समक्ष रखा, विद्यालय के प्राचार्या सुनीता बहादुर मैम ने भी विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों एवम् उपलब्धियों से पालकों को अवगत कराया। यूकेजी के विद्यार्थियों द्वारा भी सुंदर कविता, नृत्य, भाषण आदि की प्रस्तुति दी गई। मंच संचालन बिंदेश्वरी मैम के द्वारा बहुत ही सुन्दर तरीके से किया गया, पालकों ने इस आयोजन की भूरि भूरि प्रशंसा की गई वे इस समारोह से बहुत प्रसन्न थे। विद्यालय के कार्यक्रम में समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

# राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करना लोकतंत्र की हत्या : रैना

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरायपाली कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करने से यह सिद्ध हो गया कि राहुल की भारत जोड़ो यात्रा अडानी के विरुद्ध बोलने के कारण प्रधानमंत्री कितने डरे हुए हैं।लोकसभा में राहुल गांधी की सदस्यता लोकसभा स्पीकर द्वारा गुजरात की अदालत के द्वारा जारी 2 साल की सजा के फैसले के बाद जारी किये गये नोटिफिकेशन के बाद समाप्त कर दी गयी, यह खबर देश की राजनीती में की बड़ी हलचल मचा चुकी है राहुल गांधी लोकसभा में केरल के वायनाड से सांसद हैं, राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त किये जाने पर नगर पालिका सरायपाली सभापति हरदीप सिंह रैना ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा की,राहुल गांधी के द्वारा 2019 में कर्णाटक राज्य में चुनावी भाषण के दौरान ललित मोदी नीरव मोदी मेहुल चोकसी को चोर कहा और सवाल पूछा की सब चोर जो भारत का पैसा लूट के विदेश भाग रहे हैं उनके सब के नाम के आगे मोदी क्यों है और इसकी शिकायत पुर्नेश मोदी भाजपा विधायक ने गुजरात के एक अदालत में की और वही शिकायतकर्ता अपनी ही शिकायत के विरूद्ध गुजरात हाईकोर्ट में शिकायत पर सुनवाई पर रोक लगवाने स्टे हेतु प्राप्त करता है 7 फरवरी 2023 को लोकसभा में प्रधानमंत्री से सवाल पूछते हैं की 2014 में गौतम आडानी विश्व के अमीर लोगों की सूचि में 609 वें पायदान पर थे वो मोदी सरकार की



मदद से 2023 में विश्व के दुसरे सबसे अमीर व्यक्ति केसे बन गये है और नरेन्द्र मोदी की मदद से श्रीलंका, बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया आदि देशों में व्यपार के सरकारी अनुबंध कैसे प्राप्त कर रहे हैं इसके बाद 16 फरवरी को राहुल गांधी के विरुद्ध शिकायत करने वाला भाजपा विधायक पुर्नेश मोदी हाई कोर्ट में अपनी ही शिकायत के स्टे को वापस लेता है 27 फरवरी को कोर्ट में राहुल गांधी के विरुद्ध सुनवाई शुरू होती है और 23 मार्च को राहुल गांधी को इस प्रकरण में अधिकतम सजा 2 वर्ष का कारावास सुना देती है, 7 फरवरी को जो सवाल राहुल गांधी ने लोकसभा के पटल पर प्रधानमंत्री पर आरोप लगाते हुए पूछा था उसका जवाब मोदी सरकार और प्रधानमंत्री लोकसभा या राज्यसभा में नही दिया बल्कि सदन की कार्यवाही को भाररत के इतिहास में पहली बार किसी सत्ता दल के सांसदों और मंत्रिओं ने नही चलने दिया साथ ही साथ राहुल गाँधी द्वारा मोदी अदानी को लेकर किये गये प्रश्नों को सदन की कार्यवाही से विलोपित कर दिया गया । नगर पालिका सभापति हरदीप सिंह रैना ने कहा कि नरेन्द्र मोदी एक कमजोर प्रधानमंत्री जो सवालों से भाग रहे हैं सरकार के पास भले 353 सांसदों के साथ बहुमत का बड़ा आंकड़ा हो पर मोदी अदानी पर एक सांसद राहुल गाँधी द्वारा उठाए सवालों से घबरा गयी और आनन फानन में राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता निरस्त करवाने को तमाम षडयंत्र किये गये, राहुल गांधी की रगों में शहीद पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का रक्त प्रवाह हो रहा है वे ऐसे षडयंत्र से घबराने वाले नही है राहुल गांधी देश की जनता के प्रेम और विशवास को लेकर और मजबूती से वापसी करेंगे और जनहित के मुद्दों तथा सरकार की भ्रस्ट नीतिओं के विरुद्ध आवाज बुलंद करते रहेंगे ।

## छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा लेंगी कांग्रेस की बैठक

**रायपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम एवं एआईसीसी के सचिव एवं प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव की उपस्थिति में 27 मार्च 2023 को दोपहर 12 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन रायपुर में प्रदेश कार्यकारिणी, समस्त विधायकगण, जिला, शहर अध्यक्षगण एवं मोर्चा संगठन, प्रकोष्ठ, विभाग के प्रदेश अध्यक्षों की अतिआवश्यक महत्वपूर्ण बैठक रखी गयी है।

# कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री का फूंका पुतला

### कांग्रेसी और पुलिस के बीच हुई जमकर झूमा झटकी

पायनियर संवाददाता ◀ महासमुंद
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को दो साल की सजा और संसद की सदस्यता समाप्त होने से कांग्रेस पार्टी में जमकर आक्रोश व्याप्त है। कांग्रेस पार्टी इस मामले को जन आंदोलन का रूप देने जी जान लगा रहीं है। इसी कड़ी में शुक्रवार को मौन धरना प्रदर्शन किया था। वही शनिवार को प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर कांग्रेसियों ने विरोध दर्ज कराया। एक के बाद एक लगातार राहुल गांधी पर आ रही आफ्त से नाराज़ संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर, नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग, दाऊलाल चंद्राकर, संजय शर्मा, खिलावन बघेल, विरेन्द्र चंद्राकर, डॉ. तरुण साहू, गौरव चंद्राकर, जसबीर ढिल्लो अमन चंद्राकर, अरिश अनवर सहित सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने शनिवार को अंबेडकर चौक पर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भाजपा कार्यालय के लिए नारेबाजी करते हुए निकले, लेकिन पुलिस ने सिटी कोतवाली के सामने ही कांग्रेसियों को रोक दिया गया। जिस से नाराज कांग्रेसियों ने कोतवाली के सामने ही प्रधानमंत्री का पुतला फूंक दिया। पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच झूमा झटकी होती रही। लेकिन पुलिस लाख कोशिशों के बावजूद पुतले में लगी आग को बुझाने में नाकाम रहीं। और पौन घंटे तक वहीं केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री मुर्दा बाद के नारे लगाते रहे। बाद सभी कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता वहीं से कांग्रेस भवन के लिए लौट गए। गौरतलब है कि, मोदी सरनेम पर टिप्पणी करने को लेकर सूरत कोर्ट ने राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाई है। वहीं संसद से उनकी सदस्यता भी समाप्त कर दी गई है। जिसकी वजह से देश में राजनीतिक उवाल आ गया है। जिसका असर महासमुंद में भी नजर आया।

# 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी करने की घोषणा महज चुनावी हथकंडा : कामता पटेल

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार द्वारा किसानों से खरीफ सीजन 2023-24 में 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी करने की, की गई घोषणा को महज चुनावी हथकंडा बताते हुए किसान नेता एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कामता पटेल ने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी केंद्र सरकार की राशि से की जाती है । केंद्र के मिले पैसे से ही किसानों को समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान की भुगतान के साथ-साथ परिवहन बारदाना आदि की व्यवस्था की जाती है । जब समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी केंद्र सरकार की राशि



से की जाती है । ऐसे में झूठी वाहवाही लेने के लिए भूपेश सरकार ने 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल की गई है यदि बढ़ाना ही था तो चुनाव जीतने के बाद ही 20 क्विंटल की धान की खरीदी क्यों नहीं की गई पिछले साढ़े 4 वर्षों तक किसानों को जो नुकसान हुआ है आखिर उसकी भरपाई कौन करेगा । राज्य सरकार को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि किसानों को राजीव गांधी न्याय योजना के तहत मिलने वाली प्रोत्साहन राशि को भी ना बढ़ाकर किसानों को गुमराह करने का काम कर रही है । किसानों को पहले समर्थन मूल्य और 2500 रु के अंतर की राशि के रूप में यह प्रोत्साहन राशि दी जाती थी जो प्रति क्विंटल की दर से निर्धारित की गई थी बाद में इसे प्रति एकड़ की दर से प्रदान की जा रही है पिछले वर्ष 9000 प्रति एकड़ के हिसाब से दिया गया, जब 15 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से धान की खरीदी की जा रही थी । क्योंकि इस वर्ष 15 क्विंटल से 20 क्विंटल किया जा रहा है तो उस हिसाब से राजीव गांधी न्याय योजना की राशि में भी बढ़ोतरी की जानी चाहिए ।

# कृषि मेला सरगांव में जिले के 4 सौ से अधिक किसान हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कल आयोजित हुए भरोसे का सम्मेलन के तहत कृषि मेला में शामिल होने लगभग 4 सौ से अधिक किसान मुंगेली जिले के ग्राम सरगांव पहुँचे। इस मोके पर उप संचालक कृषि जोसेफ टोप्पो द्वारा हरी झंडी दिखाकर बस एवं अन्य गाड़ियों को रवाना किया गया। जिला अंतर्गत महिला स्व सहायता समूह द्वारा जिला में उत्पादित विभिन्न प्रकार के प्रदर्शनी हेतु भेजा गया। जोकि जिले के शान को दर्शा रहा है। कृषक भी अपने जैविक उत्पाद का प्रदर्शन किए जैसे गोमूत्र से बने ब्रह्मास्त्र, जीवामृत, ह्यूमिक एसिड, वर्मी वाश तथा धान के विभिन्न प्रकार जैसे ब्लैक राइस (शुगर फ्री) विष्णु भोग, बासमती, श्रीराम, ब्राह्मी अरहर एवं अन्य प्रदर्शन किया गया है।

# राजस्व शिविर में अवैध कब्जा व अवैध प्लाटिंग का मामला सामने आया

पायनियर संवाददाता ◀ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ (प्रियांशी विचारधारा) । राजस्व शिविर में अधिकतर तिल्दा - नेवरा क्षेत्र में बेलगाम अवैध कब्जा एवं अवैध प्लाटिंग का मामला सामने आया है । रायपुर जिला तिल्दा नेवरा में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया, उक्त शिविर में प्रमुखता से अवैध कब्जा एवं अवैध प्लाटिंग के शिकायते सामने आयी । तिल्दा नेवरा तहसील कार्यालय परिसर में आयोजित राजस्व शिविर में जिला कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे के



समकक्ष अन्य संबंधित अधिकारियों ने आय जाति, एवं ऋण पुस्तिका से संबंधित समस्याओं को त्वरित निराकरण किया । राजस्व शिविर में 193 प्रकरण सामने आये ,जिनमें अवैध कब्जा एवं अवैध प्लाटिंग का मामला सामने आया । इस मामले पर तिल्दा विकासखंड क्षेत्रांतर्गत ग्राम तुलसी निवासी केशव वैष्णव ने एक प्रकरण पर परिपत्र दाखिल किया केशव वैष्णव के अनुसार ग्राम तुलसी परिक्षेत्र में खसरा नंबर 577/2 में लगभग पांच हजार वर्ग फीट को तिल्दा-नेवरा निवासी राजकुमार भिखवानी ने मालिकाना हक जताकर किसे दुसरे को अवैध प्लाटिंग कर बेच दिया है । इस मामले पर वैष्णव ने बताया कि इस प्रकरण पर तात्कालिक कलेक्टर सौरभ कुमार ने अपराध पंजीबद्ध कर दोषियों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था ।इस मामले पर 11 जनवरी 2023 को आरक्षी केन्द्र तिल्दा -नेवरा में अपराध पंजीबद्ध करने आदेशित किया गया। परंतु आज दिनांक तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है । पीड़ित ने कथित व्यक्ति पर आरोप लगाते हुए कहा कि भू माफ़िया के द्वारा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर अवैध प्लाटिंग किया गया है जिसकी शिकायत पूर्व में कलेक्टर से किया जा चुका है । उसके बावजूद संबंधित अधिकारी कार्यवाही करने से कतरा रहे है , पीड़ित पक्ष केशव वैष्णव ने संबंधित अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा छत्तीसगढ़ की भुपेश सरकार का कार्य प्रशंसनीय है परन्तु कुछ अधिकारियों के मिलीभगत के चलते जनता परेशान हो रही है, इसी तरह विद्युत विभाग के अलावा अन्य विभागों से संबंधित मामला सामने आये ।

# भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

पायनियर संवाददाता ◀ बागबाहरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी कार्यालय रायपुर में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा गुंडागर्दी करते हुए कार्यालय में लगे फ्लेक्स को फाड़ने एवं भाजपा नेताओं के फोटो के साथ छेड़छाड़ करने के विरोध में भाजयुमो कार्यकर्ताओं द्वारा बागबाहरा ब्लॉक मुख्यालय में रेल्वे स्टेशन चौक पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला जलाकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया । भाजपा के विरोध प्रदर्शन के चलते भारी संख्या में पुलिस बल पहले से रेल्वे स्टेशन चौक पर तैनात था तथा प्रभारी एसडीओपी ने खुद मोर्चा सम्हाले हुए थे । पुतला दहन के दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं एवं पुलिस के बीच जमकर झूमा-झटकी भी हुआ । भाजयुमो के विरोध प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष जसराज चंद्राकर बाला ने कहा कि संविधान और न्यायालय के आदेश का अपमान करते हुए कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कल अलोकतांत्रिक व्यवहार करते हुए जिस तरीके से भारतीय जनता पार्टी रायपुर कार्यालय में अपने गुंडों को भेजकर हमला करवाया है तथा तोड़फोड़ किया, यह बहुत ही निंदनीय है । चंद्राकर ने आगे कहा कि कांग्रेसियों के इस अलोकतांत्रिक कृत्य को छत्तीसगढ़ की जनता देख रही है । भाजयुमो कार्यकर्ता कांग्रेसियों के गुंडागर्दी जैसे कृत्य की कड़ी निंदा करता है। भाजयुमो के विरोध प्रदर्शन में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अल्का चंद्राकर, वरिष्ठ भाजपा नेता नरेश चंद्राकर, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष आबिद खान, भाजपा मंडल अध्यक्ष गण प्रेम साहू , सागर चंद्राकर, पिलेश्वर पटेल, जिला उपाध्यक्ष संजय माल्वे,कार्यक्रम प्रभारी नरेंद्र बग्गा, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष गण नारायण तांडी, भुवनेश्वर लोधी, रवि फरोदिया, सांसद प्रतिनिधि भोजनाथ देवांगन, भीखम ठाकुर, हीरा साहू, नितेश पांडे, गिरीश चक्रधारी, प्रकाश पटेल, पुरण सबर , छन्नूलाल साहू, घनश्याम साहू, डॉली ध्रुव, जाह्नवी साहू, हर्षित शुक्ला,योगेश चिंदा,एवन साहू, हरीश जगत, पृथ्वी सिंह राजपूत ,दुष्यंत चंद्राकर, सोनू पांडे, सिवा साहू, नरेश्वर चौहान, अंशु पांडे, राजा ध्रुववंशी ,भोला यादव, डायमंड साहू, शिव साहू सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# छत्तीसगढ़ मीडिया एशोसियेशन की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ◀ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के पत्रकारों का महासंघ छत्तीसगढ़ मिडिया एशोसियेशन का मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुआ उक्त बैठक में अनुशासन हिनता के खिलाफअनुशासनात्मक कार्रवाई भी किया गया। रायपुर जिला तिल्दा नेवरा नगर के विश्राम गृह मे छत्तीसगढ़ मिडिया एशोसियेशन के जिलाध्यक्ष शैलेश सिंह राजपूत के उपस्थिती में समीक्षा बैठक किया गया । उक्त बैठक में विभीन्न निर्णय लिये गये, वहीं अनुशासन हिनता के चलते अनुशासनात्मक कार्रवाई भी किया गया । समीक्षा बैठक में बलौदा बाजार विधान सभा महासचिव हेतु धीरेन्द्र जायसवाल को दायित्व सौंपा गया वही ब्लाक उपाध्यक्ष पद पर अविनाश वाधवा को दायित्व सौंपी गई । समीक्षा बैठक में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ मिडिया एशोसियेशन के रायपुर जिलाध्यक्ष शैलेश सिंह राजपूत, विधान सभा मिडिया प्रभारी अजय नेताम, बलौदा बाजार विधानसभा प्रभारी धीरेंद्र जायसवाल , ब्लाक कोषाध्यक्ष हरिराम मार्कंडेय, ब्लाक उपाध्यक्ष अविनाश वाधवा, ब्लाक महासचिव सौरभ यादव ,सिमगा ब्लाक प्रभारी थानेश्वर साहू , दिलीप वर्मा , राजेन्द्र साहू ,पवन बघेल शिवा नंद निर्मलकर ,सोनू पंजवानी सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे ।

# सूरजपुर के ग्राम लटोरी में श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन और श्री बालाजी हॉस्पिटल ने नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

## 1000 से अधिक लोगों ने नि:शुल्क शिविर एवं दवा वितरण का लाभ उठाया



पायनियर संवाददाता ➤ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन और श्री बालाजी हॉस्पिटल ने सूरजपूर के ग्राम लटोरी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया, शिविर में लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। तकरीबन 1000 से अधिक व्यक्तियों ने निःशुल्क दवा वितरण एवं स्वास्थय शिविर का लाभ लिया। सूरजपूर जिले के ग्राम लटोरी (विश्रामपुर) में आयोजित शिविर में श्री बालाजी हॉस्पिटल के नामी डॉक्टरों द्वारा दी गयी सेवा में प्रमुख रूप से डॉ. दीपक जैसवाल (मेडिसिन), न्यूरो डॉ. मनीष चौरसिया (न्यूरो), डॉ. अमीन्नुद्दीन कुरैशी (आर्थोपेडीक), कार्डियोलॉजी डॉ. टी डी मखीजा, गैस्ट्रोरोलॉजी डॉ. नेताजी गरड, पीडियाट्रिक्स डॉ. कमलेश पटेल, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग डॉ. ज्योति दुबे, नाक कान गला डॉ. सुमाती गोयल, स्किन डॉ. निशा वर्मा, नेत्ररोग डॉ. वेद प्रकाश, डेंटल डॉ. पंकल मोदनवाल सहित काफी संख्या में अन्य स्टाफ उपस्थित रहें।





### उद्यान विभाग के आम बगीचे में होगी फल बहार की नीलामी

**कोंडागांव**। जिले में उद्यान विभाग के अंतर्गत स्थापित रोपणियों में रोपित आम बगीचों के फल बहार की नीलामी आगामी 3 व 5 अप्रैल सहित 10 व 12 अप्रैल को होगी। जिसके तहत शासकीय उद्यान रोपणी कोपाबेड़ा में 3 अप्रैल को मध्यान्ह 12 बजे और शासकीय उद्यान रोपणी फरसगांव में 5 अप्रैल को दोपहर 2 बजे नीलामी की जाएगी। इसी तरह शासकीय उद्यान रोपणी अड़ेंगा केशकाल में 10 अप्रैल को दोपहर 2 बजे और शासकीय उद्यान रोपणी टेंवसा बड़ेराजपुर में 12 अप्रैल को दोपहर 2 बजे नीलामी की जाएगी। उक्त नीलामी में इच्छुक बोली कर्ता नियत तिथि व समय पर उपस्थित होकर भाग ले सकते हैं। शासकीय बोली के पूर्व प्रत्येक बोली कर्ता को अपने पहचान हेतु आधार कार्ड या मतदाता परिचय पत्र प्रस्तुत करने के साथ ही 15 हजार रुपये अमानत राशि के रूप में जमा करना होगा। नीलामी से सम्बंधित अंतिम निर्णय सहायक संचालक उद्यान जिला कोंडागांव की होगी।

## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल ने ग्रेजुएशन डे कार्यक्रम का आयोजन किया

पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com




दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, मनेन्द्रगढ़ द्वारा ग्रेजुएशन डे कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसके मुख्य अतिथि माननीय डी ई ओ अजय मिश्रा थें। कार्यक्रम में अन्य गणमान्य व्यक्ति डिस्टिक जज-आनंद दीक्षित, एस.डी.एम- नयनतारा तोमर, मनेन्द्रगढ़ कोर्ट मजिस्ट्रेट-एकता अग्रवाल, चेयरमैन रमेश सिंह की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सुगंधित तथा पुलकित कर दिया। डायरेक्टर व्यंकटेश सिंह तथा पुनम सिंह एंव प्रिंसिपल अंशुमन सक्सेना द्वारा डी ई ओ सर का स्वागत किया गया। इसके पश्चात सभी शिक्षक गण ने अपना परिचय देते हुए डी ओ सर तथा मैम का स्वागत किया। इसके उपरान्त मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवल के साथ सरस्वती वंदना एंव स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस सिलसिले को आगे बढ़ते हुए सभी अतिथियो को तिलक, बैंच तथा पुष्प गुच्छो के साथ उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के नृत्य - गायन सम्मिलित थे। सर्वप्रथम यू के जी के बच्चों द्वारा प्रार्थना की गई तत्पश्चात उनके नृत्य प्रस्तुत किया गया। इन्ही विद्यार्थियो द्वारा फिर कौन बनेगा जी के एक्सपर्ट तथा विभिन्न प्रकार के ज्ञानवर्धक मोबाइल ऐप्लीकेशन के बारे में बताया गया। इसी क्रमवार आगे बढ़ते हुए नर्सरी और एल के जी के नन्हे -मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा भी मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के आर्कषण केन्द्र में सभी सम्मानित माताओं द्वारा रैम्प वॉक तथा नृत्य प्रस्तुत किया गया। इन महिलाओं ने यह साबित किया कि चाहे कोई भी क्षेत्र हो वे सदैव सर्वश्रेष्ठ है। नर्सरी बच्चों के द्वारा योगा तथा जीरो की महत्ता बताते हुए इयान जय जरिद द्वारा नाटक रहा। इसके उपरान्त यू के जी के विद्याथियों -अभिनव शुक्ला, अनन्त विजय सिंह तोमर, अद्वर्ति सिंह, अलख सिंह रैना, अनाया सिंह, अर्तिका शुक्ला, अव्या मेहर, अनिरूद्ध अग्रवाल, अंश सिंह, अरायना सिंह, अरनव सेन, अतिफा अयानन्शु, दीप अरोरा, इयान जय जरिद, कविन कौर, कृति, नत्या निष्ठा, रिधम, रौनक, रिद्दिमा साई प्रिशा, समृद्वि सराफ सान्वी, सानिया, सार्थक, समृद्धि पटेल, सान्वी कर्ष, श्रेया, शर्य तल्लानी, सोनिया, वन्या अग्रवाल , वैदिक , यंवाश सराफ प्रार्थना तथा परिधि अग्रवाल को ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट दिए गए।

## महिला सोनी समाज ने शीतला माता मंदिर में किया सुहागि ली पूजा



पायनियर संवाददाता ➤ बलोदा बाजार
www.dailypioneer.com

जिला सोनी समाज की महिलाओं द्वारा स्थानीय शीतला माता मंदिर सुहाग ली माता का पूजा कार्यक्रम रखा गया द्य चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर आमंत्रित सोनी समाज की 51 महिलाओं ने अपनी मनोकामना की सिद्धि हेतु देवी माता का विधि विधान से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान समाज की महिलाओं द्वारा भजन एवं जस गीत भी गाया द्य इस अवसर पर सोनी समाज की महिलाएं शारदा सोनी, आरती सोनी, रुकमणी सोनी, सरस्वती सोनी, साधना सोनी, लता सोनी, पूनम सर्राफ बबीता सोनी, गीता सोनी, रेखा सोनी, विद्यांचल सोनी, स्मिता सोनी, प्रगति सोनी, सुशीला सोनी, अंजू सोनी, मीना सोनी, वर्षा सोनी, नेहा सोनी, मोना सोनी, सोनी, शैली सर्राफ सुमन सोनी, मंजू सोनी, नीतू सोनी, आस्था सोनी, विजेता सोनी, नेहा सोनी, गोल्डी सोनी अपर्णा सोनी एवं अन्य महिलाएं उपस्थित रही।

## एक मुट्ठी दान श्री राम के नाम अभियान अंतर्गत प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने किया नगर भ्रमण

पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



निरन्तर 38 वर्षों से जारी यह अभियान मध्य भारत का सबसे बड़ा भव्य सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन बन चुका है । यह जानकारी देते हुए पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने कुम्हारी नगर भ्रमण करते समय बताया कि श्री राम मंदिर निर्माण के संकल्प के साथ इस समिति की नींव रखी गई थी वह आज पूर्णता की ओर अग्रसर है। इस अभियान के तहत हर घर से महाप्रसाद के लिए अन्य संग्रहण किया जा रहा है अब तक 98 क्विंटल अन्य का संग्रहण किया जा चुका है । श्री राम नवमी के पावन अवसर पर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है इस आयोजन में 1150 से अधिक मठ मंदिरों की लघु शोभायात्रा भाग ले रही है । एक मुट्ठी दान श्रीराम के नाम अभियान के अंतर्गत कुम्हारी के विभिन्न वार्ड क्रमांक 14, 15 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी तथा वार्ड क्रमांक 10 शंकर नगर होते हुए वार्ड 09 में भी अन्न दान का संग्रहण किया गया । इस अवसर पर नगर के गणमान्य पप्पू तिवारी, रामाधार शर्मा, अनुराग गुप्ता, मिथिलेश यादव, राजू निषाद, फिंगेश्वर साहू, राजेश, 15 नंबर वार्ड पार्षद रागिनी निषाद एवं भारी संख्या में जनसैलाब इस अभियान में उत्साहपूर्वक जुटे रहे ।

## जिले के तितरवंड में धुमधाम से मनाया गया देव मेला, 84 प्रांगणों के देवी देवता हुए थे शामिल



पायनियर संवाददाता ➤ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिला अंतर्गत विकासखंड बड़ेराजपुर के अंतिम छोर में बसे ग्राम पंचायत तितरवंड का फुल बाजार मेला बड़े ही धुमधाम के साथ मनाया गया। इस मेले में माई भंडारी के पुत्र पीला बाबू के आंगा द्वारा पुरे मेले का परिक्रमा किया गया। इस बार मेले में बहुत ही भीड़ देखने को मिली जहां आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों के भी इस मेला में शामिल हुए। जिसमें ग्राम पंचायत तितरवंड के आश्रित ग्राम पिटीसपाल, ग्राम हरवेल, पीढापाल, कुल्दाडिही, जोडेकेरा, बडबत्तर, जामपारा, धामनपुरी, किबड़ा, गम्हरी, बालेंगा, राहटीपारा, डिहीपारा और ग्राम पंचायत के तितरवंड के सरपंच सुमिता मरकाम, उपसरपंच पुजारी गायता पटेल, कोटवार और युवा संगठन तितरवंड के युवा साथियों द्वारा शामिल रहें।

## निषाद समाज द्वारा भक्त गुहा जयंती पर निकाली गई विषाल बाईक रैली

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

फुलझर राज महासभा सरायपाली के तत्वाधान में निषाद समाज के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 मार्च को स्थानीय टाउनहाल में समस्त सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति भक्त गुहा निषाद राज जयंती धूमधाम से मनाई गई। समाज के लोगों ने कार्यक्रम स्थल पर एकत्रित होकर भगवान श्रीराम और भक्त गुहा निषाद राज की पूजा-अर्चना कर जयंती को धूमधाम से मनाया। वही निषाद समाज के प्रमुखों ने बताया इस दिन का इन्हें बेसब्री से इंतजार रहता है इस दिन को उत्सव के रूप में पूरा निषाद समाज धूमधाम से मनाता है। वहीं प्रातः 10 बजे पूजा अर्चना के पश्चात एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड के पार्षद हरदीप सिंह रैना उपस्थित थे। इस दौरान स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समाज प्रमुखों द्वारा रैना का पुष्पहार से स्वागत किया गया। उन्होंने समाज को पूर्व वर्ष वार्षिक बैठक में उपस्थित होकर भूमि आबंटित करने के लिए आश्वासन दिया था।



### श्रीराम के चरण धोते हुए झांकी रही आकर्षण का केन्द्र

इसके पश्चात 1 बजे डीजे की धुन पर विशाल बाईक रैली निकाली गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग बाईक में फगवा ध्वज टांगकर रैली में शामिल हुए। इस दौरान श्रीरामचन्द्र, माता जानकी एवं लक्ष्मण भैय्या को गुहा निषाद द्वारा नाव से गंगा पार करते हैं चलित झांकी के रूप में दिखाया गया, जो मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा। जिनके साथ समाज के लोगों द्वारा नगर के मुख्य मार्ग में शोभायात्रा रैली निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरूष एवं बच्चे शामिल हुए। इस दौरान प्रमुख रूप से महासभा के अध्यक्ष मनीराज निषाद, उपाध्यक्ष रंजीत निषाद, पिताम्बर निषाद, च धर निषाद, मेघनाथ निषाद, रूपधर निषाद, निरंजन निषाद, उत्तर निषाद, संतराम निषाद, शिवा निषाद, ज्योधाराम निषाद, रेशम निषाद, शोभाराम निषाद, मकुन्दी निषाद, सुशील निषाद, विजय निषाद, मुनूबाबू निषाद, वासुदेव निषाद, राजकुमार निषाद, संतोष सोनवर्षा, संपतलाल निषाद, अर्जुन सिंह निषाद, खिकलाल निषाद, लेवसराम निषाद, मोहन निषाद, नारायण निषाद, शंकर निषाद, देवानंद निषाद, दुशासन निषाद, शोभाराम निषाद, रवि निषाद, मोहित निषाद, बाबुलाल निषाद, जगमोहन निषाद, राजेन्द्र निषाद, नरेश निषाद, हरिसिंह निषाद, डिगेलाल निषाद, किरती निषाद, रविलाल निषाद, नुतन निषाद, विश्राम निषाद, मालिकराम निषाद, सुजन निषाद, हेमसागर निषाद सहित भारी संख्या में महिलाएं भी मौजूद थे।

## माइंडस्पार्क एप से बच्चों का हो रहा विकास

पायनियर संवाददाता ➤ कोंडागांव
www.dailypioneer.com





जिला कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशन में चल रहे आकांक्षी जिला प्रोग्राम में नीति आयोग की सहयोगी संस्था पीरामल फाउंडेशन व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान पर जिले में माइंडस्पार्क ऐप पढ़ाई बालक पालक सम्मेलन किये जा रहे हैं। उसी क्रम में शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बम्हनी में माइंड स्पार्क ऐप से निरंतर पढ़ाई के लिए पालक बालक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें माइंडस्पार्क ऐप से पढ़ने वाले बच्चों के पालक सम्मेलन में उपस्थित होकर स्कूल के बाद बच्चों को घर पर अपने साथ बैठाकर माइंडस्पार्क एप्स के द्वारा बच्चों को पढ़ाई सुनिश्चित कराने के लिए चर्चा किया गया। गांधी फेलो हरिओम प्रसाद चौरसिया के द्वारा स्कूल के समर छुट्टियों में बच्चों को ऐप के द्वारा उनकी निरंतर पढ़ाई को सुनिश्चित कराने के लिए प्रेरित किया गया। कोविड-19 में बच्चों की बुनियादी शिक्षा का स्तर कम हो गया हैं उसके सुधार के लिए बच्चों को माइंडस्पार्क ऐप को घर पर अतीरिक्त टूल के रूप में दीया गया हैं। ज़िले में लगभग 7 हजार 130 से अधिक बच्चे माइंडस्पार्क कर रहे हैं जिनमे से 3 हजार 700 से अधिक बालिकाएं शामिल हैं। माइंडस्पार्क से बच्चों को लगातार पढ़ाई सुनिश्चित करने के लिए गांव में शिक्षित युवाओं को बच्चों की बुनियादी शिक्षा और बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने के लिए सेवा भाव से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। पालक के समक्ष माइंड स्पार्क एप से पढ़ाई करने वाले बच्चों के सीखने की पद्धति और पढ़ने की क्षमता को सुना गया। इस कार्यक्रम का संचालन नीति आयोग के सहयोगी संस्था पीरामल फाउंडेशन टीम के द्वारा शिक्षा विभाग के डीईओ अशोक पटेल, डीएमसी महेंद्र नाथ पांडे, एपीसी रूप सिंह सलाम के साथ मीलकर संचालित किया जा रहा हैं।

### किराए पर वाहन उपलब्ध कराने के लिए 12 अप्रैल तक निविदा प्रस्ताव

**कोंडागांव**। पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत संचालित कार्यों के निरीक्षण हेतु जिला पंचायत कोंडागांव में एक टाटा सफारी वाहन की किराए पर आवश्यकता हैं। रूचि की अभिव्यक्ति के तहत इच्छुक फर्म या एजेंसी से उक्त वाहन के लिए मुहरबंद लिफाफे में निविदा प्रस्ताव आगामी 12 अप्रैल को शाम 4 बजे तक जिला पंचायत कोंडागांव में आमंत्रित किया गया हैं। इस निविदा सम्बन्धी नियम, शर्तें और अन्य जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती हैं।

## 'अज़ीज़ मस्जिद' के नाम से जानी जायेगी आईबी ग्रुप द्वारा बनवायी गयी ये सबसे खूबसूरत मस्जिद!

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

कुछ इमारतें अपनी बनावट के लिए प्रसिद्ध होती है। हाल ही में देश की प्रमुख कंपनी आईबी ग्रुप ने राजनाँदगांव में मस्जिद का निर्माण करवाया जिसे अज़ीज़ मेमोरियल ट्रस्ट संचालित करेगा। इसे टूरिज्म के लिहाज से भी देखा जा रहा है। 3 एकड़ के क्षेत्रफल में बनकर तैयार हुई "अज़ीज़ मस्जिद" को पूरा होने में लगभग 2 साल का समय लगा7 राजस्थान से बुलाये तक़रीबन 200 कारीगरों ने दिन-रात मेहनत करके मस्जिद के निर्माण और नक्काशी का कार्य पूरा किया। अज़ीज़ मस्जिद की भव्यता का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें 500 से अधिक नमाज़ी एक साथ नमाज़ अदा कर सकते हैं। बनारस से आये जनाब हाफिज़ कारी व इमाम शाहनवाज़ अशरफ़हैदरी साहब ने इस मौक़े पर जमात को तक़रीर किया। आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली ने बताया कि "कई साल पहले एक मस्जिद देखने के बाद मैं चाहता था कि अपने राजनांदगांव में भी इबादत के लिए ऐसी मस्जिद होना चाहिए। अपने उसी विज़न को पूरा करने के लिए इस मस्जिद के निर्माण का विचार आया। जिसके लिए हमने कारीगरों के अलावा मस्जिद में इस्तेमाल होने वाले पत्थर, मार्बल्स, झूमर, लाइट्स और सजावट की अन्य वस्तुएं बाहर के राज्यों और अन्य देशों से मंगाई है। 21 मार्च से शुरू हुई मस्जिद में अलसुबह 5.10 बजे अजान हुई और फज्र की नमाज़ के साथ इबादत का सिलसिला आरम्भ हुआ जिसमें कई नमाज़ियों ने हिस्सा लिया। रौनक जमाल ने उद्घघाटन के इस पुरे कार्यक्रम का सुव्यवस्थित तरीके से संचालित किया। ईशा और मग़रिब की नमाज़ के बाद दावत में आईबी ग्रुप के चैयरमेन सुल्तान अली, एमडी बहादुर अली, डायरेक्टर्स ज़ीशान बहादुर, फहीम सुल्तान, गुलरेज़ आलम और कंपनी के अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित थे। समारोह में शहर और राज्य की कई मशहूर हस्तियां डॉ. ए. के. ढल्ला, डॉ. सिद्धकी (प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ दुर्ग),फैज़ल रिज़वी (एडवोकेट), एज़ाज़ सिद्धकी (एडवोकेट), जावेद अली, इमरान मेनन कमर खान और राजनांदगाव की सभी मस्जिदों के सदर (प्रमुख) और लगभग 1000 से अधिक लोग दावत में शामिल थे। इसके अलावा मण्डला, नागपुर, बालाघाट, शिवनी, अकलतरा और छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से लोग उपस्थित हुए थे।

### मोदी सरकार के तानाशाही रवैये के विरोध में जिला कांग्रेस का संकल्प सत्याग्रह


## प्रधानमंत्री खा भी रहे हैं खिला भी रहे हैं और अपने मित्रों को बचा भी रहे हैं: मोहन मरकाम

पायनियर संवाददाता ➤ कोंडागांव
www.dailypioneer.com




कांग्रेस ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा तानाशाही का परिचय देते हुए न्यायालय द्वारा 1 माह का समय देने के बावजूद आनन फानन में राहुल गांधी की संसद की सदस्यता रद्द करने के खिलाफ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश पर कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा एक दिवसीय संकल्प सत्याग्रह के माध्यम से कोंडागांव अम्बेडकर चौंक मे धरना देकर अपना विरोध दर्ज कराया। छग प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सह विधायक कोंडागांव ने संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर की मूर्ति में माल्यार्पण कर व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर सत्याग्रह धरना प्रदर्शन प्रारम्भ किया, जिस प्रकार से केंद्र की मोदी सरकार विपक्षियों पर कभी म्क् कभी सीबीआई और कभी अन्य माध्यमों से दबाव बनाकर संसद में उनकी आवाज को दबाने का प्रयास कर रही हैं और केंद्र की मोदी सरकार और अडानी समूह के संबंध के बारे में राहुल गांधी द्वारा संसद में प्रश्न पूछे जाने से डर कर उनकी सदस्यता रद्द किया हैं ताकि विपक्ष की जेपीसी की मांग बाधित हो और मोदी और अडानी के संबंध में कोई खुलासा ना हो सके। लेकिन देश की जनता अब समझ चुकी हैं कि, कहीं ना कहीं मोदी जी अडानी समूह के माध्यम से इस देश की जनता की गाढ़े खून पसीने की कमाई को लूट रही हैं और इसी आवाज को दबाने के प्रयास के फ्लस्वरूप तानाशाही ऐसा ही रवैया अपनाते हुए उनकी संसद की सदस्यता रद्द की हैं लेकिन ना राहुल गांधी इन सब से डरने वाले हैं और ना कांग्रेस का कोई सिपाही इससे डरने वाला हैं आने वाले समय में लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई और तेज होगी और उम्मीद ही नहीं विश्वास हैं कि, देश की जनता भी कांग्रेस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर के लोकतंत्र की रक्षा की इस लड़ाई में साथ में जुड़ेगी केंद्र की मोदी सरकार की यह तानाशाही इस बात को भी बल देती हैं कि, राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा पूर्ण रूप से सफल हुई हैं और इसी यात्रा की डर की वजह से केंद्र की मोदी सरकार राहुल गांधी से डरी हुई है और ऐसे हथकंडे अपना रही हैं लेकिन वह भूल गई है कि राहुल गांधी उस परिवार का हिस्सा हैं जिसके परिवार में उसकी दादी और उसके पिता ने इस देश के लिए अपने प्राणों को निछावर किया हैं अपना बलिदान दिया हैं। इस एकदिवसीय संकल्प सत्याग्रह में पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम, जिला कांग्रेस अध्यक्ष झुमुक लाल दिवान, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष राज मरकाम सहित जिले भर के कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहें।

# पर्किंसंस कहीं आपको सुस्त न बना दे



स्वास्थ्य-स्थिति के बारे में जानकारी का प्रसार करने व बीमारी को बेहतर ढंग से समझने के लिए हर साल 11 अप्रैल को विश्व पर्किंसंस दिवस मनाया जाता है। पर्किंसंस रोग (पीडी) या जिसे पर्किंसंस भी कहा जाता है, एक प्रगतिशील तंत्रिका तंत्र विकार है जो गति को प्रभावित करता है। वर्तमान में, यह दुनिया भर में 10 मिलियन से अधिक लोगों को प्रभावित करता है। 2016 में भारत, अनुमानित पीडी के साथ रहने वाले लगभग 0.58 मिलियन व्यक्तियों का घर है, और आने वाले वर्षों में इसकी व्यापकता में वृद्धि की अपार संभावना है। इससे अर्थव्यवस्था के साथ-साथ देश में पहले से बोझ की मारी स्वास्थ्य सेवाओं पर भारी दबाव पड़ने की आशंका है।

पीडी के लक्षण आमतौर पर धीरे-धीरे सामने आते हैं, और जैसे-जैसे बीमारी बढ़ती है, नॉन-मोटर लक्षण अधिक सामान्य हो जाते हैं।

वर्तमान में, इस न्यूरो-जनरेटिव बीमारी का कोई इलाज नहीं है, लेकिन किसी को अपना हौंसला नहीं खोना चाहिए क्योंकि तंत्रिका विज्ञान केंद्र, एम्स, दिल्ली की प्रमुख, डॉ एमवी पद्मा श्रीवास्तव का कहना है कि उचित देखभाल, जीवनशैली व दवाओं में कुछ बदलाव द्वारा इसे अच्छी तरह से प्रबंधित किया जा सकता है और इसकी प्रगति को धीमा किया जा सकता है।



**डॉ. एमवी पद्मा श्रीवास्तव**
प्रमुख, तंत्रिका विज्ञान केंद्र, एम्स, नई दिल्ली

द पायनियर हेल्थ से बात करते हुए, डॉ श्रीवास्तव ने कहा कि चूंकि पीडी 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को प्रमुख रूप से प्रभावित करता है और यह देखते हुए कि जीवन प्रत्याशा बढ़ रही है, इस बीमारी के 2040 तक 12 मिलियन से अधिक लोगों को प्रभावित करने का अनुमान है।

उन्होंने इंगित किया कि 40 वर्ष से कम उम्र के युवा भी इस बीमारी की रिपोर्ट कर रहे हैं पीडी के शुरुआती रूप अक्सर, लेकिन हमेशा नहीं, विरासत में मिले हैं, और कुछ रूपों को विशिष्ट जीन उत्परिवर्तन से जोड़ा गया है।

डॉ श्रीवास्तव ने समझाया कि यह रोग तब होता है जब बेसल गैन्ग्लिया - मस्तिष्क का एक क्षेत्र जो गति को नियंत्रित करता है - में तंत्रिका कोशिकाएं क्षीण हो जाती है और/या मर जाती हैं। आम तौर पर, ये तंत्रिका कोशिकाएं, या न्यूरॉन्स, एक महत्वपूर्ण मस्तिष्क रसायन उत्पन्न करते हैं जिसे डोपामाइन कहा जाता है। जब न्यूरॉन्स मर जाते हैं या खराब हो जाते हैं, तो वे कम डोपामाइन का उत्पादन करते हैं, जिससे पीडी की गति संबंधी समस्याएं होती हैं। वह बताती हैं कि डोपामाइन का उत्पादन करने वाली कोशिकाओं के मरने का क्या कारण है, यह जानने के लिए विभिन्न शोध चल रहे हैं। इसके अलावा, पीडी वाले लोग तंत्रिका अंत भी खो देते हैं जो नॉरपेनेफ्रिन का उत्पादन करते हैं, यानी सहानुभूति तंत्रिका तंत्र का मुख्य रासायनिक संदेशवाहक, जो शरीर के कई कार्यों को नियंत्रित करता है, जैसे कि हृदय गति व रक्तचाप। नॉरपेनेफ्रिन का नुकसान पार्किंसंस की कुछ गतिहीन विशेषताओं को समझाने में मदद कर सकता है, जैसे कि थकान, अनियमित रक्तचाप, पाचन तंत्र के माध्यम से भोजन की गतिशीलता में कमी, और रक्तचाप में अचानक गिरावट जब कोई व्यक्ति बैठने या लेटने की अवस्था से खड़ा होता है। वह कहती हैं कि लक्षण धीरे-धीरे शुरू होते हैं, कभी-कभी केवल एक हाथ में बमुश्किल ध्यान देने योग्य झटके से शुरू होते हैं। झटके आम हैं, लेकिन विकार भी आमतौर पर कठोरता या गति को धीमा करने का कारण बनता है।

संक्षेप में, इस रोग के, कंपकंपी व दर्द से लेकर चिंता तक, 40 से अधिक लक्षण हैं और प्रत्येक व्यक्ति का अनुभव अलग होता है। ''हाथ, भुजाएं, पैर, जबड़े या सिर में कंपन, छोटी लिखावट, सूंघ न पाना, सोने में परेशानी, चक्कर आना या बेहोशी, झुकना या कूबड़, चलने या चलने में परेशानी, कब्ज, नरम या कम आवाज। उदाहरण के लिए, कभी-कभी आप सोच सकते हैं कि अन्य लोगों की सुनने की क्षमता कम हो रही है, जबकि वास्तव में आप अधिक धीरे बोल रहे हैं। या नकाबपोश चेहरे कुछ प्रमुख लक्षण हैं।''

साथ ही, पीडी व्यक्ति के चलने का तरीका भी बदल सकता है। किसी को ठंड लगना और संतुलन बनाने में परेशानी जैसे मोटर लक्षणों का अनुभव हो सकता है। इसलिए यदि किसी को दो से अधिक लक्षण दिखाई देते हैं, तो डॉक्टर से परामर्श करने का समय आ गया है।

डॉ श्रीवास्तव कहती हैं कि किसी भी अन्य बीमारी की तरह, पीडी का प्रबंधन बहुत समान है - जैसे व्यायाम, अनुशासित जीवन शैली, स्वस्थ आहार और तनाव मुक्त जीवन। जैसा कि हम जानते हैं कि व्यायाम सभी के लिए स्वस्थ जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन पीडी वाले लोगों के लिए व्यायाम और आहार दवा की तरह हैं, यह उन्हें एक पूर्ण जीवन जीने में मदद करता है- गतिशीलता, लचीलापन, ताकत और चाल की गति को सुधारता है और उसे बनाए रखता है। यह सलाह दी जाती है कि पीडी वाले लोगों को दवा लेने के 45 मिनट से एक घंटे बाद तक व्यायाम करना चाहिए जब वे अपने सर्वोत्तम अवस्था में हों। डॉ श्रीवास्तव कहती हैं, गंभीर मामलों में मोटर लक्षणों को कम करने के लिए डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) के लिए माइक्रोइलेक्ट्रोड लगाने के लिए सर्जरी का इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि पीडी के रोगियों को अपनी दिनचर्या में कुछ ऐसे शौक बनाने की कोशिश करें जो उन्हें बीमारी से दूर रहने में मदद करें। या खुद को व्यस्त रखने के लिए कुछ गतिविधियां खोजें। डाक्टर ने अपनी बातचीत समाप्त करते हुए कहा कि बतौर समाज, हमारी ओर से अब समय आ गया है कि लोग इस बीमारी को दूर करने और इसे मानवीय बनाने के लिए चर्चा शुरू करें। जितना अधिक लोग पीडी को समझते हैं, पर्किंसंस के लोग उतना ही अधिक सम्मानित महसूस करेंगे।

## समर कूलर

**संतरे:** इनमें भरपूर फाइबर होता है और इसमें बहुत सारे विटामिन सी और फोलेट होते हैं, साथ ही साथ कई अन्य पोषक तत्व भी होते हैं। संतरे में विभिन्न प्रकार के प्लांट कम्पाऊंड्स होते हैं जिन्हें इसके कई स्वास्थ्य लाभों के लिए जिम्मेदार माना जाता है। वे हृदय स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं, कुछ पुरानी बीमारियों के जोखिम को कम कर सकते हैं, लोहे के अवशोषण में सुधार कर सकते हैं और एक स्वस्थ प्रतिरक्षाविज्ञानी प्रतिक्रिया को बढ़ावा दे सकते हैं। फलों के रस में चीनी की मात्रा अधिक होती है और पूरे फलों की तुलना में फाइबर कम होता है, जिससे वे बहुत कम संतुष्ट होते हैं। संतरे कुछ लोगों में एलर्जी का कारण बन सकते हैं, और उनकी अम्लता प्रतिक्रिया के लक्षणों को बढ़ा सकती है। दूसरी ओर, संतरे सामान्य रूप से नगण्य स्वास्थ्य खतरे पैदा करते हैं।





# गुणवत्तापूर्ण जीवन प्रदान करना

**भारत में हेमोफीलिया, जो एक रक्तस्राव विकार है, के लगभग दो लाख रोगी हैं, यह रोग ठीक से प्रबंधित न होने पर दुर्बल और दर्दनाक हो सकता है। रोग प्रबंधन में नए विकास के बारे में विशेषज्ञों से बात करता है पायनियर हेल्थ**

डॉक्टरों का कहना है कि स्टैंडर्ड से एक्सटेंडेड हाफ-लाइफ (ईएचएल) रिप्लेसमेंट थेरेपी पर स्विच करने से मध्यम या गंभीर हीमोफीलिया से पीड़ित कई रोगियों को एक गुणवत्तापूर्ण जीवन जीने में मदद मिल रही है, क्योंकि इसमें इंजेक्शन, अस्पताल के चक्कर लगाने की कम आवश्यकता होती है और प्रायः होने वाला जोड़ रक्तस्राव की संभावना घटती है।

हीमोफिलिया एक आनुवंशिक विकार है जो रक्त के ठीक से थक्का न जमने से चिह्नित होता है, जिसके परिणामस्वरूप आंतरिक रूप से सहज रक्तस्राव होता है और चोट या सर्जरी के बाद अत्यधिक रक्तस्राव होता है। दोषपूर्ण या लापता थक्के वाले कारकों के कारण, जिनसे रक्त के थक्कों को बढ़ावा मिलता है, स्थिति मनोवैज्ञानिक और सामाजिक मसलों सहित खराब गुणवत्ता वाले जीवन में तब्दील हो सकती है।

आनुवंशिक रूप से विरासत में मिली हीमोफिलिया के दो सबसे आम प्रकार हैं हीमोफिलिया ए, जो प्रभावित रक्त के थक्के के कारक 8 से जुड़ा है, और हीमोफिलिया बी, जो प्रभावित रक्त के थक्के के कारक 9 की ओर जाता है।

रक्तस्रावी प्रक्रियाओं को रोकने के लिए गंभीर हीमोफिलिया के रोगियों के लिए अनुशंसित उपचार आहार में कमी वाले थक्के के कारक को बदलना है। मानक प्रतिस्थापन क्लॉटिंग कारक जो अब तक उपचार लाइन का हिस्सा रहे हैं, उनके अपेक्षाकृत कम आधे जीवन तक सीमित हैं और सुरक्षात्मक स्तरों को बनाए रखने के लिए सप्ताह में तीन बार अंतःशिरा इंजेक्शन की आवश्यकता होती है। यह रोगी के अनुपालन पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है और कभी-कभी अवरोधक भी बन जाता है।

हाल ही में, इस सीमा को पार करने के प्रयास में तथाकथित ईएचएल उत्पादों को विकसित किया गया है। इन उत्पादों में, डिलीवर किए गए क्लॉटिंग फैक्टर की संरचना को बदल दिया जाता है ताकि शरीर इसे सर्कुलेशन से साफ करने में अधिक समय ले। इसका मतलब यह है कि ये उत्पाद रक्तप्रवाह में प्रवाहित होने के बाद अधिक समय तक काम करते हैं।

इन कारक उत्पादों या ईएचएल को उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु व हरियाणा जैसे राज्यों के कुछ सरकारी अस्पतालों में पहले से ही रोगियों को उपलब्ध कराने के साथ सरकारी कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में अनुमोदित किया गया है।

एसोसिएट प्रोफेसर एवं बाल चिकित्सा हेमटोलॉजी-ऑन्कोलॉजी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ, नोएडा, यूपी की प्रमुख डॉ नीता राधाकृष्णन कहती हैं, ''ईएचएल के साथ क्लॉटिंग कारकों के कई फायदे हैं, जिनमें कम इंजेक्शन आवृत्ति, इलाज के पालन में वृद्धि, और बेहतर नैदानिक परिणाम शामिल हैं। लंबे समय तक काम करने वाले थक्के कारक हीमोफिलिया के लिए बेहतर व्यक्तिगत उपचार का अवसर प्रदान करते हैं।''

ईएचएल वाली नई दवाओं को हीमोफीलिया समुदाय के लिए वरदान बताते हुए उन्होंने कहा कि वे लंबे समय तक काम करती हैं, बार-बार खुराक की आवश्यकता काफी कम हो जाती है। वे सर्जरी में भी मददगार पाई गई हैं, जहां नियमित कारकों की अतिरिक्त खुराक की आवश्यकता अक्सर होती है।


हीमोफीलिया के प्रबंधन में सबसे बड़ी चुनौती वर्तमान में थक्का जमाने वाले कारकों - जिसे अवरोधक कहा जाता है - में एंटीबॉडी का विकसित होना है, यानी एंटीबॉडी को निष्क्रिय करना जो पारंपरिक प्रतिस्थापन उपचारों को अप्रभावी बना सकता है।

### स्वस्थ जीवन के लिए दैनिक दिनचर्या

- नियमित रूप से व्यायाम करें
- तैराकी, साइकिल की सवारी और पैदल चलने जैसी गतिविधियां जोड़ों की रक्षा करते हुए मांसपेशियों का निर्माण कर सकती हैं
- संपर्क खेल - जैसे फुटबॉल, हॉकी या कुश्ती - हीमोफीलिया वाले लोगों के लिए सुरक्षित नहीं हैं
- खास दर्द और खून को पतला करने वाली दवाओं से बचें
- दांतों की बेहतर स्वच्छता बनाए रखें
- अपने बच्चे को चोटों से बचाएं जिससे रक्तस्राव हो सकता है
- घुटने के पैड, कोहनी के पैड, हेलमेट व सुरक्षा बेल्ट सभी चोटों को गिरने व अन्य दुर्घटनाओं से बचाने में मदद करते हैं
- अपने घर को नुकीले कोनों वाले फर्नीचर से मुक्त रखें।

हीमोफिलिया ए के लगभग 20-25 प्रतिशत और हीमोफिलिया बी के 8-10 प्रतिशत रोगियों में अवरोधक विकसित होते हैं। एक बार जब वे विकसित हो जाते हैं, तो इन रोगियों को नियमित थक्के कारक घोल नहीं दिया जा सकता है। इस व्यवस्था में, ईएचएल कारक उभरे हैं जो अवरोधकयक्त व अवरोधकमुक्त दोनों रोगियों में दिए जा सकते हैं। दूसरा फायदा यह है कि उन्हें 2-4 साप्ताहिक अंतराल पर और चमड़े के नीचे (इंसुलिन की तरह) दिया जा सकता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वे रक्त स्राव को रोकने में मदद करते हैं और उन केंद्रों में भी अच्छी प्रतिक्रिया मिली है जो इसका इस्तेमाल कर रहे हैं।

''हीमोफिलिया उपचार धीरे-धीरे विकसित हुआ है- रक्त-व्युत्पन्न उत्पादों के उपयोग से लेकर शुद्ध व सुरक्षित पुनः संयोजक क्लॉटिंग कारकों तक, और ऑन-डिमांड उपयोग से नियमित प्रतिस्थापन चिकित्सा (मधुमेह में इंसुलिन के समान) तक। हीमोफिलिया, एमएएमसी और लोक नायक अस्पताल, नई दिल्ली में सलाहकार, डॉ प्रो नरेश गुप्ता ने कहा, ''एक और स्वागत योग्य छलांग लंबे समय तक सक्रिय रहने वाले (ईएचएल) क्लॉटिंग कारकों का विकास है, जो दर्दनाक संक्रमण की संख्या को कम करती है। यह साप्ताहिक रूप से केवल एक बार इसके सम्मिश्रण को संभव बनाता है, जिससे सुविधा और अनुपालन में सुधार होता है, जबकि आवश्यक दवा की कुल मात्रा को कम करता है।''लागत के संबंध में डॉक्टरों ने कहा कि एक बार सरकारी व्यवस्था में ईएचएल शामिल हो जाने के बाद लागत अपने आप कम हो जाएगी। इसके अलावा, ईएचएल के साथ नए कारक उत्पादों का हालिया विकास समान प्रभावशीलता के साथ, हर हफ्ते या दो बार सम्मिश्रण के बीच के समय को बढ़ाने में सक्षम हुआ। ईएचएल क्लॉटिंग कारकों को उपचार के पालन में वृद्धि और बेहतर नैदानिक परिणामों से भी जोड़ा गया है।



# पराग एलर्जी की बढ़ती समस्या

वसंत पूरी तरह खिल चुका है। कई लोगों के लिए इसे संजोना एक प्यारा नजारा नहीं, बल्कि पराग से संबंधित एलर्जी रोगों से जूझना हो सकता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अन्य समान पौधों को उर्वरित करने के लिए पेड़ों, घासों और खरपतवारों द्वारा सूक्ष्म बायोएरोसोल कण छोड़े जाते हैं। नाक के रास्ते में प्रवेश करने वाले पराग एलर्जी का कारण बन सकते हैं - कुछ हद तक सामान्य फ्लू और सर्दी जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं। इससे भी बुरी बात यह है कि जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तनशीलता बढ़ रही है, यह उम्मीद की जाती है कि शहरी वातावरण पराग से संबंधित श्वसन और त्वचा रोगों के बोझ को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ा देगा।

वास्तव में, पराग एलर्जी को अब एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या माना जा रहा है जो बीमारी का कारण बनती है और बाद में रोगी के जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करती है, भारतीय वैज्ञानिकों ने पराग पूर्वानुमान प्रणाली विकसित करने और स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के प्रशिक्षण व व्यक्तिगत उपायों जैसे बड़े पैमाने पर उपायों का आह्वान किया है। फेस मास्क के उपयोग के अलावा पराग पूर्वानुमानों का पालन करना। उन्होंने यह भी सुझाव दिया है कि चश्मा, और एयर फिल्टर पहनना, नियमित रूप से निर्धारित दवाएं लेना, बाहरी जोखिम को सीमित करना, और पराग के चरम मौसम के दौरान बागवानी या घास काटने से बचना पराग से संबंधित एलर्जी रोगों की शुरुआत और तीव्रता को कम करने में मदद कर सकता है। बायोजेनिक प्रदूषकों का हिस्सा होने के कारण, निकट भविष्य में पराग एलर्जी के कम होने की उम्मीद नहीं है।

इसे ध्यान में रखते हुए, पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (पीजीआईएमईआर), चंडीगढ़ के प्रो. रवींद्र खैवाल, रिसर्च स्कॉलर अक्षी गोयल एवं पर्यावरण अध्ययन विभाग की चेयरपर्सन डॉ. सुमन मोर ने पराग एलर्जी रोग और पीड़ा को कम करने के लिए व्यवस्थित रूप से कार्यान्वयन अंतराल की जांच की। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा समर्थित उनका अध्ययन, एल्सेवियर की एक अंतरराष्ट्रीय पत्रिका इंटरनेशनल जर्नल ऑफ हाइजीन एंड एनवायरनमेंटल हेल्थ (आईजेएचईएच) में प्रकाशित हुआ है।

प्रो. रवींद्र खैवाल ने बताया, ''ये उपसूक्ष्मस्तरीय पराग कण ऊपरी वायुमार्ग में गहरे पहुंचने वाले श्वसन कणों के रूप में कार्य कर सकते हैं, जिससे अस्थमा, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) और अन्य एलर्जी प्रतिक्रियाएं हो सकती हैं।'' डॉ. मोर ने उनके द्वारा सुझाई गई रणनीतियों के चार स्तरों पर प्रकाश डाला- व्यक्तिगत स्तर, स्वास्थ्य देखभाल समुदाय व संगठन, स्थानीय सरकारें, राष्ट्रीय / अंतर्राष्ट्रीय सरकार के स्तर, पराग एलर्जी से जुड़ी बीमारियों के जोखिम को घटाना। प्रो. खैवाल ने कहा कि पराग के चरम मौसम के दौरान एलर्जी अस्थमा, राइनाइटिस और एक्जिमा वाली सबसे कमजोर उप-आबादियों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। लेकिन वैज्ञानिकों ने कहा कि संवेदनशील आबादी में पराग का नकारात्मक प्रभाव देखा गया है।

# सामाजिक निर्धारक : टीबी उन्मूलन के लिए अत्यावश्यक

**भारत में टीबी उन्मूलन रणनीति को रोगी केंद्रित होने की जरूरत है। इसकी विस्तृत जानकारी देने के लिए डॉ. दलबीर सिंह से बात की सुप्रिया रमेश ने**

**1882 में तपेदिक** के माइक्रोबियल कारणों की खोज के बाद से, दुनिया ने इस विनाशकारी बीमारी को देखा है, जो पिछले 6 दशकों से प्रभावी उपचार की उपलब्धता के बावजूद दुनिया भर में लगभग 14 लाख लोगों का जीवन लील लेने का दावा करती है। पिछले 30 महीनों में, अभूतपूर्व कोविड-19 महामारी ने विश्व स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को बाधित कर दिया है और टीबी को खत्म करने के लिए किए गए वैश्विक प्रयासों से प्राप्त उपलब्धियों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। यह लाजिमी है कि टीबी और कोविड-19 दोनों के साथ सामाजिक व पर्यावरणीय कारकों के संबंधों को समझा जाए। डब्ल्यूएचओ स्वास्थ्य के सामाजिक निर्धारकों को स्वास्थ्य से जुड़ी समस्त भौतिक, मनोवैज्ञानिक व व्यवहारिक परिस्थितियों के रूप में परिभाषित करता है और आमतौर पर जोखिम कारक के रूप में इंगित किया जाता है।

ग्लोबल कोएलिशन अगेंस्ट टीबी के अध्यक्ष डॉ. दलबीर सिंह कहते हैं, ''वैश्विक टीबी विरोधी रणनीति लंबे समय से महामारी के प्रति सामाजिक-आर्थिक प्रतिक्रिया के बजाय जैव चिकित्सा दृष्टिकोण से प्रेरित है। गहन मूल्यांकन से पता चलता है कि टीबी को खत्म करने के लिए अधिक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है। उपयुक्त बायोमेडिकल प्रतिक्रियाओं के अलावा, कलंक, गरीबी, खाद्य असुरक्षा, पर्यावरण-स्थिति, कुपोषण, स्वच्छता व साफ सफाई, समीपस्थ आवास स्थान, खराब आवास, प्रवास, शराब सेवन, नशीली दवाओं का सेवन, धूम्रपान व एचआईवी एवं मानसिक रोग जैसी सह-रुग्णता जैसे निर्धारकों को युद्ध स्तर पर संबोधित किये जाने की आवश्यकता है।''

वह कहते हैं कि भारत में, निश्चित रूप से गरीबी इस बीमारी का एक प्रमुख चालक रही है, साथ ही स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच की कमी संबंधी बाधा भी रही है। गरीबी एक ऐसी पारिस्थितिकी का निर्माण करती है जहां टीबी अधिक प्रचलित, अधिक पार्श्विक और इलाज के लिए अधिक जटिल हो जाती है। हमारे पास निदान के लिए आधुनिक आणविक परीक्षण हो सकते हैं, लेकिन पहुंच में असमानता, कम आय वाले देशों व गरीब समुदायों में टीबी के मरीजों में जांच में महीनों की देरी पैदा करती है।

> वैश्विक टीबी विरोधी रणनीति लंबे समय से महामारी के प्रति सामाजिक-आर्थिक प्रतिक्रिया के बजाय जैव चिकित्सा दृष्टिकोण से प्रेरित है। गहन मूल्यांकन से पता चलता है कि टीबी को खत्म करने के लिए अधिक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

डॉ सिंह हमें बताते हैं, ''टीबी की रोकथाम, देखभाल व नियंत्रण के लिए सामाजिक कारक मूलभूत हैं। एक सर्वेक्षण से पता चलता है कि हालांकि दुनिया की एक चौथाई आबादी माइकोबैक्टीरियम टीबी से संक्रमित है, लेकिन यह रोग 2020 तक लगभग 10.4 मिलियन की अल्पआबादी में ही होता है, जो बड़े पैमाने पर गरीब व निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों में होता है।'' उन्होंने आगे कहा, ''अति भीड़ व झुग्गी-झोपड़ियां शहरों में टीबी के उच्च प्रसार से जुड़े हैं। खिड़कियों की उपस्थिति घटनाओं को 50 प्रतिशत तक कम कर देती है। आमतौर पर खाना पकाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला बायोमास ईंधन सांस की बीमारियों का बोझ बढ़ाता है। हमें वास्तव में ग्रामीण परिवेश में एलपीजी की पहुंच बढ़ाने की जरूरत है। इसी तरह कुपोषण रोग प्रतिरोधक क्षमता को घटाता है और बेहतर पोषण टीबी सहित अनेक संक्रमणों की आवृत्ति व गंभीरता को कम करता है।''

डब्ल्यूएचओ के अनुसार, बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) 20-39 फीसदी है और अगर यह 40 फीसदी से अधिक है तो स्थिति गंभीर है। 2019 में ग्लोबल हंगर इंडेक्स में 117 योग्य अर्थव्यवस्थाओं में भारत 102 वें स्थान पर है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम मौजूदा सब्सिडी के अलावा प्रोत्साहनशील लागत पर भोजन प्रदान करता है, लेकिन यह अनाज केंद्रित है और दालों के पर्याप्त गुणों को सुनिश्चित नहीं करता है, जो अच्छी गुणवत्ता वाले प्रोटीन का स्रोत है। टीबी से लड़ने के लिए बहुत जरूरी है।

डॉ. सिंह बताते हैं, '' वैश्विक स्तर पर, हालांकि आय, शिक्षा, व्यवसाय, लिंग, सामाजिक वर्ग और स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच समाज में स्तरीकरण पैदा करती है, मगा भारत में कुछ अतिरिक्त विशेषताएं हैं जो अतिरिक्त जटिलता और योग्यता चर्चा से परिचय कराती हैं। हालांकि सामाजिक वर्ग एक तरल इकाई है, मगर भारत में जाति व्यवस्था जन्म और वंश के आधार पर एक कठोर सामाजिक स्तरीकरण है जो भेदभाव, अपमान, अस्पृश्यता, शिक्षा और संसाधनों से इनकार करती है।

डॉ. सिंह के मुताबिक, ''तपेदिक के रोगियों को भी घर पर, पड़ोस में, स्वास्थ्य सुविधाओं में और काम पर शर्मिन्दगी और भेदभावपूर्ण व्यवहार का सामना करना पड़ता है, जो इलाज के अनुपालन को प्रभावित कर सकता है। भारत के 20 जिलों में किए गए एक बड़े सर्वेक्षण ने सामान्य आबादी में कलंक, भेदभाव व सामाजिक बहिष्कार के बहुत अधिक प्रसार का खुलासा किया, जो पुनः रोजगार में कठिनाई के अलावा सामाजिक अलगाव, उपेक्षा व परित्याग के रूप में प्रकट हो सकता है।''

राष्ट्रीय रणनीतिक योजना का लक्ष्य 2025 तक भारत में टीबी का उन्मूलन करना है। इसके लिए उन्नत जैव चिकित्सा और सामाजिक हस्तक्षेप के उत्तम मिश्रण की आवश्यकता होगी। भारत में टीबी उन्मूलन रणनीति को धैर्य केंद्रित करने की आवश्यकता है, जिसमें सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज और सामाजिक सुरक्षा के साथ पोषण, मनो-सामाजिक व वित्तीय सहायता, अभाव, कुपोषण, निर्जन, आवास सुविधाओं को संबोधित करने के लिए अनेक दीर्घकालिक और बहु-क्षेत्रीय प्रयासों का अभिसरण, आंतरिक प्रदूषण और पर्यावरण में गिरावट लाना शामिल है।

# मंत्री मोहम्मद अकबर ने चैत्र नवरात्र में ग्राम तालपुर और सारी में मंदिर के समीप ग्रामीणों के साथ जमीन पर बैठकर लगाई जनचौपाल

## मंत्री अकबर ग्रामीणों की मांग, समस्या और शिकायतों से हुए रूबरू, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर चैत्र नवरात्र के सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम तालपुर और सारी के ग्रामवासियों से सीधा संवाद करने पहुंचे और मंदिर के समीप ग्रामीणों के साथ जमीन पर बैठकर जनचौपाल लगाई।

केबिनेट मंत्री अकबर गांव में पहुंचकर वहां मंदिर में माता शीतला की पूजा अर्चना कर प्रदेश एवं गांव की सुख, शांति एवं खुशहाली के लिए कामना की। उन्होंने ग्रामवासियों को चैत्र नवरात्र और हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए ग्रामीणों से सीधा संवाद प्रारंभ की। इस दौरान उन्होंने ग्राम तालपुर में शीतला मंदिर के समीप सामुदायिक भवन और सीसी के लिए 5 लाख और हनुमान मंदिर के पास सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 2 लाख रुपए की घोषणा की। साथ ही ग्राम सारी में शीतला मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख रुपए की घोषणा की। मंत्री अकबर ने ग्राम तालपुर और सारी के ग्रामीणों के साथ जमीन पर बैठकर जनचौपाल लगाकर एक-एक कर सभी की समस्याएं, मांग और शिकायतें सुनी। ग्रामीण मंत्री को अपने समक्ष पाकर खुश हुए। इस दौरान क्रेडा के सदस्य कन्हैया अग्रवाल, कलीम खान, सहसपुर लोहारा जनपद अध्यक्ष लीला धनुक वर्मा, भगवान सिंह पटेल, श्याम तंबोली सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे। केबिनेट मंत्री अकबर ने गांव में राशन कार्ड के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि सभी का राशन कार्ड बनाया जा रहा है। मंत्री के पूछने पर गांव के निवासी मनोज ने बताया की राशन कार्ड नहीं बन पाया है। मंत्री अकबर ने तत्काल राशन कार्ड बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। वही ग्रामीणों ने हैंड पंप के पास नाली निर्माण की अवश्यकता की जानकारी दी। मंत्री ने पंचायत के माध्यम से नाली निर्माण करने के निर्देश दिए। गांव के युवाओं ने खेल मैदान और उसके समतलीकरण की मांग की। मंत्री अकबर ने मनरेगा के तहत प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। ग्राम सारी में ग्रामीण ने रोड निर्माण के समय जमीन के संबंध में अवगत कराया। मंत्री अकबर ने परीक्षण कर करवाई करने के निर्देश एसडीएम को दिए।

प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ग्राम के निवासियों की मांग, शिकायत और समस्याओं को जानने उनके गांव तक पहुंच रहे है। वहां ग्रमीणजनों के साथ जमीन पर बैठ कर जन-चौपाल लगाकर क्षेत्र के आम-जनों से सीधा संवाद कर रहे है। इसी कड़ी में उन्होंने क्षेत्र के आम-जनों से सीधा संवाद किया और एक-एक कर सभी की समस्याएं, मांग और शिकायतें सुनी। कैबिनेट मंत्री अकबर ने लोगों की सभी मांगों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए सभी मांग, शिकायत और समस्याओं को अपनी डायरी में नोट भी कराया। उन्होंने कहा कि परीक्षण के बाद सभी पर उचित कार्यवाही करते हुए मांगों को पूरा करने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

केबिनेट मंत्री अकबर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा में किसानों के हित में बड़ी घोषणा की है। समर्थन मूल्य में प्रति एकड़ 15 क्विंटल धान खरीदी को बढ़ाकर अब 20 क्विटंल किया गया है। इससे किसानों को अधिक लाभ होगा। अब किसान प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान विक्रय कर सकेंगे। इस दौरान उन्होंने शासन की महत्वाकां योजना राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, राशन कार्ड, राजीव युवा मितान क्लब, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, धान खरीदी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

# वार्ड क्रं. 3 के बिन्नू तिवारी सहित 40 कार्यकर्ताओ ने किया कांग्रेस प्रवेश

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com





कैबिनेट मंत्री व विधायक मो. अकबर के नेतृत्व में कबीरधाम जिले में विकास की गंगा बह रही है। नगर पालिका क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नागरिकों की मांग पर विकास के कार्य तत्काल स्वीकृत हो रहे हैं। कांग्रेस सरकार के कार्यों व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर मार्गदर्शन व नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा की सक्रियता से प्रभावित होकर आज नगर पालिका कवर्धा शहर के वार्ड क्रं 03 के पूर्व पार्षद प्रत्याशी बिन्नू धर्मेन्द्र तिवारी अपने वार्ड के 40 व्यक्तियों ने कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के समक्ष रायपुर स्थित निवास कार्यालय में कांग्रेस प्रवेश किया। मंत्री अकबर ने कांग्रेस प्रवेश करने वाले सभी लोगों का तिरंगा गमछा पहनाकर कांग्रेस परिवार में स्वागत किया व उन्हें बधाई दी।

**कांग्रेस प्रवेश करने वालों के नाम**

कांग्रेस प्रवेश करने वाले में बिन्नू धर्मेंद्र तिवारी, लाला चंद्रवंशी, राजेंद्र चंद्रवंशी, रविंद्र चंद्रवंशी, गौकरण, अनुज जायसवाल, अतुल भट्ट, रोमन चंद्रवंशी दीपक चंद्रवंशी मुकेश साहू रूपेश साहू पुन्नी दास ,तीज राम, दिनेश्वर, सुनीता गुप्ता सुमित्रा निर्मलकर गिरजा पांडे, अमरीका साहू ,संगीता साहू, ज्योति गुप्ता रमैया साहू पुष्पा वर्मा सवाना साहू जमुना दुर्गा साहू गंगा साहू दीपा साहू, अमेरिका पति रामचंद्र पूर्णिमा निर्मलकर परदेसी साहू गौरी ध्रुव, दुर्गा ठाकुर अमृता यादव गायत्री पिता धनुष खुशी यादव पिता शिवराम जमुना यादव अंबिका निर्मलकर जानकी बाई दीपमाला रामफूल ,राखी निर्मलकर रामकली धुर्वे चंद्रिका बाई, आरती चैहान अन्य लगभग 45 लोगों ने कांग्रेस प्रवेश किया। सभी शामिल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर के निवास कार्यालय पहुंचकर कांग्रेस पार्टी के प्रति आस्था व्यक्त की। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जनहितकारी शासन एवं विकास के प्रति मोहम्मद अकबर की ललक से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में प्रवेश करना चाहते है। कैबिनेट मंत्री ने इन लोगों की इच्छा का सम्मान करते हुए इन्हें कांग्रेस प्रवेश कराया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजकुमार तिवारी, मनोज दुबे, कांग्रेसी कीर्ती शर्मा उपस्थित रहकर सभी ने कांग्रेस प्रवेश करने वालो की स्वागत कर बधाई दिये।

# जिले में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण सर्वे के लिए समीक्षा बैठक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला कार्यालय के दृष्टि-सभाकक्ष में कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण सर्वे के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि आगामी 01 अप्रैल 2023 से छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य शुरू होगा एवं 30 अप्रैल 2023 तक किया जाएगा। उन्होने कहा कि सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 महत्वपूर्ण कार्य है इसके लिए बड़ी संख्या में प्रगणक की ड्यूटी लगानी होगी तथा जिला कार्यालय में इसके लिए कण्ट्रोल रुम बनाकर अधिकारी/कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाए तथा कुछ लोगों को रिजर्व भी रखें। उन्होने कहा कि इसके लिए आवश्यक कार्य योजना बनाकर प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करें व ट्रेनर एवं प्रगणक को प्रशिक्षण देवें। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 25 मार्च 2023 को सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण से संबंधित एप्प का शुभारंभ करेंगे। सर्वेक्षण के लिए जनपद स्तर से रिजर्व सुपरवाईजर तथा सुपरवाईजर द्वारा ग्राम पंचायतों के लिए रिजर्व टीम सहित प्रगणक दल का गठन किया जाएगा।

प्रगणक दल में शिक्षक, रोजगार सहायक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता होंगे। जिसमें एक पुरूष व एक महिला सदस्य शामिल होंगे जो घर-घर जाकर सर्वे करेंगे। इसमें पटवारी, संकुल समन्वयक एवं आरईएओ ग्रामीण विस्तार अधिकारी की सुपरवाइजर के रुप में ड्यूटी लगाई जाएगी। सर्वेक्षण कार्य को एक माह में पूरा करना होगा। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य विगत वर्षों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का जनसामान्य के जीवन पर स्तर पर पड़े प्रभाव का आकलन कर प्राप्त डाटा का भविष्य में योजनाओ के बेहतर क्रियान्वयन तथा नई योजनाओं के निर्माण हेतु उपयोग किया जाना है। सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण हेतु पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्देश जारी कर दिया गया है। जारी दिशा-निर्देशानुसार सर्वे का संपूर्ण कार्य एप्प के माध्यम से किया जाएगा, किन्तु समानांतर रुप से प्रपत्र की जानकारी हार्ड कॉपी में भी दर्ज की जाएगी।

# बेरला चिकित्सालय को मिला 50 बिस्तर मातृ शिशु रोग चिकित्सालय का दर्जा

**बेमेतरा।** बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा के प्रयासों से बेरला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जो 30बिस्तर अस्पताल के नाम से भी जाना जाता है बजट में 50 बिस्तर मातृ शिशु रोग चिकित्सालय के रूप में मान्यता दे दी गई है ज्ञात हो कि पूर्व में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आगमन के दौरान भी बेरला चिकित्सालय को 50 बिस्तर मातृ शिशु रोग चिकित्सालय में तब्दील करने की मांग विधायक आशीष चावड़ा में रखी थी जिस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने मंच से इसे 50 बिस्तर मातृ शिशु रोग चिकित्सालय किए जाने की घोषणा की थी किंतु बजट में शामिल नहीं हो पाया था विधायक आशीष छाबड़ा के लगातार किए जा रहे मांग को देखते हुए बजट सत्र के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा मेंघोषणा की है कि बेरला 30 बिस्तर चिकित्सालय का उन्नयन 50 बिस्तर मातृ शिशु रोग चिकित्सालय में किया जाएगा विधायक आशीष छाबडा ने इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टीएस सिंह देव के प्रति प्रति आभार व्यक्त किया है।



# भक्त माता कर्मा ने मानव समाज को भाईचारे और समरसता का संदेश दिया: आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत परपोड़ा में अयोजित भक्त माता कर्मा जयंती एवं लोकार्पण भूमिपूजन समारोह में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा थे जहां पर भक्त माता कर्मा मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना साथ ही विधायक निधि से निर्मित समाज सामुदायिक भवन निर्माण 7 लाख फीता काट लोकार्पण सहित भवन में आहाता निर्माण कार्य 3 लाख रुपए का विधिविधान से पूजा पाठ कर नारियल तोड़ भूमिपूजन किए। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ ही नही पूरे भारत वर्ष में भक्त माता कर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया जाता है, आयोजन के दौरान गांवों में कलश यात्रा और शोभा यात्रा निकालने की भी परंपरा है,इसके माध्यम से भक्त माता कर्मा, भगवान कृष्ण और बलभद्र का स्मरण करते हैं, भगवान जगन्नाथ के भोग के रूप में खिचड़ी का प्रसाद भी वितरित किया जाता है, संगठन और समर्पण में शक्ति होती है,आराध्य माँ कर्मा ने अपनी भक्ति भाव से साक्षात् भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद ग्रहण किया,उनके जीवन से हमें श्रद्धा, भक्ति, नारी सम्मान और मानव सेवा की शिक्षा मिलती है,माता कर्मा का विराट व्यक्तित्व हम सभी को भक्ति के मार्ग पर चलते हुए लोगों की सेवा करने हेतु सदैव प्रेरित करता रेहगा हमें भक्त माता कर्मा के रास्ते पर चलते हुए समाज को जोड़ने और समाज में कटुता को दूर कर सामाजिक समरसता और भाई चारे के लिए काम करना है, भक्त माता कर्मा ने ईश्वर के प्रति श्रद्धा और विश्वास की शक्ति से परिचित कराया,उन्होंने मानव समाज को भाईचारे और समरसता का संदेश दिया,इस अवसर पर टी आर साहू सदस्य जिला पंचायत,गैदराम साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ बेमेतरा, उमाशंकर साहू अध्यक्ष तह.संघ ने भी सभा को संबोधित किया साथ में कमल वर्मा अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति, प्रवीण शर्मा पूर्व सरपंच, गौरीशंकर शर्मा, संतोषी डोमन साहू सरपंच बीरेंद्र साहू इकाई अध्यक्ष, छेदिलाल साहू, जानोराम साहू, मनोहर साहू, शंकर साहू, बिसहत साहू, भारत साहू,मुक्त साहू, मनहरन साहू, तिरिथ साहू,द्वारिका साहू, ईश्वर साहू, पुरुषोत्तम साहू,बबला साहू, हरिचंद साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारीगण सदस्यगण ग्रामवासी उपस्थित थे।

# कांग्रेसियों ने किया एक दिवसीय सत्याग्रह संकल्प



**थानखमरिया।** नगर के गांधी चौक में केन्द्र सरकार की गलत नीतियों और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की सांसद सदस्यता खत्म करने के विरोध में नगर में एक दिवस का सत्याग्रह धरना दिया गया। इस अवसर पर ब्लॉक व नगर कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी उपस्थिति रहे। जिनमें प्रमुख रुप से जितेन्द्र उपाध्याय ब्लॉक अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष तितली गौरव बिंदल, अशोक बिंदल विधायक प्रतिनिधी, गोरेलाल चंद्राकर, हरिशरण क्षत्रिय जनभागीदारी अध्यक्ष, रोशन सिन्हा मंडी अध्यक्ष, मनहरण सिन्हा पूर्व अध्यक्ष,अशोक भारती, महेश निषाद उपाध्यक्ष, पार्षद कन्हैया निर्मलकर, घनश्याम गंधर्व, गणेश मंडावी, रीना लोकनाथ सिन्हा, करीम बेग, सतीश जोशी, सनत ठाकुर, उमा शंकर राजपूत, अजय शर्मा, विजय मिश्रा, टेकराम साहू, अमर सिन्हा, भागवत सिन्हा, डॉ. गोविंद शर्मा, विरेंद्र सिन्हा, शरद देवांगन, सरपंच राजेश साहू उमरावनगर, ढाल सिंह राजपूत, मुत्तु पाटिल,शैल कुमार चोरशिया, आदि उपस्थित रहे।

# एक दिन की खाँसी टीबी हो सकती है: डॉक्टर स्वप्निल तिवारी खंड चिकित्सा अधिकारी



पायनियर संवाददाता < पंडरिया
www.dailypioneer.com

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुजॉय मुखर्जी के आदेश के परिपालन में एवं डॉक्टर स्वप्निल तिवारी बीएमओ पंडरिया के नेतृत्व में आज विश्व टीबी पखवाड़ा दिवस के उपलक्ष्य में टीबी जागरूकता के लिए मितानिन दीदी ने आज सपत लिया बीएमओ सर के द्वारा सभी वर्गो के लिए संदेश पहुंचाया गया की टीबी की बीमारी कोई छुआछूत की बीमारी नहीं है इसका सफल इलाज व जाँच हमारे सरकारी अस्पताल में निःशुल्क उपलब्ध है। टीबी एक जानलेवा बीमारी है जो एक दूसरे के सम्पर्क में आने से खाँसने, छीकने तथा बात करने से फैलती है। अगर 2 हफ्ते से ज्यादा खासी, लगातार बुखार आना, रात में पसीना आना, वजन का कम होना, बलगम के साथ में खून आना, भूख न लगना जैसे लक्षण किसी व्यक्ति को हो तो तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल में जाकर टीबी की जाँच कराये। टीबी की बैक्टीरिया जन्म से प्रायः सभी व्यक्ति के शरीर में पाया जाता है। जो शरीर के रोगप्रतिरोधक क्षमता कम होने, तथा, नशा का ज्यादा सेवन करने या गन्दगी के बीच मे रहने या टीबी रोगी के संपर्क में आने से उत्तपन्न हो जाता है। जो बलगम के जाँच, और एक्स रे जाँच के माध्यम से पता चलता है। टीबी मुख्यतः दो प्रकार की होती है पहला पल्मोनरी और दूसरा एक्स्ट्रा पल्मोनरी। पल्मोनरी टीबी फेफड़े में पाया जाता है और एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी शरीर के किसी भी अंग पाया जा सकता है। टीबी की वजह से महिलाएं माँ नहीं बन सकती और हम अज्ञानता वश बैगा गुनिया कराते रहते हैं।


# रिजल्ट घोषणा के बाद विद्यार्थियों व माता पिता के चेहरा खिल उठे

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




जिले का एक मात्र (सी बी एस ई) एफ्फिलेटेड स्कूल जांता में कक्षा के.जी.एक से कक्षा नवमीं व कक्षा ग्यारहवीं तक का आज वार्षिक रिजल्ट की घोषणा किया गया।जैसे ही परीक्षा परिणाम घोषित हुआ सभी छात्रों की मुख में खुशी की लहर दौड़ पड़ी इसी बीच डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा, इसी के साथ डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत, लगन व सही मार्गदर्शन से व्यक्ति जमीन से आसमान तक कि सफर तय कर सकते हैं, सभी उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम आने के पश्चात सिर्फ छात्र-छात्राओ में ही नही बल्कि पालकों में भी उत्साह का माहौल रहा। सभी प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मोमेंटो से एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में सी बी एस ई शिक्षा व पाठ्यक्रम को लेकर लोगों की सोच बदलने का अद्वितीय कार्य किया जा रहा है। रिजल्ट आने के पश्चात डीएवी में अपने बच्चों के प्रवेश हेतु पालको का उत्साह ओर भी बढ़ा हुआ है। डीएवी स्कूल के प्राचार्य पी एल जायसवाल ने बताया कि आगामी शिक्षा सत्र 23-24 के लिए लगभग दो सौ नए अभिभावकगण, पालको ने डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में अपने पाल्य का रजिस्ट्रेशन व एडमिशन कराया हैं। जायसवाल ने सभी छात्र-छात्राओं व अभिभावको को बधाई व शुभकामनाएं दी है। परीक्षा परिणाम उत्सव में लगभग तीन सौ माता-पिता व अभिभावकों ने विद्यालय पहुंच कर अपने पाल्य का परीक्षा परिणाम को जाना। रिजल्ट उत्सव में प्रमुख रूप से शकुन मूलचंद चंद्राकर सभापति,जनपद सदस्य व हेमलाल चन्द्राकर सरपंच जांता,गोविंद वर्मा सरपंच ग्राम -कोदवा, रामजी यादव सरपंच ग्राम चिल्फ़ी, डॉ रामकुमार निर्मलकर, शिक्षक ललित देवांगन, अखिलेश पटेल,निशु गुप्ता,अनिल चन्द्रवंशी, मनीषा सोनी, दीपिका वर्मा, विक्रम कुमार, वैभव मिश्रा, आयुषी जैन, कैलाश सिंह, रमेश कुमार, यामिनी मानिकपुरी, गोविंद प्रसाद साहू, किरण साहू, सुखदेव साहू, गीता साहू, नरेश साहू आदि उपस्थित रहें।

# केबिनेट मंत्री अकबर ने ग्राम सिलहाटी में माता शीतला की पूजा-अर्चना की



**कवर्धा।** प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि-विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने चैत्र नवरात्रि के चतुर्थ दिवस सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम सिलहाटी में शीतला माता मंदिर में देवी मां की पूजा-अर्चना की। मंत्री अकबर ने प्रदेश की सुख, शांति एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की। उन्होंने माता शीतला में श्रीफल, माता की चुनरी और पूजन सामग्री चढ़ाई और विधि-विधान पूर्वक मंत्रोच्चार के साथ पूजा आरती की। केबिनेट मंत्री अकबर ने ज्योति कक्ष में पहुंचकर ज्योति कलश के दर्शन किए। माता शीतला मंदिर में उनके नाम की ज्योति जल रही है। इस अवसर पर उन्होंने शीतला माता मंदिर समिति तथा ग्रामवासियों के मांग पर मंदिर के समीप सामुदायिक भवन निर्माण के लिए पांच लाख रुपए देने की घोषणा की।

## सूरज यादव ने कहा ग्राम में महका में रीपा स्थापना से महिला समूहों को मिलेगा रोजगार होंगी स्वालंबी

# सीएम भूपेश बघेल ने महका के महात्मा गांधी रूलर इंडस्ट्रियल पार्क का किया वर्चुअल शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ग्राम सरगांव में आयोजित कार्यक्रम भरोसे का सम्मेलन में वीडियो क्रांसफ्रेसिंग के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार महत्वकांक्षी योजना के अंतर्गत ग्रामीण युवाओं ,महिला समूहों में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी महात्मा गांधी रूलर इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) का शुभारंभ किया इसी के साथ जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत भुवालपुर के आश्रित ग्राम महका में स्थापित महात्मा गांधी रूलर इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) का भी शुभारंभ की गया ग्राम पंचायत भुवालपुर के ग्राम महका में आयोजित पंचायत स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम पर बतौर मुख्यातिथि भगवती/ बिशोक चंद्राकर जनपद सदस्य, अध्यक्षता गणेश यादव सरपंच भुवालपुर विशिष्ट अतिथि अतिथि कृष्ण चंद्राकर अध्यक्ष गौठन समिति, प्रदेश सचिव कांग्रेस सूरज यादव, अध्यक्ष सेवा, सह.समिति बघर्रा रामेश्वर गबेल, सरपंच प्रतिनिधि रोहित चंद्राकर महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस लक्ष्मण यादव ब्लॉक सचिव कांग्रेस रामसिंग साहू, पूर्व सरपंच मारकंडेय गबेल शामिल हुए।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ग्राम सरगांव में आयोजित भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम में रीपा के साथ बेरोजगारी भत्ता योजना के बेब पोर्टल का लोकार्पण किया साथ छत्तीसगढ़ समाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 का एप्लिकेशन लॉन्च किया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी न्याय योजना के अंतर्गत खरीफवर्ष 2021 की चौथी एव चौथी किस्त के रूप में जिले के 1लाख 15 हजार 575 किसानों के खाते में 77 करोड़ 81 लाख 98 हजार रु की राशि हस्तनांत्रित की उन्होंने ने राजीव गांधी भूमिहीन किसान मजदूर न्याय योजना,गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गोबर विक्रेता पशु पालकों महिला स्व सहायता समूहों गौठन समितियों के खाते की राशि की भुगतान किया इसके साथ ही भूपेश बघेल ने 278 मल्टीएक्टिविटी सेंटर का लोकार्पण और राजीव गांधी नगरीय भूमिहीन न्याय योजना का शुभारंभ किया। शुभारंभ के अवसर पर मुख्यातिथि भगवती चंद्राकर ने कहा की प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री के द्वारा जिले के विकासखण्डों के ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के नए साधन विकसित करने के लिए महात्मा गांधी रूलर इंडस्ट्रियल पार्क रीपा की स्थापना की है इसी के तहत ग्राम महका में भी हमारे ग्राम महिलाओ की आजीविका की साधन हेतु यहाँ भी रीपा की स्थापना की गई निश्चित ही हमारे महिला समूहों को रोजगार मिलेगा कार्यक्रम के अध्यक्षता सरपंच गणेश यादव ने कहा की शासन द्वारा रीपा केंद्रो को विकसित करने के लिए सहायता प्रदान की जा रही है इसमें आंतरिक सड़क निर्माण विद्युत व्यवस्था जलापूर्ति पानी निकासी व्यवस्था की बहुत मजबूती मिलेगी एव ग्रामीणों को उद्यमी बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा प्रदेश सचिव कांग्रेस सूरज यादव ने बताया जिले के प्रत्येक विकासखंडो में 2-2 सहित जिले में 8 महात्मा गांधी औद्योगिक पार्क रीपा का मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा शुभारंभ किया गया है।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल किसानों के सच्चे हितैषी,भूपेश है तो भरोसा है प्रति एकड़ 20 किवंटल खरीदी किसानों में हर्ष: धनुक वर्मा

पायनियर संवाददाता < लोहारा
www.dailypioneer.com



लोहारा जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि धनुक वर्मा ने कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरुवार को विधानसभा में इस साल से किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा कर यह साबित कर दिया कि वह किसानों के सच्चे हितैषी हैं।

इस निर्णय से किसानों में हर्ष व्याप्त है मुख्यमंत्री द्वारा किसानों को बड़ी सौगात देने का स्वागत करते हुये इसे बड़ी सौगात बताया है। धनुक वर्मा ने कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कैबिनेट मंत्री अकबर भाई प्रदेश की बागडोर संभालने के बाद से ही किसानों के हित में लगातार नई नई योजनाएं बनाकर उसका बेहतर क्रियान्वयन करा रहे है। सत्ता संभालने के बाद सबसे पहले बघेल ने किसानों का कर्ज माफ़ किया। उसके बाद किसानों से 2500 रुपये प्रति क्विंटल में धान खरीदी की शुरुआत कर देश में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। फिर नरवा गरवा घुरवा बाड़ी, गोठान योजना, राजीव गाँधी न्याय योजना सहित तमाम किसान हितैषी योजनाओं को अमलीजामा पहनाया।

भूपेश सरकार की किसान हितैषी योजनाओं के सही क्रियान्वयन का प्रतिफल है कि आज शहरों से लोग वापस अपने गाँव की ओर जा रहे है। और खेती कर आर्थिक रूप से मज़बूत हो रहे हैं। धनुक वर्मा ने कहा 15 वर्ष तक छत्तीसगढ़ में भाजपा की रमन सरकार किसानों को कभी बोनस देने के नाम पर तो कभी समर्थन मूल्य देने के नाम पर ठगती रही। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आने के बाद किसानों की आर्थिक स्थिति में जबरदस्त बदलाव आया है और उनकी आर्थिक स्थिति काफ ी मजबूत हुई है। इस वर्ष किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की घोषणा भूपेश सरकार का एक क्रांतिकारी कदम है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति और भी मजबूत होगी। उन्होंने इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कैबिनेट मंत्री विधायक अकबर भाई का लोहारा क्षेत्र के किसानों की ओर से आभार व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं सहित आभार व्यक्त किया।

# प्रदेश स्तरीय वर्चुअल भरोसे के सम्मेलन में शामिल हुए शक्ति जिले के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुंगेली जिले के सरगांव में आयोजित भरोसे का सम्मेलन में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क योजना के तहत ग्रामीण युवाओं एवं महिला समूहों में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न स्थानों में नवनिर्मित 278 मल्टी एक्टिविटी सेंटर का लोकार्पण किया। इनमें जिले के मल्टी एक्टिविटी सेंटर भी शामिल हैं,सक्ति जिले के जेठा में रीपा अंतर्गत रेस्टोरेंट एंड कैफे का हुआ उद्घाटन भी किया गया है। भरोसे द्यका सम्मेलन कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्र कुमार, पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक विधायक पुन्नूलाल मोहले एवं धरमजीत सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुये,मुंगेली जिले में आयोजित सम्मेलन के माध्यम से मुख्यमंत्री बघेल ने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के हितग्राहियों को 149.92 करोड़ रूपए, गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को 6.34 करोड़ रूपए, राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत 17 हजार 93 करोड़ की राशि किसानों के खाते में अंतरण किए।

### कलेक्टर का मिशन हेल्थ, पहली बार स्वास्थ्य को लेकर मुखिया की इतनी बड़ी पहल

जिले की कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सूरज सिंह राठौर स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग,पंचायत विभाग के अधिकारियों के साथ डभरा ब्लाक एवं मालखरौदा ब्लॉक के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। मालखरौदा सीएचसी में चल रहे आपरेशन कक्ष ,लेबर रूम, तथा एनआरसी, के उन्नयन कार्यों का निरीक्षण किया डभरा ब्लाक के समस्त हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरो में निरीक्षण किया तथा मालखरौदा ब्लॉक के शकर्रा ,पोता, भठोरा, पिहरिद, मरघट्टी, मुड़पार हेल्थ सेंटरों का निरीक्षण कर मिशन सुरक्षित जच्चा सुरक्षित बच्चा के तैयारियों की जानकारी लिया स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक सामग्री, दवा उपकरण की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर आवश्यक निर्देश दिए,कलेक्टर के अनूठे पहल जन चौपाल जिसमे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी लगातार चौपाल लगाकर आमजनों से स्वास्थ्य सुविधा संबंधी चर्चा कर रहे है और शासन की स्वास्थ्य योजना की जानकारी आमजनों तक पहुंचा रहें है साथ ही जिला प्रशासन स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक मरम्मत आदि कार्य कर रहे है।

# मुख्यमंत्री बघेल ने भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम में 278 मल्टीएक्टिविटी सेंटर का किया लोकार्पण

■ जिले के मल्टीएक्टिविटी सेंटर भी हुए लोकार्पित, अफरीद के प्राकृतिक पेंट उत्पादन केन्द्र का भी हुआ लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com






मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुंगेली जिले के सरगांव में आयोजित भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क योजना के तहत ग्रामीण युवाओं एवं महिला समूहों में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न स्थानों में नवनिर्मित 278 मल्टीएक्टिविटी सेंटर का लोकार्पण किया। इसी क्रम में जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम पेंड्री गौठान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री ने जिले के मल्टीएक्टिविटी केन्द्रों का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया। इसके साथ ही आज अफरीद के गौठान में प्राकृतिक पेंट उत्पादन केन्द्र का भी लोकार्पण किया गया है। उल्लेखनीय है कि रीपा योजना अंतर्गत जांजगीर-चांपा जिले के बलौदा विकासखंड के जर्वे और महुदा गौठान, नवागढ़ विकासखंड के पेंड्री और पचेड़ा गौठान, अकलतरा विकासखंड के तिलई और किरारी गौठान, पामगढ़ विकासखंड के मुलमुला और लोहर्सी गौठान, बम्हनीडीह विकासखंड के गोविंदा और अफरीद गौठान का चयन किया गया है। भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के हितग्राहियों को 149.92 करोड़ रूपए, गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को 6.34 करोड़ रूपए, राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत 17 हजार 93 करोड़ रुपए की राशि किसानों के खाते में अंतरित की हैं। उन्होंने इस अवसर पर राजीव गांधी नगरीय भूमिहीन मजदूर न्याय योजना का शुभारंभ और बेरोजगारी भत्ता योजना के वेबपोर्टल का लोकार्पण किया, इसके साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ आर्थिक सामाजिक सर्वेक्षण 2023 का एप्लीकेशन भी लांच किया। मुंगेली जिले के सरगांव में आयोजित भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्र कुमार, पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, विधायक पुन्नूलाल मोहले एवं धरमजीत सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और ग्रामीणजन उपस्थित थे। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पेंड्री में किया गया और इस अवसर पर जनपद पंचायत नवागढ़ अध्यक्ष प्रीति देवी सिंह, जनपद पंचायत नवागढ़ उपाध्यक्ष पुष्पेंन्द्र प्रताप सिंह, कलेक्टर ॠचा प्रकाश चौधरी, अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ ज्योति पटेल बम्हनीडीह सी ई ओ कुबेर सिंह उरैती जनपद पंचायत अध्यक्ष आशा बालेश्वर साहू शास्वतधर दिवान सहित अन्य जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन, अधिकारीगण और महिला स्व सहायता समूह की सदस्य उपस्थित थे।

# 'हमर सियान' कार्यक्रम में वृद्धजनों का सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के मार्गदर्शन पर आज स्थानीय असेल बेबी लैंड स्कूल प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में सीनियर सिटीजन सेल द्वारा उपस्थित स्कूली बच्चों व उनके पालकों के मानस पटल पर वृद्धजनों के सम्मान के प्रति समर्पण की भावना लाने के उद्देश्य से नगर पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिनव उपाध्याय द्वारा वृद्धजनों का सम्मान किया गया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को उनके पालकों को बताये कि हमें हमारे बुजुर्गों का ध्यान रखना चाहिए यह हम सब की निजी जिम्मेदारी है। राज्य शासन व पुलिस मुख्यालय द्वारा भी वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण की दिशा में कई कार्य किए जा रहे हैं जिसमें से एक छत्तीसगढ़ पुलिस की हमर सियान योजना है जिसके तहत एकांकी जीवन एवं उपेक्षित वृद्धजनों की सम्मान और सुरक्षा का ध्यान रखा जाता है, इस कार्य में हेल्पएज इंडिया संस्था भी साथ है। सीएसपी रायगढ़ के द्वारा कार्यक्रम में बच्चों व उनके पालकों को बताया गया कि उनके आसपास वृद्ध है जिन्हें देखभाल और उचित सुरक्षा सहायता की आवश्यकता है तो ÷हेल्पएज इंडिया द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1800-180-1253, नेशनल हेल्पलाइन नंबर 145677, सियान हेल्पलाइन नंबर 9479191536 पर कॉल कर सूचना दिया जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित आशियाना समर्पण एक आस की डायरेक्टर अर्चना लाल के द्वारा उनके आशियाना आश्रम में ऐसे वृद्धजनों को आश्रय दिये जाने की जानकारी दिया गया।

कार्यक्रम में स्कूली बच्चों उनके पालकों के साथ नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय, सीनियर सिटीजन सेल के प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक संदीप गायकवाड, आरक्षक प्रभात कुमार प्रधान असेल बेबी लैंड स्कूल के डायरेक्टर अजय कुमार वर्मा, कराटे इंटरनेशनल कोच क्रांति मानिकपुरी उपस्थित थे कार्यक्रम में डिफेंस स्कूल रायगढ़ का विशेष योगदान रहा।

# विदेशों में अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन मस्कट ओमान ने किया गणगौर पर्व पर कार्यक्रमों का आयोजन

### अध्यक्ष राजकुमार मित्तल के नेतृत्व में राष्ट्रीय संयोजक मीनल रवि देवरा ने किया आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com



अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन भारत देश सहित विश्व के अनेकों देशों में इसका संगठन स्थापित है, तथा विदेशों की बात करें तो मस्कट ओमान गल्फमें बसे अग्रवाल परिवार भी भारतीय संस्कृति को विदेशों में रहने के बावजूद पूरे विधि विधान के साथ पूरे करते नजर आते हैं, इसी श्रृंखला में 25 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की संयोजक वेबीनार मीनल रवि देवरा के कुशल नेतृत्व में एवं अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल के मार्गदर्शन में भारतीय सभ्यता संस्कृति एवं रीति-रिवाजों को मानते हुए गणगौर कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें मस्कट ओमान के सदस्यों ने जहां सक्रिय रूप से इसमें भागीदारी करते हुए अपनी प्रस्तुति दी, तो वही सम्मेलन परिवार के सदस्यों ने भी ऐसे रचनात्मक कार्यों की प्रशंसा की इस आयोजन में जहां 40 महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर इस कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए तो वही यह कार्यक्रम अपने आपमें एक अविस्मरणीय रहा तथा इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय संयोजक वेबीनार मीनल रवि देवरा, राजश्री अग्रवाल, हेमाली कनोडिया, खुशबू मोदी, रेनू बगरिया सहित सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा, एवं मस्कट ओमान की शाखा द्वारा निरंतर वर्ष भर समय-समय पर विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है तथा मीनल रवि देवरा के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की मस्कट ओमान गल्फशाखा सक्रिय रूप से कार्यरत है।

# भजन गायक सिंघल ने अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल महिला सम्मेलन के ऑनलाइन जसगीत गायन में निर्णायक की निभाई भूमिका

### विक्की सिंघल ने ऑनलाइन भजन की प्रस्तुति दी

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com



शक्ति अंचल के प्रसिद्ध भजन गायक विक्की सिंघल ने 26 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल महिला सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई द्वारा आयोजित वर्चुअल जसगीत भजन गायक कंपटीशन में निर्णायक की भूमिका निभाई, इस अवसर पर विक्की सिंघल ने जहां ऑनलाइन भजन की प्रस्तुति देने वाले सभी प्रतिभागियों की प्रस्तुति की सराहना भी की, तो वहीं उन्होंने बहुत ही सुंदर ढंग से इसका जजमेंट भी किया,जिसकी सभी ने प्रशंसा भी की,उल्लेखित हो की अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन महिला इकाई छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा प्रतिदिन आयोजित ऑनलाइन कार्यक्रम की श्रृंखला में नवरात्रि पर्व पर माता के जस गीत का प्रोग्राम रखा गया था,जिसमें सभी बहनों ने छत्तीसगढ़ी में माता के एक से एक भजन गाए निर्णायक के रूप में शक्ति के भजन गायक विक्की सिंघल जी मौजूद रहे जिन्होंने गायन के आधार पर रिजल्ट घोषित किया प्रथम रेखाअग्रवाल, दूसरे स्थान पर राजकुमारी जी रायपुर, तीसरे स्थान पर नेहा अग्रवाल चांपा रही,कार्यक्रम का सफ्ल संचालन उषा कलानोरिया द्वारा किया गया।

# राहुल की संसद बर्खास्ती से बौखलाए कांग्रेसी, पर्दाफाश रैली निकाल स्टेशन चौक में फूंका मोदी का पुतला

### आरएसएस की खाकी वर्दी पर भी उतारा गुस्सा




पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले कांग्रेस (ग्रामीण) व शहर कांग्रेस कमेटी रायगढ़ द्वारा जिला कांग्रेस भवन रायगढ़ से आज प्रदेश कांग्रेस के निर्णयानुसार मुख्यालय स्तरीय पर्दाफाश रैली निकाली गई रैली में शामिल कांग्रेस जनों ने केंद्र सरकार की उस नीति का जमकर विरोध किया। जिसमें हिण्डन बर्ग की रिपोर्ट के बाद सुर्खियों में आए घोटालेबाज उद्योगपति अडानी पर भाजपा ने कृपादृष्टि बनाकर देश वासियों के साथ अन्याय किया है साथ ही साथ दुर्भावना की राजनीति से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की सदस्यता रद्द किए जाने का भी केंद्र सरकार के विरुद्ध जमकर नारे लगाकर विरोध दर्ज किया गया। पर्दाफश रैली का कार्यक्रम विधायक प्रकाश नायक की उपस्थिति में जिला कांग्रेस (ग्रामीण) के अध्यक्ष अरुण मालाकार व शहर कांग्रेस के अध्यक्ष के नेतृत्व में किया गया जो शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए गांधी प्रतिमा में सम्पन्न हुई। उक्त कार्यक्रम में विधायक प्रकाश नायक ने अपने उदबोधन में कहा मोदी जी देश के नागरिकों और कांग्रेस को डराने का काम करते है। हम डरने वाले नही है हम लड़ेंगे और जीतेंगे।

### मादक पदार्थो की तस्करी में अब बच्चे भी हो रहे संलिप्त

# अपाचे बाईक में गांजा तस्करी करते दो नाबालिग पकड़ाए

■ अपचारी बालकों से 6 किलो गांजा बरामद

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



ओड़ीसा से लैलूंगा के रास्ते गांजा पार करने की तस्करों की योजना लगातार रायगढ़ पुलिस विफल कर रही है। ओड़ीसा से सटे जिले के सीमावर्ती थाना प्रभारियों को एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा गांजा तस्करों पर विशेष निगाह रखने के निर्देश दिये गये हैं जिसमें लैलूंगा पुलिस को एक और दफा सफलता हाथ लगी है। लैलूंगा पुलिस ने शुक्रवार की शाम मुखबिर की सूचना पर बाईक सवार दो नाबालिगों से 6 किलो गांजा बरामद किया है। यह शायद जिले का ऐसा पहला मामला है जिसमें गांजा की तस्करी में सिर्फ अपचारी बालक ही संलिप्त पाये गए हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बीते शाम थाना प्रभारी लैलूंगा उपनिरीक्षक आर. एस. तिवारी को मुखबिर से सूचना मिली कि दो लड़के बिना नंबर अपाचे मोटरसाइकिल में अपने बैग में गांजा लेकर लैलूंगा-जशपुर की ओर जा रहे हैं। थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देकर थाने के विवेचकों को गांजा तस्करों के आने वाले संभावित मार्गो में नाकेबंदी कराया गया। ग्राम बीरसिंघा आम रोड तिराहा पर सहायक उपनिरीक्षक टी.आर. खुंटिया के नेतृत्व वाली नाकेबंदी टीम द्वारा मोटरसाइकिल अपाचे बिना नंबर में गांजा तस्करी कर रहे दो लड़कों को पकड़ा गया जिन्हें कार्यवाही की जानकारी देकर उनके बैग की तलाशी लेने पर 6 पैकेट गांजा वजन करीब 6 किलो बरामद हुआ। गांजा तस्करी करते पकड़े गए दोनों किशोर बालक जिला जशपुर के रहने वाले हैं जिन्हें पुलिस अभिरक्षा में लेकर थाने लाया गया। दोनों विधि के साथ संघर्षरत बालकों से 6 ग्रह अवैध गांजा कीमत करीब 60000 और अपाचे बाइक विधिवत जप्त कर थाना लैलूंगा में 20(बी) एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई किया गया है। गांजे की अवैध तस्करी को रोकने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों तथा एडिशनल एसपी संजय महादेवा एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर लैलूंगा पुलिस ने इस महीने तीन गांजा रेड की कार्यवाही में 5 आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया है। गांजा रेड की कार्यवाही में थाना प्रभारी लैलूंगा उपनिरीक्षक रमाशंकर तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक टी.आर. खुंटिया, आरक्षक हेलारियुस तिर्की, प्रमोद कुमार भगत और सुमित एक्का की अहम भूमिका रही है।

# आदतन गुण्डा बदमाश अग्नि सिंह निवासी भैंसो को किया गया जिला बदर

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



आदतन गुण्डा बदमाश अग्नि सिंह निवासी भैंसो को किया गया जिला बदरल। जिला दण्डाधिकारी जांजगीर-चांपा द्वारा आदेश जारी किया गया। छग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 के तहत् की गई कार्यवाही। अग्नि सिंह के विरूद्ध थाना पामगढ़ में अलग.अलग धाराओं के तहत् कुल 5 प्रकरण पंजीबद्ध एवं 10 बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। आरोपी के विरूद्ध गाली गलौच, जान से मारने की धमकी, मारपीट संबंधी अपराध पंजीबद्ध आरोपी को जिला जांजगीर-चांपा एवं सरहदी जिला सक्ती, रायगढ़, कोरबा, बलौदा-बाजार की सीमा से 01 वर्ष की कालावधि के लिये किया गया बाहर अग्नि सिंह निवासी भैंसो वर्ष 2012 से लगातार विभिन्न प्रकार के संज्ञेय एवं असंज्ञेय अपराधों में संलिप्त रहा है। क्षेत्र में असमाजिक तत्वों से गुटबाजी कर लोगों के साथ मारपीट करने एवं आदतन अपराधी होने से क्षेत्र के आमजन में भय व्याप्त है। अनावेदक के विरूद्ध थाना पामगढ़ में अपराध कायम किया गया है। जिसमें से 1 प्रकरण में द्वारा दण्डित किया गया है एवं 4 प्रकरण माननीय न्यायालय में विचाराधीन है। इसके विरूद्ध10 बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है परंतु इसके आदतन अपराध, गुण्डागर्दी एवं मारपीट करने की प्रवृत्ति में कोई सुधार नहीं आया है। जिसके फलस्वरूप अग्नि सिंह निवासी भैंसो को जिला जांजगीर-चांपा के सरहदी जिले सक्ती, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, बलौदा-बाजार से जिला बदर की कार्यवाही करने हेतु जिला दण्डाधिकारी जांजगीर-चांपा की ओर प्रतिवेदन प्रेषित किया गया था। जिनके द्वारा छ0ग0 राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 के तहत् अग्नि सिंह निवासी भैंसो को 01 वर्ष की कालावधि के लिये जांजगीर-चांपा एवं सरहदी जिला सक्ती, रायगढ़, कोरबा, बलौदा-बाजार जिलो की सीमाओं से बाहर चले जाने एवं बिना अनुमति के उक्त जिलों की सीमा अंदर प्रवेश नहीं करने का आदेश जारी किया गया। आदेश की तामीली हेतु तत्काल थाना प्रभारी पामगढ़ को आदेश की प्रति देकर उसके निवास स्थान भेजा गया। विधिवत गाँव मे कोटवार से मुनादी कराई गई एवं आरोपी के घर मे नही मिलने से आदेश की प्रति उसके घर मे चस्पा की गई तथा पंचनामा बनाया गया।

# टिकेंद्र सिंह बनाफर बनाए गए संयोजक, सहसंयोजक होंगे घनश्याम चंद्रा एवं महाराज गोपाल जोशी

### भाजपा शक्ति जिले की सहकारिता प्रकोष्ठ कार्यकारिणी का हुआ गठन

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ प्रदेश के संयोजक शशिकांत द्विवेदी की स्वीकृति एवं भाजपा शक्ति जिले के अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा की सहमति से सहकारिता प्रकोष्ठ शक्ति जिले की टीम की घोषणा की गई है,जिसमें जिला संयोजक के रूप में ठठारी के टिकेंद्र सिंह बनाफर, सहसंयोजक के रूप में घनश्याम चंद्रा एवं महाराज गोपाल जोशी बाराद्वार बनाए गए हैं, साथ ही मीडिया प्रभारी के रूप में भोजराम साहू रहेंगे, भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ शक्ति जिले की घोषित कार्यकारिणी के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने दायित्व वान पदाधिकारी सदस्यों को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की हैं वही जिला कार्यकारिणी मेंसदस्यों के रूप में -मन्नु देवांगन, ऋषि कुमार गोयल, छतरामसाहू, हितेश साहू, यशवंत जाटवर, हरिशंकर बंजारे, मेखराम बरेठ, प्रकाश सिंह, ज्योतिष नारायण कश्यप, रमेश कुमार डडसेना, सोनाऊ रामपटेल, दिनदयाल कश्यप, संतराम यादव, राजेन्द्र राठौर,जगन्नाथ राठौर, सरजु प्रसाद, तमेश्वर साहू, हेमन्तवर्मा, कुंजबिहारी चन्द्रा ,रामानुज साहू, गुरू प्रसादगबेल, शंकर यादव,धन्नू चन्द्रा,रमेश पटेल, शत्रुहन साहू, दशरथ श्रीवास, विरेन्द्र गुप्ता, बृजेश देवांगन, रजनीश बरेठ बनाये गए, सहकारिता प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिला संयोजक टिकेंद्र सिंह बनाफ्र ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश के दिशा निर्देश पर प्रत्येक मंडलों में इकाई का गठन कर कार्यों को गति दी जाएगी तथा आने वाले 2023 के विधानसभा चुनाव में सहकारिता प्रकोष्ठ शक्ति जिले में विशेष भूमिका निभाएगा

### प्रशिक्षण धरातल पर दिखाई दे तभी सार्थक है : एमडी दीवान

# प्राकृतिक आपदा व विपदा के बारे में प्रधान पाठकों व शिक्षकों को जानकारी दी गई

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देश, विकास खंड शिक्षा अधिकारी एमडी दीवान के आदेश पर मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा उन्मुखीकरण कार्यशाला दो दिवसीय प्रशिक्षण विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन बीआरसी बम्हनीडीह प्रशिक्षण हाल क्रमांक 01व 2 में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकासखंड के समस्त शासकीय प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानपाठकों, शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एचके बेहार एवं मास्टर ट्रेनर्स आर के सोनी,धरम दास मानिकपुरी,डॉ उमेश दुबे के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पूजन अर्चन,राज्य गीत के साथ किया गया। विकास खंड शिक्षा अधिकारी एमडी दीवान ने प्रथम दिवस सभी उपस्थित प्रधान पाठक व शिक्षकों को मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा एवं व्यक्तिगत सुरक्षा का मुख्य उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सभी बच्चे स्कूल में सुरक्षित रहते हुए सुरक्षित वातावरण में सीखें। साथ ही जो प्रशिक्षण में बताई गई है उसको विद्यालय व जन समुदाय क्रियान्वयन होना चाहिए तभी प्रशिक्षण का सार्थक होगा।वही समय-समय पर घटित होने वाली प्राकृतिक आपदा और विपदा के बारे में शिक्षक बच्चों और पालकों को पुरे जानकारी प्रदान करना है, आपातकालीन बचाव के उपाय बच्चों की सुरक्षा के लिए स्कूलों में सुरक्षित मानक तैयार करने के संबंध में जानकारी दी।विकासखंड समन्वयक एच के बेहार द्वारा शाला सुरक्षा से संबंधित जलवायु परिवर्तन के न्यूनीकरण के लिए ऊर्जा संरक्षण, पौधारोपण, किचन गार्डन/ग्रीन स्कूल, परिवहन से जुड़ी पहल, स्वच्छता एवं साफ सफाई के संदर्भ में जानकारी, सड़क सुरक्षा तथा स्कूल बसों या अन्य वाहनों हेतु सुरक्षा के निर्देश,शाला आपदा प्रबंधन समिति गठन की प्रक्रिया, वज्रपात/ ठनका से बचाव की जानकारी, डेंगू मलेरिया से बचाव एवं रोकथाम के संदर्भ में जानकारी, कैसे करें जंगली जानवरों से बचाव, पानी का संरक्षण के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी गई।मास्टर ट्रेनर्स आर के सोनी धरमदास मानिकपुरी द्वारा बाढ़ एवं संबंधित खतरों से बचाव और उपाय,बाल यौन दुर्व्यवहार से संरक्षण के संबंध में,पोक्सो इ बाक्स के उपयोग की जानकारी, बच्चों के पोषण संबंधी, भूकंप के कारण एवं बचाव, अंधविश्वास के प्रति जागरूकता के संबंध में जानकारी, मादक पदार्थ से होने वाले नुकसान रोकथाम एवं बचाव के बारे में जानकारी, सड़क सुरक्षा और बचाव जलवायु परिवर्तन का प्रभाव और उपाय, बाल अधिकार, बाल विवाह यौन दुर्व्यवहार से संरक्षण के लिए उपाय, हाथ धुलाई के फायदे, कुपोषण से होने वाले परेशानियां एवं उनके समाधान के संदर्भ में जानकारी, बिजली से घात-जलजमाव से परेशानियां तथा बोरिंग के गड्ढे से होने वाली घटनाओं के बारे में जानकारी दी गई। गढबो नवा छत्तीसगढ़ विकासखंड प्रभारी उमेश दुबे ने पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण एवं उपाय, आगजनी के खतरे के संबंध में जानकारी-बचाव, पेयजल की अशुद्धता से होने वाले खतरे एवं उनके उपाय के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी (जिला मिशन समग्र शिक्षा जांजगीर चांपा) डॉ उमेश दुबे व आभार प्रदर्शन विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एसके बेहार द्वारा किया गया। अंतिम दिवस में एपीसी एचआर जायसवाल व खेल युवा एवं स्काउट गाइड जिला प्रभारी परमेश्वर स्वर्णकार ने कहा की विद्यालय में बच्चों का शोषण,पास्को एक्ट, गुड टच बेड टच के बारे में अवश्य जानकारी देनी है साथ ही साथ छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना है।

# पुत्री की हत्या कर फेंक दिया गया था तालाब में

## आरोपी द्वारा हत्या को तालाब में डूबने से हुई मौत का रूप देने की रची गई थी साजिश

■ पति-पत्नी ने मिलकर रचा अपनी पुत्री की हत्या का षणयंत्र

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा गंभीर अपराध के त्वारित निर्देश दिये गये थे, जिसके पालन मे अति.पु.अ सचिन्द्र चौबे एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष अरोरा के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी थाना भाटापारा ग्रामीण विनोद मंडावी के कुशल नेतृत्व में अपनी सगी पुत्री की हत्या के आरोपी पति-पत्नी नीलमचंद वर्मा पिता हीरालाल वर्मा उम्र 38 वर्ष, प्रीति वर्मा पति नीलमचंद वर्मा उम्र 30 वर्ष दोनों निवासी ग्राम कोदवा थाना भाटापारा ग्रामीण को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। घटना 24 मार्च को सूचक चिंताराम वर्मा निवासी ग्राम कोदवा थाना भाटापारा ग्रामीण का पुलिस सहायता केन्द्र निपनिया आकर जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराया कि कु. मोक्ष वर्मा पिता नीलमचंद वर्मा उम्र 10 वर्ष साकिन कोदवा थाना भाटापारा ग्रामीण की तालाब पानी मे नहाते समय डूबने से मृत्यू हो गई है, कि रिपोर्ट पर धारा 174 जाफौ के तहत मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही मे लिया गया। मृतिका की शव पंचनामा कार्यवाही के दौरान मृतिका के गले मे चोट के निशान पाया गया था, जिसे गवाहो/पंचो ने भी देखकर हत्या होने का संदेह व्यक्त किया है। बाद पंचनामा कार्यवाही के मृतिका के शव को सीएचसी भाटापारा भेजकर पीएम कराया गया। पोस्टमार्डम रिपोर्ट मे डा. तौसिफ खान ने भी मृतिका की मृत्यू गला दबाने से स्वास गति अवरूद्ध होने से होना लेख किये है, तथा मृत्यू की प्रकृति हत्या होना लेख किये है, जो धारा 302, 201 भादवि का घटित होना पाये जाने से अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्र. 166/2023 धारा 302,201 भादवि कायम कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना गवाहो के कथन के आधार पर पता चला की जबसे आरोपी नीलमचंद, प्रीति को चूडी पहना कर पत्नी बनाकर रखा तब से बच्चो को लेकर पति-पत्नी के मध्य अक्सर विवाद होता रहता था जिसे के.के.वार्ड भाटापारा व ग्राम कोदवा के ग्रामीणों द्वारा भी बाल-बच्चो को देख जान कर आई हो कहकर आरोपी पत्नी प्रीति को कई बार समझाया गया था। किंतु आरोपिया प्रीति वर्मा अपने पति को जब तक अपनी लडकी मोक्ष ऊर्फ मोना को रास्ते से नही हटाओगे तब तक मै आपके साथ नही रहूंगी बोलने पर आरोपी 23मार्च के रात्रि अपनी बच्ची का कपडे से गला घोटने का प्रयास किया। लडकी के बेहोस हो जाने मर गई समझ कर उसे छोड दिया, कि सुबह देखा तो लडकी मोक्ष जिंदा थी, और स्कुल चली गई। कि स्कुल में टीचर के द्वारा घरवालों को बताया गया कि मोक्ष का तबीयत खराब है, उसे घर ले जाओ बोलने पर अपने साथ घर ले गया और नहलाने के बहाने गांव के सती तलाब ले जाकर पूनः गला घोटकर हत्या कर पानी मे डुबा दिया और लडकी के डूब जाने का हल्ला करने लगा। इसके बाद लडकी को तालाब से निकाल कर ग्रामीणो कि मदद से घर लेकर आ गया। कि प्रकरण में पुलिस द्वारा आरोपी पति-पत्नी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

# राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करने के विरोध में कांग्रेस ने सभी जिलों में किया सत्याग्रह

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम कोण्डागांव में शामिल हुए






पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सदस्यता बर्खास्त करने तथा मोदी सरकार के देश विरोधी रवैय्ये के खिलाफ कांग्रेस ने देशभर में संकल्प सत्याग्रह किया। छत्तीसगढ़ के सभी जिला एवं ब्लाक मुख्यालयों में कांग्रेसजनों ने 11 बजे से 5 बजे तक सत्याग्रह किया। सत्याग्रह में कांग्रेसजनों ने बापू की प्रतिमा के पास उनके प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीर पराई जाने' भजन का गायन किया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम अपने गृह जिलें कोण्डागांव में संकल्प सत्याग्रह में शामिल हुये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि राहुल गांधी महात्मा गांधी के रास्ते पर चल रहे है। उनकी लड़ाई सत्य की लड़ाई है। सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं यह सिर्फ राहुल गांधी की व्यक्तिगत लड़ाई नहीं है। यह देश के लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। देश के आम आदमी की लड़ाई है। राहुल गांधी की सदस्यता खत्म करवा कर भाजपा देश में तानाशाही लाना चाह रही है। कांग्रेस देश के प्रजातंत्र और संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रही है। मोदी सरकार के अडानी प्रेम रिश्तो को लेकर लगातार राहुल गांधी ने सवाल उठाएं है। इससे घबराई मोदी सरकार राहुल गांधी को चुप कराने का षड्यंत्र रच संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही हैं। राजधानी रायपुर में गांधी मैदान में गांधी प्रतिमा के सामने सत्याग्रह किया गया। प्रदेश के सभी जिलों में जिला कांग्रेस अध्यक्षों तथा ब्लाक मुख्यालयों में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्षों ने सत्याग्रह की अगुवाई किया। प्रदेश के रायपुर शहर, रायपुर ग्रामीण, बलौदाबाजार, गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी, दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण, भिलाई, बेमेतरा, राजनांदगांव शहर, राजनांदगांव ग्रामीण, कवर्धा, जगदलपुर शहर, बस्तर ग्रामीण, सुकमा, नारायणपुर, कोण्डगांव, बीजापुर, कांकेर, दंतेवाड़ा, बिलासपुर शहर, बिलासपुर ग्रामीण, गौरेला-पेण्ड्रा- मरवाही, मुंगेली, कोरबा शहर, कोरबा ग्रामीण, जांजगीर चांपा, रायगढ़ शहर, रायगढ़ ग्रामीण, जशपुर, सरगुजा, बलरामपुर, कोरिया एवं सभी ब्लाकों में सत्याग्रह हुआ। नेता अपने-अपने क्षेत्रों में सत्याग्रह में शामिल हुए।

# शहर कांग्रेस कमेटी के एकदिवसीय सत्याग्रह कार्यक्रम में शामिल हुए रूद्र गुरु

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित एकदिवसीय सत्याग्रह कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे पीएचई मंत्री रुद्र गुरु वही शहर से 14 किलोमीटर दूर स्थित निपनिया में महिला समूह सक्तीकरण एवं समरसता सम्मेलन मे पीएचई मंत्री रुद्र गुरु शामिल हुये जहाँ उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुये कहा की भूपेश बघेल सरकार के द्वारा गाँव ग्रामीण के किसानों को आर्थिक रुप से राहत पहुंचाने व महिलाओं को स्वलंम्बी बनाने महिला सशक्तीकरण को लेकर अनेक योजनाएं चलाया जा रहा है और आगे भी हर वर्ग के विकास के लिये सरकार कटिबद्ध है वही सरपंच कामत रावत के मांग पर नल जल योजना के अंतर्गत पानी टंकी निर्माण का घोषणा किया जिसके लिये पीएचई अधिकारी को तत्काल स्थल पर निर्देशित किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रुप निगम सदस्य सतीश अग्रवाल जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता सत्यनारायण ठाकुर रामबिलास साहू जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि परमेश्वर वर्मा सुन्दर साहू व महिला सशक्तिकरण के आयोजक रोहणी साहू सुनीता दैहरी वही कार्यक्रम का संगीता मसीह द्वारा किया गया वहीं पर उपस्थित सक्रिय पत्रकारो द्वारा शिकायत करते हुये पीएचई अधिकारी देवांगन मनमानी रवैय्या को लेकर मंत्री रुद्र गुरु से शिकायत किया गया जिस पर मंत्री द्वारा संज्ञान मे लेते हुये कार्यवाही का आशवासन दिया गया।

# भाजयूमो कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंका



**भाटापारा।** रायपुर भाजपा कार्यालय में हुए घटना क्रम को लेकर जिलाध्यक्ष भाजयूमो सुनील यदु के नेतृत्व में भाटापारा भाजयूमो कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला फवारा चौक(कांग्रेस भवन के सामने) जलाया.भाजपा कार्यालय से पैडल मार्च करते हुए नारे बाजी के साथ कार्यकर्ता पुतला लेकर पहुचे और पुलिस की झपटी के बाद भी पुतला जलाने में कामयाब रहे। दरसल पूरा मामला यह है-राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म होने के बाद रायपुर भाजपा कार्यालय पहुंचकर कांग्रेसी नेताओं ने हंगामा कर दिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय के पोस्टर पर कालिख फे ंकी। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ता भी कांग्रेस दफ्तर के बाहर पहुंच गए। वहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी कांग्रेस दफ्तर में कालिख फे ंक दी। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुनील यदु ने बताया कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं (गुंडों) द्वारा अपने आका भूपेश बघेल के इशारे पर अमर्यादित तरीके से भाजपा कार्यालय में घुसकर हमला करना चाहते थे। हमारे भाजपा एवं भाजयूमो कार्यकर्ताओं ने रायपुर में उन्हें बड़ी मुश्किल से रोका कानून व्यवस्था का हाल बुरा है।

# जिले में महात्मा गांधी इंडस्ट्रियल रूरल पार्क का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क योजना के तहत महिलाओं तथा ग्रामीण युवाओं में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश के गौठानों में निर्मित मल्टीएक्टीविटी सेंटरों (रीपा) का लोकार्पण किया। उन्होंने राजीव गांधी किसान न्याय योजना,राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहिन कृषि मजदूर न्याय योजना तथा गोधन न्याय योजना की लगभग 1946 करोड़ 26 लाख रूपये की राशि हितग्राहियों के खाते में ऑनलाइन अंतरण किये। साथ ही उन्होंने राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने हेतु वेबपोर्टल का लोकार्पण तथा छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 का ऐप को लॉच किया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम विकासखण्ड शंकरगढ़ के बचवार स्थित गौठान में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर संसदीय सचिव चिंतामणि महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं एवं शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से गौठानों को मल्टीएक्टीविटी सेंटर के रूप में विकसित कर महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना की है,जिसके तहत् बचवार गौठान में जीराफूल चावल प्रसंस्करण यूनिट, मिलेट्स प्रसंस्करण यूनिट तथा बेकरी प्रसंस्करण यूनिट की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में जिले के प्रत्येक विकासखण्डों में 2-2 गौठानों का चयन कर महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना किया गया है। जिसके द्वारा क्षेत्र के महिलाओं एवं युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा,जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बनेगी। उन्होंने कहा कि रीपा के माध्यम से लघु उद्यम को बढ़ावा मिलेगा और लोग गांव में भी इसका विक्रय कर सकेगें।कलेक्टर विजय दयाराम के.ने कहा कि बचवार गौठान सहित जिले के 11 गौठानों में रीपा की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि बचवार गौठान में राइस मिल, मिलेट्स प्रसंस्करण,आटा प्रसंस्करण के साथ बाजार में कैंटीन तथा बेकरी का संचालन महिला समूह और युवाओं के द्वारा किया जाएगा। बेकरी में मिलेट्स योजना को शामिल किया गया है। वही कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर ने संसदीय सचिव को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए, रीपा के निर्माण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# फ़िल्म निर्माता-निर्देशक, एक्टर शेखर चौहान थाई निर्माता के साथ मेगा बजट की हिंदी फिल्म बनाएंगे



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी फिल्मो के शोमेन, ग्लैमर प्रोड्यूसर एक्टर, चर्चित फिल्म बेर्रा, किरिया, त्रिवेणी माया होगे रे, आगामी फिल्म मिस यू मोर स्वीट हार्ट, जैसी नामी फिल्मो के निर्माता, अभिनेता अक्सर टाइम निकल कर दोनों बेटो के संग देश-विदेश में घूमने एवं सैर सपाटे के लिए निकल जाते है और साथ मे अपने अभिन्य मित्रों को भी ले जाने से नही चूकते है, इसी कड़ी मे विगत 20 दिनों की थाईलैंड यात्रा कर कल ही रायपुर पहुँचे है। ज्ञात सूत्रों से जानकारी है कि थाईलैंड में एक विदेशी निर्माता के संग बड़े बजट की हिंदी फिल्म की मेकिंग के साथ तैयारी में जुट गए जिसमे अपने बड़े बेटे भूपेश को एक बड़ी भूमिका देने की प्लांनिग में जोर शोर से जुटे गए है। हिंदी फिल्म में बॉलीवुड के नामी कलाकरो को भी लेंगे। अगले माह अप्रैल में कंबोडिया दौरे में अपने नए बिज़नेस को लेकर रवाना होने वाले है।

# कैशपार माइक्रो क्रेडिट संस्था ने मनोरा में की आरबीआई के अनुरूप वित्तीय जागरूकता

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



रविवार को कैशपार माइक्रो क्रेडिट संस्था द्वारा अपनी सदस्याओं को वित्तीय जागरूकता तथा उनके हितों को ध्यान में रखते हुए आरबीआई.द्वारा जारी नए दिशानिर्देश के बारे में जानकारी देने के लिए मनोरा में कार्यशाला का आयोजन किया गया द्य कैशपार हमेशा से ही गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाली सदस्याओं को वित्तीय सहायता साथ स्वास्थ्य एवं शिक्षा की सुविधाएं भी प्रदान करती है जिससे सदस्याओं की आर्थिक स्थिति को सुधारने के साथ-साथ वह अपने परिवार की बीमारी और बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दे सकें और अपने जीवनस्तर को ऊपर उठा सकें द्य कैशपार प्रतिवर्ष ऐसे कार्यशाला का आयोजन करता है इस आयोजन के मुख्य अतिथि के रुप में माननीय रामनाथ राम -सहायक उपनिरीक्षक चौकी प्रभारी- मनोरा एवम माननीय राजेश कुमार सोनी एआरओ द्वारा सदस्यों को जागरूक किया गया द्य इस आयोजन में लगभग 200 से अधिक लोग उपस्थित थे और इस आयोजन में सभी सदस्याओं ने भी बराबर का भाग लिया द्य कैशपार माइक्रो क्रेडिट ने इस आयोजन में सभी सदस्याओं के जलपान और आने- जाने का भी व्यवस्था किया था द्य इस आयोजन को सफल करने में राजेश कुमार सोनी, बीएम रवि रंजन शर्मा, वसीम हाशमी तथा प्रियंका, लक्ष्मी, बुधमनी, संजय, नीलेश का बहुमूल्य सहयोग अत्यंत सराहनीय था।

# किसानों का धान प्रति एकड़ 20 क्विंटल खरीदी करेगी भूपेश सरकार : सुशील शर्मा

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, ज़िला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता सत्यनारायण ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष के के नायक, सोसायटी अध्यक्ष शेली भाटिया, भोगसिंह तूरकने, जनपद सदस्य गंगा ओगरे, सरपंच प्रतिनिधि चंद्रमणि तिवारी ने संयुक्त रूप से ग्राम तुलसी में खाद गोदाम और सह कार्यालय का भूमिपूजन कर किसानो को सौग़ात दी, और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति सभी किसानो ने आभार व्यक्त किया। मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा के ग्राम तुलसी पहुँचने पर किसानो ने फू लमाला पहनाकर ज़ोरदार अतिसबाज़ी किया।

उपस्थित किसानों को सम्बोधित करते मंडी अध्यक्ष सुशील सुशील शर्मा ने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार किसानो की सरकार है इसलिए सरकार की सभी योजनाओं में किसान के हितार्थ निर्णय लिया जाता है अब किसानो को अपना धान बेचने के लिये किसी प्रकार की परेशानी नही होगी क्योंकि अब सरकार किसानो का धान सोसायटी में प्रति एकड़ 20 क्विंटल के हिसाब से धान उपार्जन केंद्रो में धान की ख़रीदी करेंगी ये है किसान मुख्यमंत्री का किसानों के लिये बेहतरीन उपहार हमारी सरकार किसानो को हर सम्भव सहयोग कर रही है,सरपंच प्रतिनिधि चंद्रमणि तिवारी की माँग पर धान उपार्जन केंद्र तुलसी में बाउंड्री बाल करने आऊँ किसान कुटीर निर्माण का भरोसा दिलाया क्योंकि भूपेश है तो भरोसा है और कका अभी जिंदा हवाय किसान मन चिंता झन करव।

सभा को सरिता ठाकुर ने सम्बोधित कर सरकार की योजनाओं की जानकारी किसानो को दी, के के नायक, शेली भाटिया, भोग सिंह, चंद्रमणि तिवारी, जनपद सदस्य गंगा ओग़रे ने सम्बोधित किया, कार्यकम में विशेष रूप से ज़िला महामंत्री अरुण यादव, सचिन शर्मा, लोकनाथ साहू, दसरथ चंद्राकर, मंडी उपाध्यक्ष चित्ररेखा साहू, अर्चना वाणी, राजेश देवागन, जितेंद्र सेन, इस्वर शर्मा, चिंताराम वर्मा सहित सैकडों किसान और अनेक ग्राम प्रमुख उपस्तिथ थे।

## सुनील माहेश्वरी ने भूपेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी कार्यों को गिनाया

# आदर्श निर्मल ग्राम महात्मा गांधी रुरल इंडस्ट्रियल पार्क के अंतर्गत ग्राम गुडेलिया में कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com





आदर्श निर्मल ग्राम महात्मा गांधी रुरल इंडस्ट्रियल पार्क (रिपा) के अंतर्गत ग्राम गुडेलिया में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर रजत बंसल निगम सदस्य सतीश अग्रवाल छाया विधायक सुनील महेश्वरी जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता सत्यनारायण ठाकुर जिला पंचायत अपर संचालक चौहान जनपद पंचायत सीओ पान्डेय गुडेलिया सरपंच लोकेश ध्रुव उपसरपंच संकेत अग्रवाल सहित आदि गण्यमान्य अतिथियों सहित भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे उक्त कार्य के अंतर्गत कलेक्टर रजत बंसल ने उपस्थित जन समान्य को सम्बोधित करते हुये कहा की हम अपने उद्यमों के कुशल संचालन व एकजुटता के परिश्रम से अपने उत्पाद के गुणवत्ता के माध्यम से स्थानीय स्तर के साथ साथ व्यापक स्तर पर जितना दूर लेकर जायेंगे उतने ही पैमाने पर रिपा योजना से जुड़े लोगों को लाभ मिल सकेगा। वही गुणवत्ता व प्रोडक्ट को बढ़ाने के साथ साथ व्यापारी वर्ग से भी सम्पर्क किया जाना चहिए रिपा योजना के उद्घाटन अवसर पर कलेक्टर रजत बंसल ने उक्त योजना के सफलता का श्रेय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार को दिया साथ ही ग्राम गुडेलिया को विकास व समृद्धि को देखते हुये माँडल ग्राम के अंतर्गत अन्य ग्राम पंचायतो के समक्ष रखा जायेगा जिसका वर्चुअल उद्घाटन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा किया गया। वहीं उक्त कार्यक्रम के उदबोधन में छाया विधायक सुनील महेश्वरी ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुये कहा की प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल की सरकार को गांव, गरीब की चिंता है इसलिये रोजगार के मूलभूत सुविधाओं के अंतर्गत गांव गांव में विकास कर रही है

सुनील माहेश्वरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश की भूपेश बघेल सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं और ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए चल रहे है जिसमें अनेक जन कल्याणकारी कार्यो को गिनाया वही शासन द्वारा पूरे जिले में रुलर पार्क का कार्य तेजी से पूर्ण कराने के लिए जिला प्रशासन को बधाई दी। ग्राम औद्योगिक इकाई के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे माहेश्वरी ने कहा कि आज भाटापारा विधानसभा के गुडेलिया सहित दो और ग्राम कड़ार एवं रोहरा में भी दो दो करोड़ का रुलर इंडस्ट्रियल पार्क का लोकार्पण हो रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश बनने के बाद यह पहला मौका है जब भूपेश सरकार गांव के विकास के बारे में सोच रही है। भूपेश बघेल की सरकार ने गांव को 2 करोड़ रुपए का एक साथ काम कराई है, उन्होंने कहा कि पहले की सरकारे सिर्फ शहरों पर पैसा खर्च करती थी, लेकिन भूपेश बघेल सरकार ने गांव और गांव के बेरोजगारी को दूर करने का काम कर रही है। वही कार्यक्रम में उपस्थित निगम सदस्य सतीश अग्रवाल ने भूपेश बघेल सरकार के अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का तारीफ करते हुये कहा की हर व्यक्ति युवा वर्ग को रोजगार मिल सके इसके लिये सरकार हर स्तर पर जनकल्याणकारी योजनाएं चल रही है जिसका लाभ सभी वर्गो को मिला है सरकार की अनेक योजनाओं के चलते लोगों को अब अपने ग्राम स्तर पर ही रोजगार प्राप्त हो रहा है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) बेमेतरा, तहसील व जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

//ईश्तहार//

रा.प्र.क्र. 136/अ-2 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को निवासी ग्राम मुलमुला तहसील व जिला बेमेतरा सुचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक कलेश्वर पिता अमोलदास निवासी ग्राम मुलमुला तहसील व जिला बेमेतरा ने ग्राम मुलमुला प.ह.नं. 19 तहसील व जिला बेमेतरा स्थित उसकी भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 538 कुल रकबा 0.1500 हे. को व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन बाबत् आवेदन पत्र, शपथ पत्र, बी1, खसरा, स्टाम्प की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को दावा/आपत्ति हो तो वे नियत तारीख 27.03.2023 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर अपनी दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 24.02.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर सहित ईश्तहार जारी।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
बेमेतरा

# अन्नदाता किसानों की संपन्नता एवं खुशहाली के लिए शासन द्वारा निरंतर किए जा रहे कार्य : सीएम भूपेश बघेल

## कुमर्दा एवं कल्लूबंजारी में जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक आमगांव में धान खरीदी केन्द्र खोलने की घोषणा

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज छुरिया विकासखंड में कंवर महोत्सव एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक द्वारा आयोजित किसान महासम्मेलन में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री का जनसामान्य द्वारा अभूतपूर्व अभिनंदन किया गया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने 105 करोड़ 71 हजार रूपए की लागत के 19 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। जिसमें 8 करोड़ 66 लाख 39 हजार रूपए की लागत के 6 कार्यों का लोकार्पण तथा 96 करोड़ 34 लाख 32 हजार रूपए की लागत के 13 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजना अंतर्गत 165 हितग्राहियों को 2 करोड़ रूपए 56 लाख 40 हजार रूपए की सामग्री,वन अधिकारी पट्टा, सामाजिक एवं अहाता निर्माण हेतु स्वीकृति आदेश तथा प्रशस्ति पत्र का वितरण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी को नवरात्रि एवं रमजान पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि अन्नदाता किसान खुश होंगे तो समझिए भगवान खुश हैं। धान खरीदी का दायरा बढ़ाते हुए 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल प्रति एकड़ किया गया है। किसान, पशुपालक एवं मजदूरों की जेब में पैसा जा रहा है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की राशि 2500 रूपए से बढ़ाकर 2800 रूपए की गई है। उन्होंने कहा राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत चौथे किस्त की राशि किसानों को दे दी गई है।

### समाजों के दिए डेढ़ करोड़, सहकारी बैंक-खरीदी केंद्र की भी घोषणा

मुख्यमंत्री ने जैतगुड़ा में गोड़ समाज द्वारा भवन निर्माण के लिए 30 लाख रूपए, आदिवासी कंवर सामुदायिक भवन राजनांदगांव के लिए 60 लाख रूपए तथा मराठा कलार समाज भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए की राशि स्वीकृति प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कुमर्दा एवं कल्लूबंजारी में जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक खोलने की घोषणा की। उन्होंने आमगांव में धान खरीदी केन्द्र खोलने, कुमर्दा-गैंदाटोला-बंजारी सड़क उन्नयन की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने बोरतालाव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण की घोषणा की। रायपुर में कंवर समाज के भवन निर्माण के लिए 50 लाख रूपए प्रदान करने की घोषणा की।

### दोगुना हुई किसानों की संख्या-रकबा

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि शासन की किसान हितैषी योजनाओं से किसानों की संख्या एवं रकबा बढ़ा है। पहले 55 लाख मिट्रिक टन धान की खरीदी होती थी, जो अब बढ़कर 107 लाख मिट्रिक टन हो गया है। राजनांदगांव जिले में किसानों की संख्या एवं रकबे में ढाई गुना बढ़ोत्तरी हुई है। धान खरीदी 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल करने पर किसानों ने उत्सव मनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासनिक दृष्टि से नये जिले के गठन के बाद विकास कार्यों में गति आयी है।

### बजट की घोषणाओं पर भी बोले सीएम

संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि - बजट सत्र के दौरान सभी की मांग को ध्यान में रखते हुए कोटवार, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पटेल, आंगनबाड़ी सहायिका के मानदेय में वृद्धि की गई है। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूरी न्याय योजना के अंतर्गत भूमिहीन कृषि मजदूरों को आर्थिक सहायता राशि दी जा रही है। राजीव गांधी नगरीय भूमिहीन मजदूर न्याय योजना नगरीय क्षेत्रों में भी प्रारंभ की गई है। इस दौरान उन्होंने राज्य की नयी और जारी योजनाओं पर बात की।

### सीएम ने किसानों के रोटी एवं पगड़ी को मान सम्मान : छन्नी साहू

खुज्जी विधायक छन्नी साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री ने किसानों के रोटी एवं पगड़ी को मान सम्मान दिया है। प्रदेश के मुखिया ने अन्नदाता किसानों की कर्जमाफी की है। जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष नवाज खान ने कहा कि देश भर में अभी भूपेश मॉडल भरोसे मॉडल की चर्चा है। प्रांतीय अध्यक्ष कंवर समाज हरिवंश मिरी एवं जिला कंवर समाज के अध्यक्ष बिंदुलाल चंद्रवंशी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक दलेश्वर साहू, धनेश पाटिला, 'तेजकुंवर नेताम, महापौर हेमा देशमुख, संजय जैन, पूर्व विधायक भोलाराम साहू सहित अधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनधि सहित बड़ी संख्या में कंवर समाज, किसान एवं आम नागरिक उपस्थित थे।

## बेमौसम बारिश का सिलसिला जारी, उमस भी बढ़ी

### बढ़ते तापमान के बीच बारिश ने मुश्किलें बढ़ाई



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

बारिश का सिलसिला जारी है। रविवार को सुबह से ही बादल छाए रहे। जिसके बाद एक बार फिर शाम लगभग 4 बजेकुछ देर के लिए तेज बारिश हुई। बदले हुए मौसम के चलते अब उमस भी बढ़ रही है। तापमान में अस्थिरताऔर बेमौसम बारिश ने चिंताएं बढ़ा दी है।

मौसम विभाग के अनुसार ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण हरियाणा और उससे लगे राजस्थान के ऊपर स्थित है। एक द्रोणिका/ हवा की अनियमित गति कर्नाटक से झारखंड तक छत्तीसगढ़ होते हुए गुजर रही है। प्रदेश में रविवार को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पडने की आशंका जताई गई थी।

जहां एक और गर्मी के सीज़न की शुरुआत में बारिश हो रही है तो दूसरी ओर अब तापमान भी बढ़ रहा है। रविवार को दिन में अधिकतम तापमान 34 डिग्री दर्ज हुआ। इसके न्यूनतम 21 डिग्री रहने की संभावना है। ऐसे में बारिश के चलते उमस का असर दिखने लगा है। इस तरह की परिस्थितियों में मौसमी बीमारियां तेजी से फैलती है। लोगों को हरारत जैसे शिकायतें भी आम हैं। बुजुर्गों और बीमार लोगों के लिए यह वातावरण प्रतिकूल साबित हो रहा है। दूसरी ओर लगातार बेमौसम बारिश का असर खरीफ फसलों पर पड़ रहा है। किसान वर्ग इसे लेकर चिंतित है और साथ ही शासन-प्रशासन हालात पर नज़र बनाए हुए है। बारिश का दौर न रुकने के चलते भी फसलों की क्षति का सर्वे पूरा नहीं हो पा रहा है।

## अनियंत्रित ट्रेलर दुकान से जा टकराया, सर्विस लेन पर पलटा

- तुमड़ीबोड़ में फ्लाई ओवर से नीचे उतरा वाहन, कोई हताहत नहीं

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नेशनल हाईवे 53 में मौजूद ग्राम तुमड़ीबोड़ में एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर फ्लाई ओवर से नीचे उतरकर सर्विस लेन किनारे मौजूद दुकान से जा टकराया। यह हादसा दोपहर में हुआ। दुर्घटना के चलते तुमड़ीबोड़ से नागपुर की दिशा में जाने वाला सर्विस लेन काफी समय तक ठप्प रहा। ट्रेलर की चपेट में आने से दुकान के सामने खड़ी एक मोपेड क्षतिग्रस्त हुई है।

इस दुर्घटना में जान-माल का नुकसान न होना राहत की बात रही। जबकि नवरात्र के दौरान डोंगरगढ़ आने-जाने वाले दर्शनार्थियों और सीएम भूपेश बघेल के आज छुरिया दौरे के बीच रास्ते में चहल-पहल थी। जिसके चलते इस हादसे की चपेट में लोग आ सकते थे। दोपहर में अचानक महाराष्ट्र की ओर जा रहा ट्रेलर अनियंत्रित होकर फ्लाई ओवर से नीचे उतर गया। सर्विस लेन पार करते हुए यह वाहन एनएसयूआई नेता घनश्याम साहू की स्टेशनरी दुकान के दरवाजे से जा टकराया। समय रहते आसपास मौजूद लोगों ने पहले अपनी जान बचाई। इसके बाद उन्होंने चालक को बाहर निकाला। तुमड़ीबोड़ पुलिस चौकी के जवानतत्काल मौके पर पहुंचे थे। फ्लाई ओवर के जिस हिस्से से होते हुए वाहन नीचे आया वहां कुछ लकड़ियां भी रखी हुई थी। इसकी वजह से भी हादसे में कम नुकसान हुआ।

## अप्रैल माह में 12 दिन बंद रहेंगे बैंक

**राजनांदगांव।** मार्च का महीना कुछ दिनों में खत्म ही होने वाला है। 1 अप्रैल से नए वित्त की शुरुआत होगी। 30 दिनों के अप्रैल महीने में लगभग 12 दिन बैंकों की छुट्टियां रहेंगी। ऐसे में बैंक से जुड़े सारे काम तुरंत निपटा लें। आरबीआई ने राज्य वार इन छुट्टियों की सूची घोषित कर दी है। छत्तीसगढ़ के अनुसार 12 दिन बंद रहेंगे।इन छुट्टियों में 5 रविवार की छुट्टी पड़ेंगी। 2 दिन शनिवार की छुट्टी रहेगी। अगले महीने छुट्टी की लिस्ट के आधार पर अपने बैंक से जुड़े कामकाज निपटा लें, जिससे बेवजह की दिक्कत से बचा जा सके।

**इन दिनों में बंद रहेंगे बैंक :** 0 1 अप्रैल : बैंक अकाउंट क्लोजिंग के चलते इस दिन सभी बैंक आम जनता के लिए बंद रहेंगे।2 अप्रैल- रविवार, 4 अप्रैल- महावीर जयंती के मौके पर बैंकों की छुट्टी।8 अप्रैल- दूसरा शनिवार के चलते बैंकों का साप्ताहिक अवकाश रहेगा।9 अप्रैल- रविवार, 14 अप्रैल-अंबेडकर जयंतीके चलते छुट्टी रहेगी। 21 या 22 अप्रैल-इस दिन ईदुल फितर के चलते बैंक बंद रहेंगे।22 अप्रैल-चौथा शनिवार, 23 अप्रैल- रविवार, 30 अप्रैल- रविवार।

## मवेशियों के साथ धरना...



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शासकीय करण की मांग को लेकर धरनारत पंचायत सचिवों के पंडाल में आज मवेशी भी नज़र आए। यह तस्वीर छुरिया की है जहां आज मुख्यमंत्री कंवर महोत्सव 2023 और किसान सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे थे। दरअसल, सचिव संघ सरकार तक अपना संदेश पहुंचाते हुए यह व्यक्त करने की कोशिशों में लगा है कि उनके कंधों के सैकड़ा भर से ज्यादा योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन की जिम्मेदारियां हैं जिनमें गरवा-नरवा, घुरवा-बाड़ी की सरकार की महत्वाकांक्षी योजना भी शामिल है। ऐसे में उनके हड़ताल पर चले जाने से योजनाओं का क्रियान्वयन थम गया है। गौरतलब है कि सचिव संघ कांग्रेस की चुनावी घोषणा पर शासकीयकरण की मांग कर रहा है। प्रदेश भर में सचिव हड़ताल पर हैं।

## विशेष श्रृंगार के साथ हुई आदि शक्ति की उपासना, पंचमी तिथि पर दर्शन के लिए उमड़ी भीड़

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



दैवीय उपासना का पर्व चैत्र नवरात्रि की विशेष तिथि पंचमी पर आदिशक्ति का अलौकिक श्रृंगार कर विशेषपूजा अर्चना की गई। माता भवानी के दर्शन के मंदिरों में भीड़ रही। प्रख्यात शक्ति पीठ मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर में दर्शनार्थियों की तादाद एक ही दिन में एक लाख से ऊपर पहुंच गई। प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों के अलावा महाराष्ट्र सहित दीगर राज्यों से लोग यहां पहुंचे थे। जिले भर में पंचमी उत्वस का हर्षोल्लास नज़र आया। शहर में बफानी धाम, मां शीतला देवी मंदिर, बस स्टैंड स्थित काली मंदिरसहित देवालयों में भीड़ रही। राजनांदगांव के पड़ोसी जिलों में स्थित शक्तिपीठों में दर्शनार्थियों का रेला रहा। इस दौरान देवियों का विशेष श्रृंगार किया गया।

पंचमी को मां की आरती और विशेष श्रृंगार के लिए महत्वपूर्ण तिथि माना जाता है। इस दिन स्कंद माता की उपासना की जाती है। मंदिरों में मनोकामना पर आधारित ज्योति कलश से भक्तिमय वातावरण नजर आ रहा है। इस पर्व में कठिन व्रत रखकर लोगों ने मनोकामना के लिए मां के दरबार में माथा भी टेका।

## नवरात्रि के बाद आएगा निगम का बजट, एमआईसी की बैठक संपन्न

**राजनांदगांव।** नगर निगम का बजट एक बार फिर देर से पेश होगा। इसके नवरात्र के बाद अप्रैल के पहले सप्ताह में जारी होने की संभावना है। अब तक तारीख तय नहीं की गई है। इसके पहले बजट के विषयों को महापौर परिषद की बैठक में स्वीकृत किया गया है। महापौर ने एमआईसी की बैठक लेते हुए बैठक में आय-व्यय अनुमान पत्रक 2023-2024 पर विचार विमर्श उपरांत स्वीकृति हेतु सामान्य सभा को प्रेषित किया गया वहीं वित्तीय वर्ष 2022-2023 के आय-व्यय को पुनरीक्षण की अनुशंसा सहित सामान्य सभा को भेजा गया। बजट में शामिल होने वाले विषयों पर भी चर्चा की गई।

## अर्धनाम साहेब की जन्मस्थली में कर्मा जयंती समारोह

- उत्कृष्ट कार्यों के लिए सामाजिकजन हुए सम्मानित

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




कबीरपंथ के हुजुर अर्धनाम साहेब की जन्मस्थली ग्राम पेन्ड्री में गत दिवस मां कर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्यअतिथि पूर्व जिपं अध्यक्ष दिनेश गांधी थे। मंडल स्तरीय जयंती एवं सम्मान समारोह में भव्य पूजा अर्चना, शोभायात्रा के बाद उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिकजनों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां कर्मा के तैलचित्र पर माल्यार्पण तथा पूजन अर्चना से हुआ। इससे पूर्व ग्राम में सामाजिकजनों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यअतिथि दिनेश गांधी ने सभी को 1006 वीं मां कर्मा जयंती की शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में धर्मान्तरण की प्रमुख समस्या हमारे कुछ समाजों में दिख रही है, इससे साहू समाज भी अछूता नहीं है। गांधी ने कहा कि शराब सेवन व मांसाहार सेवन भी सामाजिक बुराई के रूप में हमारे सामने है, इससे बचने के उपाय पर भी मंथन होना चाहिये। ग्राम पेन्ड्री में आयोजित मंडल स्तरीय कर्मा जयंती कार्यक्रम में पूर्व जनपद अध्यक्ष जयपाल सिन्हा, योगदास साहू, डॉ. वनिल साहू, प्यारादास साहू सहित अन्य ने भी अपने विचार रखे। पश्चात् सभी ने मां कर्मा की आरती में सहभागिता निभाई। इस दौरान प्रमुख रूप से भूषण साहू, मदनमोहन साहू, नारायण साहू, भुवन साहू, दिनेश साहू, जनपद सदस्य अनिता साहू, सरपंच अनिता वर्मा सहित सामाजिकगण उपस्थित थे।

## मानव मंदिर चौक में हुआ उग्र प्रदर्शन, जिला अध्यक्ष ने कहा - कांग्रेस गलत प्रथा की शुरुआत कर रही

# भाजयुमो ने किया राहुल गांधी-सीएम बघेल का पुतला दहन, भाजपा नेताओं के खिलाफ एफआईआर पर आक्रोश जताया

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता युवा मोर्चा ने रविवार को जिला मुख्यालय के मानवमंदिर चौक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला दहन किया। बड़ी तादाद में मौजूद भाजपा व भाजयुमो नेताओं ने जोरदार नारेबाजी के साथ विरोध दर्ज कराया। नेताओं ने यहां ओबीसी वर्ग पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी और कांग्रेस के अनैतिक प्रदर्शन पर आक्रोश व्यक्त किया।

जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने कहा कि - गुजरात में सूरत के कोर्ट ने राहुल गांधी की समुदाय विशेष पर अस्वीकार्य टिप्पणी पर सजा सुनाई है। कानून के तहत लोकसभा में उनकी सदस्यता समाप्त की गई है। प्रदेश कांग्रेस ने इसका विरोध करते हुए भाजपा के प्रदेश कार्यालय में तोड़फोड़ और जो गुंडागर्दी की है वो अस्वीकार्य है। यह राजनीतिक शिष्टाचार में गलत प्रथा की शुरुआत है। इसके इतर उन्हें रोक रहे भाजपा कार्यकर्ताओं पर गैरजमानती धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। इसके ही विरोध में आज भाजयुमो ने प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया है। कांग्रेसियों को कानून पर भरोसा रखना चाहिए न कि अनैतिक प्रदर्शन और बयानबाजी करनी चाहिए।

इस दौरान प्रमुख रुप से भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा, जिला महामंत्री राजेंद्र गोलछा, शिव वर्मा, तरुण लहरवानी, किशुन यदु, आलोक श्रोती, भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, 'मधु बैद, अल्पसंख्यक मोर्चा के इरफान शेख, मणीभास्कर गुप्ता, गगन आईच, अरुण साहू, कमलेश सूर्यवंशी, आशीष डोंगरे, जहीर अब्बास, सुमेश मानिकपुरी, अनुराग चौरसिया, विवेक शर्मा, देवा झा, जय शर्मा, शिवम यादव, ज्ञानेश गुप्ता, मंडल अध्यक्षद्वय सज्जन सिंह ठाकुर, प्रखर श्रीवास्तव,जश्मित भाटिया, व्यापारी प्रकोष्ठ के जैनम बैद, रफीक खान, संयम शर्मा, आशुतोष सिंह, कमलेश प्रजापति, वरुण पांडे, चेतन यादव, जयंत साहू, पेमन अग्रवाल, सोहन चौरसिया, आशीष जैन, कमलेश लहरे, आदित्य पराते, प्रहलाद सिन्हा, साहिल गोलछा, रवि साहू, अमन जायसवाल, अंशुल श्रीवास्तव, अभिषेक पांडे, नितेश नायक, प्रवीण शुक्ला, टिकेश्वर सिंह, हिमांश सोनवानी, सुवितेष श्रीवास्तव, हिमांश पात्रे, करण बग्गा, जैकी सोनकर, अमितेष झा, कृष्णा निषाद, प्रज्जवल गुप्ता, संस्कार झा, राघव ठक्कर, राहुल यादव, अभिषेक यदु, आशु डहरिया, रवि राजपूत, अभिषेक सेन, संभव बैद, नीरज शर्मा, लोकेश यदु, नरेंद्र देवांगन, भूपेश पराते, दामन पदम, अभिषेक शर्मा, विकास साहू, भूपेश साहू, आशीष सिन्हा, ललित निषाद, अभिजीत सिंह, प्रिंस राजपूत, सौरभ सिंह राजपूत, अंकित देवांगन, हैरी जोसेफ, कुंदन चौधरी, चंदन चौधरी, अविनाश जैन, मनीष साहू, अशोक सिन्हा, दीपक राजपूत, नीलेश सोनू पंसारी, कुशाल यादव सहित अन्य भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नवधा भक्ति का चरमोत्कर्ष, अविरल भक्तिधारा प्रवाह



- नवरात्रि पंचमी पर देवी मंदिरों में माता का विशेष श्रृंगार

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर सहित अंचल में चैत्र नवरात्रि की नवधा भक्ति चरम पर पहुंच गई है। देवी मंदिरों में प्रतिदिन प्रभात से देर रात्रि तक भक्ति की बयार से नगर सहित समूचा अंचल भक्ति मय हो गया है। देवी मंदिरों में आस्था के ज्योत ज्वर सुसज्जित हुए हैं। शाम होते ही सुमधुर जसगान से भक्ति की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। पंचमी अवसर पर मातारानी का विशेष श्रृंगार किया गया। चैत्र नवरात्रि में डोंगरगांव नगर में श्रीनवदुर्गा मंदिर, चंडी मंदिर, बम्लेश्वरी मन्दिर, मटियावार्ड सहित अन्य वार्डों में स्थित देवी मंदिरो में आस्था के ज्योत प्रजल्वित किये गए हैं। मंदिरों में रात्रि में कृत्रिम रौशनी व स्थल सजावट सहित सुमधुर भजन भक्तों को सहसा ही आकर्षित कर रही हैं। इस दरम्यान महिलाओं की श्रद्धा भक्ति भीड़ बतौर सहसा ही उमड़ रही हैं। अंचल के अजुनी, खुज्जी, तुमड़ीबोड, आसरा, कुमरदा व करमतरा बेल्ट के गांवों में भी आस्था के ज्योत जवारा परिलक्षित हो रहे हैं। माता के भक्त जन माता की सेवा में तल्लीनता से जुटे हुए हैं।

**निशान, पताका व बाना की रस्म :** देवी मंदिरों में पंचमी पर पारम्परिक तौर पर बैगा के संरक्षण में मातारानी को नीबू की माला, सात्विक वस्त्र चढ़ावा के साथ ग्रामीण अंचल की मान्यता मुताबिक देवी मन्दिरों के पारंपरिक निशान, बाना व पताका स्थापित किए गए हैं। मान्यता अनुसार पंडाल में निशान, बाना व पताको के सानिध्य में हवन पूणाहुति उपरांत ही ज्योत जवारा विसर्जित किए जाने की मान्यता है।

# एसईसीएल की गेवरा खदान 11 घण्टे तक रही बन्द, सारे कार्यों को रोका भू-विस्थापितों ने

## कोयला संकट का हवाला देकर भू-विस्थापितों का शोषण करने का लगाया आरोप

■ विरोध में गेवरा खदान पूरी तरह ठप्प, खदान के चप्पे-चप्पे पर भू-विस्थापितों ने लहराया झंडा

पायनियर संवाददाता ∢ कोरबा
www.dailypioneer.com




कोरबा जिलान्तर्गत ऊर्जाधानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति ने अपने 5 चरण के आंदोलन के घोषणा के अनुरूप अल सुबह लगभग 5 बजे से करीब 11 घंटे गेवरा खदान के मिट्टी, कोयला, परिवहन कार्य को पूरी तरह से ठप्प कर दिया। भू-विस्थापितों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सीएमडी एसईसीएल को ज्ञापन देकर आंदोलन शुरू किया गया। अपनी पूर्व निर्धारित चेतावनी के अनुरूप आज अल सुबह से ही गेवरा खदान को बंद करा दिया गया और देखते-देखते पूरे खदान परिक्षेत्र में हजारों की संख्या में भू-विस्थापितों ने कब्जा कर लिया जिससे ओबी, कोयला और परिवहन कार्य मे लगे सारे स्थानों की कामकाज पूरी तरह से ठप्प पड़ गए। जिसके कारण साइलो, रेलवे ट्रेक और परिवहन वाहन के चक्के थम गए। ऊर्जाधानी संगठन के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने आरोप लगाते हुए बताया कि एसईसीएल को पिछले 60 सालों से देश के विकास में कुर्बानी देने वाले किसानो की सुध लेने की फुर्सत नही है उत्पादन का विश्व रिकार्ड बनाकर अधिकारी अपना कद बढाने में ही लगे हैं। रोजगार के भटक रहे भू-विस्थापितों को नियम और नीति का हवाला देकर उलझाया जा रहा है वहीं 2012 कोल इंडिया पालिसी लागू कर 2004 के अर्जन के मामले में भी छोटे खातेदारों को रोजगार से वंचित कर दिया गया है। अपना सब कुछ खोकर अब ये भू-विस्थापित परिवार के बच्चे कहां जाएंगे। उनके बारे में ठोस नीति एसईसीएल को अपनानी होगी। सचिव विजय पाल सिंह ठाकुर ने कहा आंशिक अधिग्रहण के कारण किसानो को भारी नुकसान हुआ है जब तक पूर्ण अधिग्रहण नही किया जाएगा किसी भी गांवों में एक इंच जमीन नही दी जाएगी। गेवरा एरिया के अध्यक्ष दीपक यादव ने भी आरोप लगाते हुए कहा कि नौजवान बेरोजगारों को आउट सोर्सिंग कंपनियों में भर्ती में भारी धांधली हो रही है जमीन खोने वाले भटक रहे हैं और बाहरी लोंगो की भर्ती किया जा रहा है। रुद्र दास महन्त ने भी आरोप लगाते हुए कहा हैं कि कहा शासकीय भूमि में पीढ़ियों से काबिज परिवार के सदस्यो को बसाहट और सोलिशियम देने से इनकार कर दिया गया है। दीपका अध्यक्ष बसन्त कंवर ने बताया कि पूर्व में दी गयी बसाहट स्थल में नए गांवों को जबरदस्ती भेजा जा रहा है आपसी झगड़ा लगाया जा रहा है जबकि वो मूलभूत सुविधाओं से मरहूम है। अन्य पदाधिकारियों ने भी कहा है कि झूठे आश्वासन के सहारे उन्हें बार-बार ठगा जा रहा है जो अब बर्दाश्त से बाहर हो चुका है। आंदोलनकारियों ने मांग करते हुए कहा है कि संगठन के द्वारा रखी गयी मांगो पर सीएमडी सहित निदेशक मंडल के साथ ठोसवार्ता और मांगे पूरी करने पर ही आगे कोई समझौता होगा अन्यथा आगे की खदानबन्दी जारी रहेगी।ऊर्जाधानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति द्वारा चलाये जा रहे इस आंदोलन को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी और राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस ने समर्थन देते हुए भारी संख्या में उनके कार्यकर्ता ने आन्दोलन के दौरान मोर्चा संभाला। खदान बंद के दौरान सपुरन कुलदीप, विजयपाल सिंह तंवर, श्यामू जायसवाल, रूद्र दास महंत, बसंत कुमार कंवर, दीपक यादव, कुलदीप सिंह राठौर, संतोष दास महंत, ललित महिलांगे, संतोष चौहान, बृज कंवर, बबीता आदिले, दिलहरण महंत, दशरथ बिंझवार, गोपाल बिंझवार, भागीरथ यादव, संदीप कंवर, उदल राम, यादव जगदीश पटेल, प्रीतम दास, गनपत कंवर।

# थाना बांगो में पदस्थ मृतक परिहार के ब्लाईंड मर्डर केस एक पत्रकारवार्ता लेकर पुलिस ने विधिवत किया खुलासा

## कोरबा पुलिस को आरोपी को गिरफ्तार करने में मिली सफलता

पायनियर संवाददाता ∢ कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा जिलान्तर्गत कटघोरा तहसील के थाना बांगों में पदस्थ मृतक सउनि नरेन्द्र सिंह परिहार के ब्लाइंड मर्डर केस के कथित आरोपी को पकड़ने में कोरबा पुलिस को सफलता मिली हैं। विगत 09-10 मार्च की दरम्यानी रात को सउनि नरेन्द्र सिंह परिहार का मर्डर होने से थाना प्रभारी बांगो द्वारा जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकरियों को इस घटना के संबंध में सूचना दी गयी। इसके बाद कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक यू. उदय किरण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कटघोरा ईश्वर त्रिवेदी फोरेंसिक टीम, डॉग स्क्वायड, सायबर सेल टीम घटना स्थल पर पहुंच घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया इसके बाद पुलिस अधीक्षक यू. उदय किरण ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। पुलिस महानिरीक्षक बी.एन. मीना, बिलासपुर रेंज द्वारा भी घटना स्थल निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। प्रकरण में थाना बांगो में अपराध प्रकरण दर्ज कर पुलिस अधीक्षक कोरबा द्वारा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में जल्द से जल्द अज्ञात आरोपी को पकड़ने टीम गठित की गयी। अज्ञात आरोपी की पता-साजी हेतु एफएसएल टीम, डॉग स्क्वायड कोरबा एवं बिलासपुर की सयुंक्त सायबर टीम को घटना स्थल का निरीक्षण कर अपने-अपने काम में लग गई। मामले में अज्ञात आरोपी की पता-साजी हेतु पुलिस टीम विभिन्न पहलुओं पर बारीकी से अनुसंधान कर रही थी। सयुंक्त सायबर टीम मामले की बारीकी से जांच कर रही थी। साइबर टीम द्वारा घटना का समय जो रात्रि 12 बजे से सुबह 06:30 बजे के बीच का होने से उस समय का तकनीकी विश्लेषण किया जा रहा था। जिसमें विश्लेषण के आधार पर संदेही करण गिरी को अडेंटिफाई किया गया। उक्त संदेही करण गिरी को तलब कर पूछताछ किया गया जो पहले घटना करने से इंकार करता रहा फिर हिकमत अमली से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा घटना करना स्वीकार किया जाता, उसने बताया कि मृतक सउनि नरेन्द्र सिंह परिहार के द्वारा माह दिसम्बर में उसे शराब प्रकरण में जेल भेज दिया था जो करीबन 15-20 दिन जेल में रहना बताया एवं होली त्यौहार में मोहल्ला में डीजे बजाकर होली त्यौहार मना रहे थे तब थाना से मृतक सउनि नरेन्द्र सिंह परिहारआकर रात्रि 09:30 बजे डीजे बंद कराकर डीजे थाना ले गए तथा दूसरे दिन रात्रि 09:30 बजे तक पुलिस वाले डीजे बजाकर होली मना रहे थे, जिसमें परिहार भी शामिल थे।

# हाइवे पेट्रोल गस्त टीम ने रात 10 बजे मोड़ में दुर्घनाग्रस्त व्यक्ति को तत्काल पहुंचाया अस्पताल

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



गौरतलब है कि हाइवे पेट्रोल जशपुर 24 घंटे पुलिस लगातार नेशनल हाइवे क्रमांक 43 पर ग्राम खटंगा थाना दुलदुला से ग्राम झरगांव थाना जशपुर तक कुल 30 किलोमीटर के दायरे में पेट्रोलिंग करती है।इस दौरान हाईवे पट्रोलिंग टीम द्वारा एन एच 43 में यातायात व्यवस्था सुचारू रखते हुए दुर्घटनाओं एवं हाइवे पर होने वाले अपराधों पर नियंत्रण रखने हेतु निरन्तर प्रयास किया जाता रहा है , साथ ही दुर्घटना ग्रस्त व्यक्तियों को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जाता रहा है।पेट्रोलिंग दौरान हाइवे के किनारे स्थित ग्रामों में जागरूकता अभियान चलाकर तथा हाइवे में चलने वाले राहगीरों व वाहन चालकों को यातायात नियमों से संबंधित पम्प्लेट वितरण कर यातायात नियमों के संबंध में लगातार जागरूक किया जाता रहा है, जिससे कि सम्भावित दुर्घटना से बचा जा सके तथा गुड सेमेरिटन लॉ के संबंद्ध में लोगों को जागरूक कर दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने हेतु आम नागरिकों को प्रोत्साहित किया जाता रहा है। हाइवे पेट्रोल टीम जशपुर द्वारा हाइवे पेट्रोल संचालन दिनांक से आज तक कुल 102से अधिक हाइवे में दुर्घटना ग्रस्त घायलों को उपचार हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया है, जिससे कि समय पर उपचार होने से अधिकांश घायलों की जान बच सकी है। इसी तारतम्य में दिनांक 26-03-2023 को हाइवे पेट्रोल जशपुर द्वारा पेट्रोलिंग दौरान पतराटोली दुलदुला से आगे पंडरीपानी मोड़ पर रात्रि 10 बजे के लगभग मोटर साइकिल से दुघर्टनाग्रस्त तेज सिदार पिता शिव नाथ सिदार व देवधर राम पिता बालमुकुंद राम निवासी बोडो कछार को तत्काल प्राथमिक उपचार कर उप स्वास्थ्य केंद्र दुलदुला पहुंचाया गया। जहाँ घायल की स्थिति स्थिर बनी हुई है। उक्त कार्यवाही में हाइवे पेट्रोल टीम से सउनि बरन साय, आरक्षक 716 पवन चौहान, आरक्षक 739 आनंद तिर्की की भूमिका महत्वपूर्ण रही है।

# राज्य सरकार के योजनाओं से महिलाऐं हो रहीं है आत्मनिर्भर और सशक्त : मिंज

## महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए संसदीय सचिव यू.डी. मिंज

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



दुलदूला ब्लॉक में आयोजित महिला दिवस कार्यक्रम में कुनकुरी विधायक और संसदीय सचिव यू.डी. मिंज ने महिलाओं की उत्साह वर्धन करने के लिए भाग लिया. ब्लॉक के सभी महिलाओं ने विधायक यू. डी. मिंज का आत्मीय स्वागत किया. महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में आज विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य एवं गीत की प्रस्तुति महिलाओं के द्वारा दी गई आज के कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण को लेकर जोर दिया गया महिलाओं के उत्थान को लेकर सार्थक चर्चा भी किया गया इस महिला दिवस पर दुलदुला ब्लॉक के सभी गांवों से महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया.साल में एक बार विश्व महिला दिवस पर जिले अनेकों कार्यक्रम होते हैं इसी उपलक्ष्य में सादरी कुड़ूख फैशन शो का प्रदर्शन भी हुआ. संसदीय सचिव ने यू.डी. मिंज ने अपने उद्बोधन में कहा की नारी शक्ति देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में अपना परचम लहरा रही है और देश की बेटियां विश्व भर में अपना नाम कमाया हैं आज राज्य में महिलाऐं सशक्तिकरण का मिशाल पेश कर रही हैं राज्य सरकार के योजनाओं को लेकर महिला अपने आप में आत्मनिर्भर हो रही हैं महिलाओं की आय में वृद्धि हो रही है अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पूरे विश्व में विविध कार्यक्रमों का आयोजन होता है यह दिन विशेष महिलाओं के नाम होता है वहीं विधायक मिंज ने भी राज्य सरकार की योजनाओं को विस्तार से जानकारी देते हुए लाभ उठाने को कहा और जहां भी कोई समस्या आती है तो मुझे अवगत कराएं ताकि मैं उसका समाधान कर सकूं वहीं विधायक यू.डी. मिंज ने भी फैशन शो की सराहना की एवं कार्यक्रम में गीत गाकर जोरदार डांस किया।

# राजस्व मंत्री ने अशोक वाटिका में चल रहे निर्माण कार्यो का किया औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ कोरबा
www.dailypioneer.com



प्रदेश के राजस्व, आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा कोरबा में लगभग 10 करोड़ की लागत से अशोक वाटिका में करवाए जा रहे विकास कार्यो का औचक निरीक्षण किया।
अशोक वाटिका (उद्यान) नगर पालिक निगम के द्वारा विकसित किया गया हैं नगर के मध्य विकसित अशोक वाटिका लगभग 53 एकड क्षेत्र में फैला है, जिसके परिसर में करीब 28 एकड का क्षेत्र सघन वृक्षों से आच्छादित है, जिसे यथावत रखा गया है। शेष 25 एकड़ क्षेत्र में पर्यावरण सुधार सहित मनोविनोद के लिए विभिन्न कार्य करवाए जा रहे हैं। अशोक वाटिका का सौंदर्यीकरण कार्य पूरा हो जाने पर आम नागरिक इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। इस विकास कार्य से प्रातः भृमण, व्यायाम, पिकनिक अथवा अन्य आयोजनों के लिए आम नागरिकों को बहुत बड़ी सुविधा मिल सकेगी। जो प्रदूषण की चौतरफा मार झेल रहे कोरबावासियो के लिये बहुत ही सुखद और राहत भरी अनुभूति होगी।

# नवरात्र के चौथे दिन स्पीकर चरणदास महंत ने मां अन्नपूर्णा की दर्शन कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की

पायनियर संवाददाता ∢ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

अभी चैत्र नवरात्रि की पावन पर्व चल रहा है देवी मंदिरों में श्रध्दालुओं की भीड़ लग रही है नवरात्र के चौथे दिन शनिवार को छत्तीसगढ़ शासन के विधान सभा



अध्यक्ष चरणदास महंत अपने सहयोगी के साथ नगर के रामघाट स्थित मां अन्नपूर्णा देवी के दर्शन लाभ हेतु शिवरीनारायण पहुंचे और मां अन्नपूर्णा की दर्शन एवं पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख शांति समृद्धि की कामना की इस अवसर पर उनके साथ जिलाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, इंजीनियर रवि पांडे, शरद पांडे, रवि नारायण द्विवेदी, पुजारी सिद्धू शर्मा,देवेंद्र अग्रवाल,सहित अनेक लोग उपस्थित थे। सतयुग से विराजित मां अन्नपूर्णा देवी की मंदिर में हजारों कलश प्रज्वलित की गई है प्रत्येक नवरात्रि पर्व के अवसर चरणदास महंत अपने आस्था भक्ति के साथ मंदिर में आते रहते है और पिछले 20 वर्ष से ज्योत कलश प्रज्वलित करवाते आ रहे हैं । इसीलिए वह मां अन्नपूर्णा के दर्शन के लिए नवरात्रि पर्व में एक दिन शिवरीनारायण जरूर आते हैं ।

# अटल बिहारी विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह कल

■ मुख्य अतिथि फिजी गणराज्य के उच्चायुक्त होंगे, अध्यक्षता करेंगे राज्यपाल

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के चतुर्थ दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के कोनी स्थित नवीन परिसर के चतुर्थ तल सभागार में मंगलवार, 28 मार्च 2023 को आयोजित है। उक्त जानकारी देते हुए बिलासपुर प्रेस क्लब में पत्रकारों को कुलपति अरुण दिवाकर नाथ बाजपेई ने बताया कि यह प्रथम अवसर है, कि विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह स्वयं विश्वविद्यालय के भवन मेंआयोजित किया जा रहा है। इस दीक्षांत समारोह के अध्यक्षता राज्यपाल एवं कुलाधिपति विश्वभूषण हरिचंदन करेंगे। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि फिजी गणराज्य के भारत में उच्चायुक्त कमलेश शशि प्रकाश होंगे तथा दीक्षांत भाषण देंगे। इस दीक्षांत समारोह के अति विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल होंगे। अन्य विशिष्ट अतिथियों में अरूण साव, सांसद बिलासपुर लोकसभा, रश्मि सिंह, संसदीय सचिव एवं विधायक तखतपुर, शैलेष पाण्डेय, विधायक बिलासपुर एवं रजनीश सिंह विधायक, बेलतरा होंगे। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के द्वारा 58 स्वर्ण पदक तथा 7 स्वर्ण पदक शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ को प्रदान किया जाना है। जिसमें 47 विद्यार्थियों द्वारा अब तक पंजीयन कराया गया है। विश्वविद्यालय में कुल 27 दानदाताओं के द्वारा मेडल प्रदान किया जाता है। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 में केवल स्वर्ण पदक प्राप्त विद्यार्थियों को ही दीक्षांत समारोह में मेडल प्रदान किये जाते है। माननीय कुलपति के इच्छा को विद्यापरिषद् एवं कार्यपरिषद् के अनुमोदन के पश्चात् प्रवीण्य सूची के 02 से 10 तक के विद्यार्थीयों को भी पहली बार उपाधि प्रदान की जा रही है।विश्वविद्यालय के कुल 650 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान किया जाना था। जिसमें से अब तक 214 विद्यार्थियों ने उपाधि लेने हेतु पंजीयन कराया है।विश्वविद्यालय के द्वारा 02 मानद उपाधि भी प्रदान की जा रही है। कमलेश शशि प्रकाश, फिजी गणराज्य के भारत में उच्चायुक्त समाजविज्ञान संकाय में पीएच.डी. की उपाधि, डॉ पुष्पा दीक्षित, सेवानिवृत्त प्राध्यापक कला संकाय में डी.लिट् की उपाधि. विश्वविद्यालय के द्वारा विश्वविद्यालय में शोधकर्ता 02 विद्यार्थियों (गणित एवं अंग्रेजी में) को पीएच.डी. की उपाधि प्रथम बार प्रदान कर रही है।

# जशपुर शहर की यातायात व्यवस्था को नियंत्रित एवं सुदृढ़ रखने यातायात पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

■ सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहन के चालकों तथा सड़क पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों को दी गयी समझाईस

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डी रविशंकर के दिशा-निर्देश व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जशपुर उमेश कश्यप के मार्गदर्शन तथा रक्षित निरीक्षक एवम् यातायात प्रभारी जशपुर विमलेश देवांगन के नेतृत्व में यातायात पुलिस जशपुर द्वार शहर के बसटैण्ड, महाराजा चौक रणजीता चौक बाजार डाँड़ में फ्लैग मार्च निकाला। सड़क किनारे, एवम दुकानों के सामने बेतरतीब खड़े वाहनों, जिनके कारण शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है,को प्रथमतः समझाईस दी गई कि वे यातायात नियमों का पालन करते हुए अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल में ही पार्क करे अन्यथा उन पर यातायात नियमों के तहत वैधानिक कार्यवाही की जावेगी, साथ ही तीन सवारी मोटर सायकिल चालको को भी समझाईस दी गयी और् चेतावनी दी गयी कि भविष्य में तीन सवारी पाए जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। साथ ही दुकान मालिको द्वारा अपने समानो को विक्रय के लिए बेतरतीब रखकर यातायात को प्रभावित करते है उनको भी समझाइश दिया गया। यातायात पुलिस जशपुर नागरिकों से अपील करती है कि यातायात नियमों का पालन करें, जिससे कि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। फ्लैग मार्च में यातायात पुलिस के साथ पुलिस लाइन जशपुर एवं सी ए एफ के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिले में 10 ग्रामीण औद्योगिक पार्क से महिलाओं और युवाओं को मिलेगा रोजगार

# रीपा से होगा आजीविका गतिविधियों का संचालन, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया लोकार्पण

■ बेरोजगारी भत्ता का वेबपोर्टल और सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 एप्प भी हुआ लांच, राजीव गाँधी किसान, ग्रामीण मजदूर तथा गोधन न्याय योजना के राशि का भी किया अंतरण

पायनियर संवाददाता ∢ कोरबा
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से कोरबा जिले के 10 महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का उद्घाटन किया। मुंगेली जिले के सरगांव में भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री बघेल ने रीपा के कार्यों का लोकार्पण और राजीव गाँधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गाँधी ग्रामीण मजदूर न्याय योजना की राशि का हितग्राहियों के खाते में ऑनलाइन अंतरण किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ बेरोजगारी भत्ता के वेबपोर्टल और छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 एप्लीकेशन लांच कर इसकी भी शुरुआत की। कोरबा जिले के विकासखण्ड पोड़ी-उपरोड़ा के ग्राम कापूबहरा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित लोगों ने अपने जिले में रीपा और अन्य योजनाओं से मिली सौगातों को पाकर खुशियां जाहिर की। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज यह सम्मेलन भरोसा का सम्मेलन है और यह भरोसा आज का नहीं है बल्कि पिछले 4 सालों का है। यह भरोसा विपरीत परिस्थितियों में भी कायम है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में योजनाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि धान का उत्पादन लगातार बढ़ रहा है, इसलिए हमने 15 से बढ़ाकर प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 9 हजार में से 5 हजार गौठान स्वावलंबी हो चुके हैं। इसलिए स्वावलंबी गौठान समिति के अध्यक्ष को साढ़े सात सौ और सदस्यों को 500 रुपये देने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने के लिए प्रदेश में 4 नए मेडिकल कॉलेज खोले जायेंगे। नगर पंचायत क्षेत्र के किसानों को भी लाभान्वित करने के लिए राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना की शुरुआत की गई। जैसे-जैसे गोधन न्याय योजना आगे बढ़ती जाएगी वैसे-वैसे ही हम जैविक राज्य की दिशा में आगे बढ़ते जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सम्पन्नता केवल किसानों में नहीं बढ़ी है बल्कि व्यापार, व्यवसाय, और उद्योग भी बढ़े हैं। हमारा प्रयास सभी को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि रीपा की शुरुआत होने से प्रदेश के युवाओं महिलाओं को रोजगार मिलेगा। रीपा के माध्यम से परंपरागत उद्योगों का लाभ प्रदेश के युवाओं को मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों के तर्ज पर ग्रामीण युवाओं में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए सड़क, बिजली, पानी एवं भूमि उपलब्ध कराई जा रही है। आज रीपा और गौठान के माध्यम से गोबर उत्पाद से लेकर गोबर पेंट बनाने का कार्य किया जा रहा है। जो बाजार से सस्ता और पर्यावरण के अनुकूल है। सम्मेलन में विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों से 20 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा मुख्यमंत्री ने की है। भूपेश है तो भरोसा है, ये केवल किसानों का नारा नहीं है बल्कि सामूहिक रूप से छत्तीसगढ़ के पूरी जनता का नारा है। छत्तीसगढ़ को जैविक राज्य बनाना है। रासायनिक खादों के प्रयोग से कई प्रकार की बीमारियां पैदा हो रही हैं इसलिए जैविक खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। पंचायत ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री रवींद्र चौबे अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हमारी सरकार ने पिछले चार साल में 1.5 लाख करोड़ से ज्यादा की राशि किसानों को दी गई है। देश में सबसे ज्यादा मूल्य पर धान की खरीदी हो रही है। इस साल से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी की जाएगी।

# करेंट के चपेट में आने से पत्रकार की मौत




**शिवरीनारायण।** नवागढ़ ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पोड़ी की वरिष्ठ पत्रकार एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संघ नवागढ़ के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के जिला मीडिया प्रभारी एवं साइंस वाणी न्यूज के सहसंपादक रामलल्ला मनहर का आज घर में ही सुबह लगभग 6 बजे आफिस के लिए नए घर बनाएं था उसमें पानी की तराई करते समय 11 हजार के वी करेंट के सम्पर्क में आ गया जिससे करेंट लगने से झुलस गया उसके बाद रामल्ला मनहर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया इसके बाद पीएम करने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया जिससे ग्राम पंचायत पोड़ी में शोक का माहौल छाया हुआ है।

छत्तीसगढ़ शासन

# छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन

"देश में पहली बार छत्तीसगढ़ में कोदो, कुटकी और रागी का समर्थन मूल्य घोषित किया गया इससे हमारे किसानों का उत्साह बढ़ा"

सेहत के मोती (कोदो, कुटकी, रागी)



**मिलेट्स फसलों की प्रदेश में जोर-शोर से की जा रही खरीदी**

**35 हजार क्विंटल** कोदो, कुटकी और रागी की अब तक खरीदी

**10.70 करोड़ रुपये** किसानों को किया जा चुका है भुगतान



श्री भूपेश बघेल

माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

samvad-35049/4

## मिलेट्स के गुण, पहचान रहा पूरा संसार कोदो, कुटकी और रागी से भरी थाली है उत्तम आहार

**छत्तीसगढ़ सरकार - भरोसे की सरकार**

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403